जबलपुर, गुरुवार 29 जनवरी 2026

एनसीपी नेता और महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार का चार्टर्ड विमान क्रैश, हादसे में पवार के सुरक्षाकर्मी, दो पायलट और एक महिला क्रू मेंबर समेत 5 लोगों की जान गई


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




पीएम नरेंद्र मोदी ने दुख जताया-गरीबों-वंचितों को सशक्त बनाने का उनका जुनून उल्लेखनीय था

अजित पवार

जन्म 22 जुलाई 1959 मृत्यु 28 जनवरी 2026

विमान क्रैश होते ही आग का गोला बना






# मौत का वो एक मिनट...पहले रनवे नहीं दिखा, विमान ऊंचाई पर चला गया.. बाद में रनवे दिखा लेकिन 5 जिंदगियां ओझल हो गईं

एजेंसी ▶▶ बारामती

बुधवार सुबह ही महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार का निधन हो गया है। बुधवार सुबह 8.45 बजे बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान उनका चार्टर्ड प्लेन क्रैश हो गया। वे 66 साल के थे। हादसे में पवार के सुरक्षाकर्मी, दो पायलट और एक महिला क्रू मेंबर समेत 5 लोगों की जान गई। पवार महाराष्ट्र पंचायत चुनाव के लिए जनसभा को संबोधित करने बारामती जा रहे थे। वे मुंबई से सुबह 8.10 बजे रवाना हुए थे। महाराष्ट्र एविएशन डिपार्टमेंट के मुताबिक पायलट ने सुबह 8.45 बजे बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग की कोशिश की थी, लेकिन रनवे साफ दिखाई नहीं दिया तो वह विमान को दोबारा ऊंचाई पर ले गया। अधिकारियों के अनुसार यह एक क्रैश लैंडिंग थी, जिसमें विमान को गंभीर क्षति पहुंची।

*सुबह 8 बजकर 43 मिनट पर विमान को रनवे 11 पर उतरने की मंजूरी दे दी गई। पायलट ने लैंडिंग की मंजूरी मिलने की कोई सूचना वापस नहीं दी। ठीक एक मिनट बाद 8 बजकर 44 मिनट पर हवाई अड्डे के कर्मचारियों ने रनवे 11 के पास आग की लपटें देखीं। विमान का मलबा रनवे के बाईं ओर पाया गया। विमान पूरी तरह फिट था और उसमें कोई तकनीकी खराबी नहीं थी*



डिप्टी सीएम की आखिरी फोटो



सीएम फडणवीस एवं एकनाथ शिंदे ने परिवार को सांत्वना दी

- *पवार महाराष्ट्र पंचायत चुनाव के लिए जनसभा को संबोधित करने बारामती जा रहे थे*
- *शुरुआती जांच में हादसे की वजह खराब मौसम और कम विजिबिलिटी को बताया जा रहा*
- *आज सुबह 11 बजे पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया जाएगा*
- *महाराष्ट्र में तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा*

### बारामती विमान हादसे में इन लोगों ने गंवाई जान?

#### अजित पवार (उप मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र)

वह पहली बार 1991 में बारामती संसदीय क्षेत्र से लोकसभा के लिए चुने गए और बाद में उन्होंने अपने चाचा शरद पवार के लिए यह सीट खाली कर दी। वे बारामती विधानसभा क्षेत्र से सात बार महाराष्ट्र विधानसभा के लिए चुने गए।

#### कैप्टन शांभवी पाठक (सह-पायलट)



शांभवी पाठक ने ग्वालियर के एयरफोर्स स्कूल से पढ़ाई की और वहीं से उड़ान भरने का सपना देखा। इसके बाद उन्होंने मुंबई यूनिवर्सिटी से एयरोनॉटिक्स और एविएशन की पढ़ाई की।



#### पिंकी माली (फ्लाइट अटेंडेंट)

फ्लाइट अटेंडेंट पिंकी माली मूल रूप से जौनपुर जिले के केराकत तहसील की रहने वाली थीं। पिंकी माली पिछले पांच-छह वर्षों से फ्लाइट अटेंडेंट के तौर पर काम कर रही थीं।


inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## चांदी ने तोड़ा रिकॉर्ड, 4 लाख रुपए पहुंचा भाव

**नई दिल्ली।** चांदी के दाम ने नया रिकॉर्ड बना लिया है। बुधवार को चांदी का भाव 4 लाख रुपए प्रति किलो के स्तर तक पहुंच गया है। बीते कुछ दिनों से चांदी की कीमतों में लगातार उछाल देखा जा रहा है। शादी-विवाह के सीजन के शुरू होने से पहले फिर चांदी की कीमत में तेजी है। चांदी के भाव में अलग-अलग शहर में अंतर है। थोड़ा उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। बुधवार को चेन्नई में 10 ग्राम चांदी का भाव 4000 रुपए रहा। वहीं, 100 ग्राम चांदी का भाव 40,000 रुपए और एक किलो चांदी का भाव 4 लाख रुपए है।



### उधर, जयपुर एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टला

## रनवे छूते ही वापस उड़ा एयर इंडिया का विमान... कांग्रेस प्रदेश प्रभारी थे सवार

*विमान में सवार यात्रियों ने राहत की सांस ली*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली से जयपुर आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-1719 की लैंडिंग अस्थिर अप्रोच के कारण फेल हो गई। पायलट ने गो-अराउंड किया। करीब 10 मिनट बाद सुरक्षित लैंडिंग हुई। विमान में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा सवार थे। दिल्ली से जयपुर पहुंची एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-1719 की लैंडिंग फेल होने से बुधवार दोपहर यात्रियों में दहशत फैल गई। दोपहर करीब 1:05 बजे विमान ने जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंडिंग का प्रयास किया, लेकिन रनवे को टच करते ही पायलट ने आखिरी क्षणों में फैसला बदलते हुए विमान को दोबारा हवा में उठा लिया। लैंडिंग के दौरान अस्थिर अप्रोच की स्थिति बन गई थी।




फाइल फोटो

#### पहले भी फेल हो चुकी है लैंडिंग

इस फ्लाइट में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा भी सवार थे। घटना के दौरान कुछ देर के लिए यात्रियों में चिंता का माहौल रहा, हालांकि किसी तरह की अनहोनी नहीं हुई। यदि पायलट को किसी भी स्तर पर लैंडिंग सुरक्षित नहीं लगती।

सीजेआई बोले- हमें पता है क्या हो रहा ?

## यूजीसी के नए रेगुलेशन के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

*याचिका में कहा गया कि इस रेगुलेशन में जाति आधारित भेदभाव की परिभाषा गैर-समावेशी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) के एक रेगुलेशन का विवाद सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है। अब सुप्रीम कोर्ट में इसकी सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति दे दी, जिसमें यूजीसी के रेगुलेशन को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि इस रेगुलेशन में जाति-आधारित भेदभाव की परिभाषा गैर-समावेशी है और यह कुछ खास कैटेगरी को संस्थागत सुरक्षा से बाहर रखता है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने एक वकील की दलीलें सुनीं, जिन्होंने याचिका पर तुरंत सुनवाई की मांग की थी।




### नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का विवादित बयान

कहा- रामायण में उल्लेख: शबरी भील समाज से थीं

## हनुमान, बाली व सुग्रीव गोंड-कोल-कोरकू आदिवासी, गोंड धर्म ग्रंथ का भी किया जिक्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि भगवान श्रीराम के वनवास काल में साथ देने वाली वानर सेना आदिवासी परंपरा से जुड़ी थी और यह बात केवल मान्यता नहीं बल्कि आदिवासी समाज के धार्मिक ग्रंथों में दर्ज ऐतिहासिक तथ्य है। सिंघार ने कहा कि वे हमेशा प्रमाण, इतिहास और तथ्यों के आधार पर अपनी बात रखते हैं, न कि अंधविश्वास या राजनीतिक सुविधा के अनुसार। उन्होंने गोंड धर्म के ग्रंथ सद्विचार के पृष्ठ संख्या 10 का हवाला देते हुए बताया कि उसमें स्पष्ट उल्लेख है कि बाली, सुग्रीव, अंगद और महावीर हनुमान जैसे वानर वीर गोंड, कोल और कोरकू समाज से जुड़े धर्म योद्धा थे।



#### भाजपा को दी चुनौती

नेता प्रतिपक्ष ने भाजपा नेताओं को चुनौती देते हुए कहा कि यदि वे ईमानदारी से इतिहास और धर्मग्रंथों के पन्ने पलटें, तो इन तथ्यों को झूठ कहने का साहस नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा यह मानने को तैयार नहीं है कि हनुमान जी सहित वानर सेना आदिवासी परंपरा से जुड़ी थी, तो उन्हें गोंड समाज से उनके धर्मग्रंथों के बारे में पूछना चाहिए।

*मानव की उत्पति वानर वंश से हुई*

*सिंघार ने विज्ञान का हवाला देते हुए कहा कि मानव विकास की प्रक्रिया भी इस सांस्कृतिक सत्य की पुष्टि करती है। होमोसेपियंस शब्द यह संकेत देता है कि मानव की उत्पति वानर वंश से जुड़ी विकासात्मक प्रक्रिया से संबंधित है, जो कोई राजनीतिक बयान नहीं बल्कि वैज्ञानिक निष्कर्ष है।*




मामला हिसार के जाट परिवार के कृष्ण से जुड़ा

# एग्जाम से पहले बौद्ध धर्म अपनाया और प्रमाण पत्र भी ले लिया, यह तो फ्रॉड है

## सीजेआई की बेंच ने नीट के लिए धर्मांतरण पर लगाई क्लास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को हरियाणा के हिसार के एक परिवार के इस दावे पर सवाल उठाया कि उन्होंने अल्पसंख्यक आरक्षण का लाभ लेने के लिए परीक्षाओं से ठीक पहले बौद्ध धर्म अपना लिया था और हरियाणा सरकार से अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र जारी करने के बारे में स्पष्टीकरण मांगा। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने इस की कड़ी आलोचना की



और परिवार की मंशा पर संदेह जताया। सीजेआई ने इसे एक नए तरीके का फ्रॉड बताया। यह मामला जाट परिवार के कृष्ण पुनिया के बच्चों नितिन पूनिया और एकता द्वारा दायर याचिका से जुड़ा है, जो सामान्य श्रेणी में आते हैं। लेकिन प्रवेश के लिए बैद्ध धर्म का प्रमाणपत्र

मद्रास हाईकोर्ट के जज के खिलाफ बयानबाजी

### स्टालिन सरकार से मांगा 2 फरवरी के पहले जवाब

धार्मिक परंपरा, कानून और न्यायपालिका की मर्यादा से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के जज जस्टिस जी आर स्वामीनाथन के खिलाफ कथित अपमानजनक बयानों और प्रदर्शनों को लेकर तमिलनाडु सरकार से 2 फरवरी तक जवाब मांगा है।

झारखंड के डेटा पर भड़का सुप्रीम कोर्ट

### 1.6 लाख कुत्तों की नसबंदी सिर्फ 2 महीने में कैसे?

सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के मामले पर साफ कहा कि राज्य सरकारें सिर्फ हवा में बातें कर रही हैं। धरातल पर कोई ठोस काम नहीं दिख रहा है। कोर्ट का रुख राज्यों के प्रति बहुत सख्त नजर आया है। झारखंड के आंकड़ों ने तो कोर्ट को गुस्से से भर दिया। झारखंड सरकार ने दावा किया कि उन्होंने 1.89 लाख कुत्तों की नसबंदी की है।

## बीटिंग रिट्रीट का दृश्य




**नई दिल्ली।** हर साल जब 26 जनवरी की परेड खत्म होने के बाद लोगों को लगता है कि गणतंत्र दिवस का जश्न पूरा हो गया। लेकिन, असल में इस उत्सव का आधिकारिक समापन बीटिंग रिट्रीट के साथ होता है। 29 जनवरी को होने वाले बीटिंग रिट्रीट समारोह की रिहर्सल विजय चौक पर की जा रही है। इसके कारण दिल्ली में कई मार्ग बंद रहेंगे।

### बरेली से बाहर गए निलंबित अफसर अग्निहोत्री

**बरेली।** यहां निलंबित पीसीएस अफसर अलंकार अग्निहोत्री को बुधवार दोपहर 2:18 बजे निजी वाहन से बरेली से बाहर ले जाया



गया है। इस दौरान उनके समर्थकों में जबर्दस्त आक्रोश देखने को मिला। समर्थकों ने अलंकार अग्निहोत्री को बरेली से बाहर न जाने देने के लिए रोकने का भरकस प्रयास किया। लेकिन पुलिस और प्रशासन ने बाहर भेज दिया।

रोबोट करेंगे गाड़ियों के धुएं की जांच

## 'पीयूसी' में खत्म होगा फर्जीवाड़ा सेंसर और रोबोटिक्स करेंगे जांच

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार प्रदूषण जांच (पीयूसी) की पूरी व्यवस्था को बदलने की तैयारी कर रही है। अब सड़क किनारे बने छोटे बूथों की जगह बड़े और सेंट्रलाइज्ड सेंटर ले सकते हैं। सरकार 'पीयूसी 2.0' मॉडल पर काम कर रही है, जहां इंसानों की जगह टेक्नोलॉजी फैसले लेगी। सरकार का मकसद जांच में इंसानी दखल को कम से कम करना है। इसके लिए रोबोटिक्स और सेंसर आधारित तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा, जो रियल टाइम में गाड़ियों से निकलने वाले धुएं की जांच करेंगे। अधिकारियों का कहना है कि कमर्शियल वाहनों के लिए ऐसी व्यवस्था पहले से है।

### कैग की रिपोर्ट ने खोली थी पोल

इस बदलाव की बड़ी वजह पिछले साल आई कैग की रिपोर्ट है, जिसने मौजूदा सिस्टम की धज्जियां उड़ा दी थीं। रिपोर्ट में खुलासा हुआ था कि लाखों डीजल गाड़ियों की जांच में उत्सर्जन की वैल्यू ही दर्ज नहीं थी। हद तो तब हो गई जब 76,000 से ज्यादा मामलों में 1 मिनट के अंदर सर्टिफिकेट जारी कर दिए गए।

नबीन ने रोजगार भ्रष्टाचार मुद्दे पर कहा

## पहले नौकरी के लिए बंगाल आते थे लोग अब दूसरे राज्य जा रहे युवा

एजेंसी ▶▶ दुर्गापुर

दुर्गापुर में एक बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि बंगाल कारोबार का कब्रगाह बन चुका है। ममता बेनर्जी ने लोगों से वादा किया था कि बंगाल में उनकी सरकार बनने पर युवाओं को रोजगार मिलेगा। ममता ने बंगाल में उद्योग स्थापित करने का सपना दिखाया था, लेकिन वह साकार नहीं हुआ. जिस सिंगूर के लोगों ने उन्हें सत्ता तक पहुंचाया, जहां आंदोलन हुआ। अब वहां के लोग दुखी हैं, क्योंकि वहां कुछ भी विकसित नहीं हुआ है।ममता पर हमला करने हुए नितिन नबीन ने कहा कि मैं आपको बता दूं, बंगाल की जनता ने आपके द्वारा पैदा की गई अराजकता से तंग आ चुकी है। जनता अब आपके खिलाफ आवाज उठाना शुरू कर दिया है। अब वह दिन दूर नहीं, जब आप सत्ता से बाहर होंगी।

### विकास के साथ खड़ी भाजपा

दुर्गापुर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जब मैं इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था, तब दुर्गापुर के औद्योगिक क्षेत्र में नौकरी की तलाश में अलग-अलग जगहों से युवा आते थे। अब इस शहर के युवा नौकरी की तलाश में दूसरे राज्यों में जा रहे हैं। नितिन नबीन ने कहा कि ममता बेनर्जी की सरकार सत्ता में केवल युवाओं को उद्योग स्थापित करने का सपना दिखाया, उसे साकार करने का कोई प्रयास नहीं हुआ।

प्रधानमंत्री ने मित्र देशों से आए कैडेट्स और अधिकारियों का अभिनंदन किया

## महिला कैडेट्स की संख्या उत्साहवर्धक, यह युवा शक्ति को बना रहा आत्मविश्वासी और समर्पित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली के करियप्पा परेड ग्राउंड में वार्षिक एनसीसी पीएम रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एनसीसी एक ऐसा आंदोलन है जो भारत के युवाओं को आत्मविश्वासी, अनुशासित और राष्ट्र के प्रति समर्पित संवेदनशील नागरिक बनाता है। मैं यहां मौजूद सभी कैडेट्स और मित्र देशों से आए कैडेट्स और अधिकारियों का अभिनंदन करता हूं। इस बार भी यहां बहुत बड़ी संख्या में गर्ल्स कैडेट्स आई हैं। मैं उनका विशेष रूप से अभिनंदन करता हूं। यह एक ऐसा आंदोलन है, जो भारत की युवा शक्ति को आत्मविश्वासी बनाता है। अनुशासित बनाता है। संवेदनशील बनाता है और राष्ट्र के लिए समर्पित बनाता है। बीते वर्षों में कैडेट्स की संख्या 14 लाख से बढ़कर 20 लाख हो चुकी है। भावी नीतियों और युवाओं से किए गए आह्वान को रेखांकित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मैंने लाल किले से कहा था- यही समय है,



सही समय है। हमारे देश के युवाओं के लिए आज का ये समय सबसे ज्यादा अवसरों का समय है। सरकार का प्रयास है कि इस कालखंड का अधिक से अधिक लाभ हमारे युवाओं को मिले।

### देश रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार

पीएम मोदी ने कहा कि आज देश जिस रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार है, वो युवा-शक्ति के सामने हर रुकावट को दूर कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश के सामने बढ़ते ये अवसर, एनसीसी से जुडे.आप सभी युवाओं में ये संस्कार, ये अनुशासन... आपके लिए तो जैसे ये सोने पर सुहागा है। आपने यहां ऑपरेशन सिंदूर पर शानदार झांकी निकाली है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत के सामर्थ्य को, हमारी सेना के शौर्य को एक बार फिर से स्थापित किया है। सेना की कार्रवाई ने हमें ये दिखाया कि हमारे स्वदेशी हथियार कितने एडवांस और हाइटेक हैं। आज कल के आधुनिक युग में युवा कौशल की भूमिका काफी बढ़ गई है।

120 साल पुराने मंदिर विवाद में सुलह की पहल

## अदालत ने कौल को बनाया मध्यस्थ, समाधान की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

### तमिलनाडु के कांचीपुरम में पूजा-पद्धति को लेकर विवाद

तमिलनाडु के कांचीपुरम स्थित ऐतिहासिक श्री देवराजस्वामी मंदिर में पूजा-पद्धति को लेकर चल रहे 120 साल पुराने विवाद में अब सुलह की उम्मीद जगी है। सर्वोच्च अदालत ने दोनों पक्षों की सहमति से पूर्व न्यायाधीश संजय किशन कौल को मुख्य मध्यस्थ नियुक्त किया है। अदालत का उद्देश्य है कि लंबे समय से चल रहे इस धार्मिक विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान निकले और मंदिर में रोजमर्रा की पूजा शांति से हो सके।

शांति कायम हो



थेंगलाई और वडकलई समुदायों में तनातनी

यह विवाद श्रीवैष्णव समुदाय के दो संप्रदायों थेंगलाई और वडकलई के बीच मंदिर के गर्भगृह में मंत्रोच्चार और पूजा-अनुष्ठान को लेकर है। थेंगलाई संप्रदाय यहां अनुष्ठान करता रहा है। वडकलई पक्ष का कहना है कि उन्हें भी संप्रदाय के रूप में पूजा में भाग लेने से रोका जा रहा है।

**सीजेआई की पीठ ने मध्यस्थता का रास्ता चुना**

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जोयमाल्या बागची की पीठ ने दोनों पक्षों की सहमति दर्ज करते हुए मध्यस्थता का रास्ता चुना। पूर्व न्यायाधीश एसके कौल, जो मद्रास हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश भी रह चुके हैं, वे सुलझाने के लिए उपयुक्त हैं। उन्हें तमिल और संस्कृत के जानकार, मंदिर की परंपराओं से परिचित 2 अन्य व्यक्तियों को जोड़ने की छूट है।




4 राजनीति के अनुभवी स्तंभ थे अजित





जबलपुर मैट्रो

8 मप्र शासन ने लोगों को बेहतर ..







**अहम फैसला:** रिकॉर्डिंग का इस्तेमाल संविधान के आर्टिकल 21 में दिए गए निजता के अधिकार का उल्लंघन नहीं करता

# पति और पत्नी के बीच चुपके से कॉल रिकॉर्डिंग 'तलाक' मामले में होगी मान्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने पति-पत्नी के बीच तलाक को लेकर एक अहम टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने साफ किया है कि दंपती के बीच फोन कॉल की चुपके से की गई रिकॉर्डिंग तलाक के मामले में मान्य होगी। शीर्ष अदालत ने इस संबंध में पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के फैसले को पलट दिया।

कोर्ट ने तय किया कि ऐसी



पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के फैसले को पलट दिया

## ये था मामला?

अपील करने वाले पति और प्रतिवादी पत्नी की शादी फरवरी 2009 में हुई थी। इनकी बेटी का जन्म मई 2011 में हुआ था। शादीशुदा लाइफ में बढ़ती अनबन के कारण, पति ने 2017 में, हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13 के तहत तलाक लेने के लिए बठिंडा की फैमिली कोर्ट में अर्जी दी। ट्रायल के दौरान, पति ने अपने और अपनी पत्नी के बीच टेलीफोन पर हुई बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग को रिकॉर्ड पर लाने की कोशिश की।

## सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा?

### एक टूटे हुए रिश्ते की निशानी

दोनों पक्षों को सुनने के बाद, सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट द्वारा दिए गए तर्क को खारिज कर दिया। जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा वाली बेंच का मानना था कि वैवाहिक बातचीत पर कानूनी ढांचे को नजरअंदाज किया गया, क्योंकि हाई कोर्ट ने निजता के अधिकार पर अधिक ध्यान दिया। अगर शादी ऐसे मोड़ पर पहुंच गई है।

रिकॉर्डिंग डिवोर्स कोर्ट में पेश की जा सकती हैं। साथ ही, उनका इस्तेमाल संविधान के आर्टिकल 21 में दिए गए निजता के अधिकार का उल्लंघन नहीं करता है। यह फैसला विभोर गर्ग बनाम नेहा मामले में जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने दिया था। कोर्ट के सामने दो ऐसी वैल्यूज के बीच टकराव था जो एक-दूसरे से मुकाबला कर रही थीं। इनमें शादी में प्राइवेसी का अधिकार, और निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार शामिल था। खासकर ऐसे मामलों में जहां क्रूरता के आरोप तब सामने आते हैं।

# 36 डिप्टी कलेक्टरों को पहली 'पोस्टिंग'

*भोपाल। राज्य सरकार ने वर्ष 2023 तथा 2024 में चयनित राज्य प्रशासनिक सेवा (एसएएस) के 36 अधिकारियों को नई पोस्टिंग का आदेश जारी कर दिया। इन सभी का चयन लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित राज्य सेवा परीक्षा 2023 और 2024 में आयोजित संयुक्त प्रतिस्पर्धा परीक्षा परिणाम के आधार पर किया गया है। इसमें वर्ष 2023 में 24 तथा 2024 में 12 अभ्यर्थियों का चयन डिप्टी कलेक्टर के पद पर किया गया है। यह सभी अधिकारी मप्र के विभिन्न जिलों से हैं।*

## खबर संक्षेप

### इंदौर में दूषित पानी से 30वीं मौत, 3 मरीज आईसीयू में



**इंदौर।** इंदौर में दूषित पानी से बुधवार को 30वीं मौत हो गई। भागीरथपुरा में रहने वाले 62 वर्षीय लक्ष्मी रजक को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। भर्ती के दौरान उनकी किडनी भी खराब होने की जानकारी मिली।

### बंदूक दुकान में ब्लास्ट एक की मौत, 3 गंभीर



**रतलाम।** चांदनीचौक में बंदूक दुकान में हुए धमाके में घायल दुकानदार यूसुफ अली (58) की मौत हो गई। प्राथमिक इलाज के बाद यूसुफ अली को इंदौर रेफर किया गया था। मंगलवार देर रात उन्होंने दम तोड़ दिया। तीन लोग अभी भी गंभीर बताए जा रहे हैं। इलाज के दौरान इन्हें हार्ट अटैक आया। बता दें, 26 जनवरी बंदूक की दुकान में धमाका हुआ था। धमाके की आवाज सुन दुकान में मौजूद लोग अपनी जान बचाकर भागे।

### मुंह में भरा पेट्रोल...चेहरे पर छिड़क कर आग लगा दी



**कटनी।** कटनी में एक युवक ने 50 साल की महिला के चेहरे पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना मंगलवार रात करीब 1 बजे की है। बड़वारा थाना पुलिस के मुताबिक, घटना मझगवां छघरा गांव की है। यहां 50 वर्षीय संतरा बाई अपने घर पर थी, तभी मोहल्ले का भोला कोल वहां पहुंचा। जमीन विवाद को लेकर विवाद शुरू कर दिया।

## राजस्व मंत्री बोले-जितनी फसल का नुकसान होगा, उसी हिसाब से मिलेगा मुआवजा

# तेज बारिश-ओलावृष्टि से फसलें क्षतिग्रस्त, नुकसान का होगा सर्वे

**शत प्रतिशत** नुकसान पर 16 हजार रुपए फसल क्षतिपूर्ति देने का दिया आश्वासन



करण सिंह वर्मा, राजस्व मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के करीब 30 जिलों में बारिश से मौसम ने करवट ले ली। कुछ जिलों में तेज बारिश व ओलावृष्टि से हजारों एकड़ फसलें क्षतिग्रस्त हो गई। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने प्रदेश भर के कलेक्टर और तहसीलदारों को निर्देश दिए हैं कि वे तत्काल क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे शुरू करें, ताकि किसानों को फसल क्षतिपूर्ति दी जा सके।

फसलों की क्षतिपूर्ति आरबीसी-6 के तहत घोषित दर पर की जाएगी। हालांकि, मंत्री वर्मा ने कहा कि शत प्रतिशत फसल क्षति होने पर 16 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर की दर से मुआवजा दिया जाएगा।

**जिन किसानों की 25 प्रतिशत फसल बर्बाद हुई है, उन्हें साढ़े नौ हजार रुपए का मुआवजा मिल सकेगा**



विदिशा में फसल का दृश्य

### ओलावृष्टि से फसल बर्बाद, उज्जैन में किसान ने दी जान

*उज्जैन जिले के तराना में मंगलवार को हुई ओलावृष्टि व वर्षा से फसल बर्बाद होने से परेशान एक किसान ने आत्महत्या कर ली। बुधवार सुबह उसका शव खेत में फंदे पर लटका मिला। अप्रैल में मृतक की बहन की शादी थी। मरने से पहले उसने फोन पर समधी से कहा कि बयाना दे चुका हूं, अब कैसे शादी होगी। आत्मघाती कदम उठाने से पहले उसने अपने वॉट्सएप पर स्टेटस में 'तड़प-तड़प के इस दिल से आह निकलती रही'।*

### मुख्यमंत्री 1.17 लाख किसानों के खातों में अंतरित करेंगे 200 करोड़ रुपए की भावांतर राशि

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को मंदसौर जिले के मल्हारगढ़ में आयोजित सोयाबीन भावांतर राशि भुगतान के कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री कार्यक्रम में चौथी किस्त के रूप में प्रदेश के एक लाख 17 हजार किसानों को लगभग 200 करोड़ की भावांतर राशि का भुगतान करेंगे। यह राशि उन किसानों को भुगतान की जाएगी।

### मुख्यमंत्री ने दिए सभी जिला प्रशासन को निर्देश

#### असमय वर्षा से फसलों को हुई क्षति का किया जाए आंकलन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने असमय वर्षा के कारण फसलों को हुई क्षति का आंकलन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के साथ खड़ी है। प्रदेश के हर जिले में प्रशासन असमय वर्षा, मावठे के प्रति सतर्क रहे। जिला प्रशासन किसानों को असमय वर्षा से होने वाली क्षति से बचाने का प्रयास करे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि प्रदेश में मौसम की विपरीत परिस्थितियों और असमय वर्षा की स्थिति में राज्य किसान भाइयों के साथ खड़ी है। प्रदेश में मावठा से फसलों को हुए नुकसान के सर्वे के लिए जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं। किसानों की समस्याओं का हल करने प्रशासन को अलर्ट किया गया है।

## माघ मेला छोड़ते हुए भावुक हुए शंकराचार्य

# कहा-बिना संगम स्नान लौटना सबसे 'बड़ा' दुख

**यह फैसला 11 दिन के बाद लिया गया**



एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने बिना संगम स्नान ही माघ मेला छोड़ दिया है। बुधवार सुबह माघ मेला से निकलने से पहले वह भावुक भी नजर आए। कहा कि अभी तक जितने भी दुख मिले, उन सभी दुखों से बिना स्नान माघ मेला छोड़ने का दुख सबसे बड़ा हो गया है। इस दुख की भरपाई पता नहीं कब होगी। शंकराचार्य ने यह भी कहा कि माघ मेला छोड़ने का फैसला अचानक नहीं लिया है।

## साल 2020 में सोशल मीडिया से हुई थी पहचान

# युवक कांग्रेस नेता ने युवती को गोवा ले जाकर बनाए शारीरिक संबंध, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

जबलपुर में युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव पर रेप का आरोप लगा है। शहर के आधारताल की रहने वाली युवती ने पुलिस में युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव ऋषभ मिश्रा के खिलाफ शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाने के आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने शादीशुदा होने की बात छिपाई और शादी का वादा कर उसके साथ कई बार संबंध बनाए।



■ आरोपी ने शादीशुदा होने की बात छिपाई

जब उसने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने खुद के शादीशुदा होने की बात कहते हुए शादी करने से इंकार कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने बताया है कि युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव ऋषभ मिश्रा से उसकी पहचान साल 2020 में सोशल मीडिया पर हुई थी।

## फूड प्वॉइजनिंग की आशंका

# उमरिया के जरहा स्कूल में 41 बच्चों की बिगड़ी तबीयत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरिया

उमरिया के करकेली विकासखंड स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल के जरहा में बुधवार को लगभग 41 बच्चों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें बुखार, उल्टी और दस्त की शिकायत हुई। स्कूल प्रबंधन ने तत्काल स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी, जिसके बाद शिक्षा विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। 35 बच्चों को समुदायिक स्वास्थ केंद्र में भर्ती कराया गया है, जबकि 6 बच्चों को इलाज के लिए उमरिया जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बीमारी के कारणों का पता लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम ऐहतियातन गांव में भी जांच कर रही है। करकेली विकासखंड के विकासखंड स्त्रोत समन्वयक विनीत चतुर्वेदी ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है।



■ 6 बच्चे जिला अस्पताल रेफर किए गए

## राजधानी में प्रदेश स्तरीय शैक्षिक गुणवत्ता शिक्षक सम्मेलन

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'अपनी शिक्षिका' का सम्मान कर पैर छुए, लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को ओर अधिक मजबूत करने तथा शिक्षकों के योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से बुधवार को सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में प्रदेश स्तरीय शैक्षिक गुणवत्ता शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी शिक्षिका कोकिला सिंह पाल का सम्मान कर गुरु-शिष्य परंपरा की मिसाल पेश की।



अपनी शिक्षिका को सम्मान देते हुए

## पुलिस की स्पेशल टीम ने 48 घंटे में पकड़ा

# चाचा ने किया था 7 साल की बच्ची से रेप चिल्लाई तो नहर में फेंककर हत्या कर दी

**पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में बच्ची के शरीर पर रेप और गंभीर चोटों के निशान**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वानी

बड़वानी में 7 साल की बच्ची का रेप और हत्या करने के मामले में पुलिस ने उसके सौतेले चाचा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर तकनीकी और वैज्ञानिक सबूतों के आधार पर आरोपी को हिरासत में लिया गया था। पूछताछ में वह टूट गया और अपराध कबूल कर लिया। फिलहाल, पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। दरअसल, सोमवार को राजपुर थाना इलाके के मुंडला गांव की इंदिरा सागर नहर से बच्ची का शव मिला था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में बच्ची के शरीर पर रेप और गंभीर चोटों के निशान मिले।

## पीड़ित परिवार डकैती बताता रहा, पुलिस ने मानी चोरी

# ग्वालियर की गोकुलधाम सोसाइटी में कांग्रेस नेता पाराशर के घर लूट

**20 तोला सोना राइफल ले गए बदमाश**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

यहां कांग्रेस नेता रामकुमार पाराशर के घर आधी रात को बदमाशों ने उत्पात मचाया है। बदमाशों ने कांग्रेस नेता और उसकी पत्नी को बंधक बनाकर अलमारी से 20 तोला सोना, 315 बोर की लाइसेंसी राइफल व अन्य सामान लूट ले गए। घटना सोमवार-मंगलवार रात 2:45 से 3:20 बजे के बीच गोकुलधाम सोसाइटी सिरोल की है। बदमाशों ने रामकुमार के बेटा-बहू को दूसरी मंजिल पर उनके कमरों में ही बाहर से कुंडी लगाकर बंद कर दिया था।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को किया संबोधित...वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करेंगी

**लोकसभा स्पीकर ने सदन में दी अजित पवार के निधन की सूचना कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित**

# बजट सत्र की शुरुआत... अपने अभिभाषण में राष्ट्रपति मुर्मू बोलीं- भारत पर दुनिया को भरोसा

*विपक्ष ने मनरेगा, लद्दाख और जम्मू-कश्मीर जैसे ज्वलंत मुद्दों पर सरकार को घेरने की रणनीति बनाई*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र की शुरुआत हो गई है। संसद सत्र की शुरुआत के मौके पर बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। मुर्मू ने संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए सरकार की उपलब्धियां बताईं और कहा कि पिछला साल भारत की तेज प्रगति और विरासत के उत्सव के रूप में यादगार रहा। मुर्मू ने विरासत से लेकर विकास का संदेश दिया। मुर्मू ने कहा कि भारत विश्व के समृद्धतम देशों में से एक है। मेरी सरकार उस विरासत को सहेजने-संवारने के लिए हर मोर्चे पर काम कर रही है। मैकाले ने हीन भावना भरने का काम किया था, मेरी सरकार ने उसे पहली छोड़ने का काम किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में सुधार हुआ है। दुनिया में भारत के विकास की गूंज है। सरकार ने भारत खेलो नीति बनाई। खेल संस्थानों को पारदर्शी बनाया गया। देश स्टार्टअप हब बना। सोमनाथ मंदिर पर हुए आक्रमण के बाद हजार वर्षों की यात्रा भारत की सामाजिक निष्ठा का प्रतीक है।



राष्ट्रपति मुर्मू

### बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक आज

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करेंगी। संसद की बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक गुरुवार यानी 29 जनवरी को होगी। जानकारी के मुताबिक बीएसी की बैठक दोपहर 12.30 से होगी। इस बैठक में संसद का एजेंडा तय किया जाना है। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद संसद की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित हो गई है।

### तेज हो जाता है विकसित भारत की ओर हमारा सफर

*राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि देश ने गुरु तेग बहादुर का 350वां शहीदी दिवस, बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाई. देश ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और आदिवासी समुदाय के प्रति उनके योगदान को याद किया। सरदार पटेल की 150वीं जयंती से संबंधित कार्यक्रमों ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को और मजबूत किया। पूरे देश ने देखा कि भारत रत्न भूपेन हजारिका की जयंती समारोह ने देश को संगीत और एकता की भावना से भर दिया। जब देश अपने पूर्वजों के योगदान को याद करता है।*

## चिंतन

# पवार हादसा और वीवीआईपी हवाई सुरक्षा पर उठते सवाल

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की विमान दुर्घटना में मृत्यु केवल एक व्यक्ति की असमय विदाई नहीं है, बल्कि यह उस व्यवस्था पर कठोर प्रश्नचिह्न है, जो वीवीआईपी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताती है पर व्यवहार में बार-बार असफल होती दिखाई देती है। बारामती में लैंडिंग के दौरान हुआ यह हादसा, जिसमें पवार सहित पांच लोगों की जान चली गई। देश के लिए एक गंभीर चेतावनी है कि तकनीक, नियम और निगरानी के बीच कहीं गंभीर चूक है, जो वीवीआईपी समेत आमजन पर भी भारी पड़ती है। प्रारंभिक तथ्यों के अनुसार, विमान ने लैंडिंग की पहली कोशिश असफल होने पर दोबारा उतरने का प्रयास किया। दूसरी कोशिश में विमान रनवे से पहले ही गिर पड़ा और आग लग गई। न आपात संकेत भेजा गया, न 'मेडे' कॉल। तकनीकी खराबी और लैंडिंग गियर की समस्या की आशंका जताई जा रही है। फिर भी, यह प्रश्न अभी से उठ खड़ा हुआ है कि क्या वीवीआईपी उड़ानों में जोखिम-प्रबंधन उतना सुदृढ़ है, जितना दावा किया जाता है। यह हादसा किसी एक क्षण की गलती का परिणाम हो सकता है पर इसके पीछे की पृष्ठभूमि लंबी है। छोटे हवाई अड्डों की सीमित संरचना, निजी चार्टर सेवाओं की निगरानी, मौसम और नेविगेशन सूचना की गुणवत्ता और सबसे अहम, निर्णय लेने की प्रक्रिया में दबावों की भूमिका। जब उड़ानें समय-सारिणी और राजनीतिक कार्यक्रमों से बंध जाती हैं तो क्या सुरक्षा के निर्णयों पर अनकहा दबाव बनता है? यह पहली बार नहीं है, जब भारत ने विमान हादसों में अपने नेतृत्व को खोया है। अजित पवार की दुर्घटना हमें उन पुराने जख्मों की याद दिलाती है, जो समय के साथ भी भरे नहीं हैं। संजय गांधी, माधवराव सिंधिया, जी.एम.सी. बालयोगी, वाई.एस. राजशेखर रेड्डी, सीडीएस बिपिन रावत, होमी जहांगीर भाभा, विजय रूपाणी और ओपी जिंदल व चौधरी सुरेंद्र सिंह जैसे नाम केवल व्यक्ति नहीं, संस्थागत क्षति के प्रतीक थे। हर बार शोक व्यक्त हुआ, जांच बैठी, रिपोर्टें आईं पर क्या व्यवस्थागत सुधार स्थायी रूप से लागू हुए? यदि होते, तो ऐसी घटनाएं बार-बार क्यों दोहरातीं? यह केवल तकनीकी मुद्दा नहीं, बल्कि प्रशासनिक इच्छाशक्ति, जवाबदेही और पारदर्शिता का प्रश्न है। लोकतंत्र में जनप्रतिनिधियों का जीवन निजी नहीं होता। उनका अस्तित्व शासन की निरंतरता, नीति-निर्माण और सार्वजनिक हित से जुड़ा होता है, इसलिए उनकी सुरक्षा को भावनात्मक सहानुभूति के बजाय संस्थागत जिम्मेदारी के रूप में देखना होगा। वीवीआईपी उड़ानों के लिए स्वतंत्र और नियमित सुरक्षा ऑडिट, पायलट के निर्णय की पूर्ण स्वायत्तता, आधुनिक नेविगेशन और लैंडिंग सहायता प्रणालियों की अनिवार्यता ये अब विकल्प नहीं, आवश्यक शर्तें हैं। विशेषकर छोटे हवाई अड्डों पर संरचनात्मक मानकों की समीक्षा जरूरी है। रनवे की दृश्यता, ग्राउंड-सपोर्ट सिस्टम, मौसम-डेटा की रियल-टाइम उपलब्धता और आपात प्रतिक्रिया की तैयारी इन सब पर समान रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए। निजी चार्टर कंपनियों पर भी वही सख्त नियम लागू होने चाहिए जो वाणिज्यिक उड़ानों पर होते हैं और उल्लंघन पर दंड केवल कागज़ी न रहकर वास्तविक और प्रभावी होना चाहिए। नागर विमानन मंत्रालय को एक व्यापक 'नेशनल वीवीआईपी एयर सेफ्टी पॉलिसी' लागू करनी चाहिए। सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि इस त्रासदी से व्यवस्था बदलें, ताकि भविष्य में कोई उड़ान, कोई जीवन और कोई जिम्मेदारी इस तरह अधर में न रहे।



नमन
नृपेन्द्र अभिषेक नृप

# राजनीति के अनुभवी स्तंभ थे अजित पवार

अजित पवार, जो दशकों से महाराष्ट्र की राजनीति के एक मजबूत स्तम्भ रहे हैं, विमान लैंडिंग हादसे का शिकार हो गए। उनकी पहचान केवल एक राजनेता के तौर पर नहीं थी, बल्कि वे एक ऐसे नेता थे जिन्हें जनता ने 'दादा' कहकर सम्मान दिया। इस संबोधन में एक भावनात्मक जुड़ाव झलकता था– एक ऐसा सम्मान जो वे वर्षों के जन-समर्थन, बातचीत और कार्यों के कारण अर्जित कर पाए थे। उनकी कार्यशैली तेज, निर्णायक और प्रभावशाली रही। वे हमेशा जनता के बीच संवाद बनाए रखने में विश्वास रखते थे। पवार का अचानक और अप्रत्याशित निधन न केवल एक नेता की मृत्यु है, बल्कि महाराष्ट्र राजनीति के एक अद्वितीय अध्याय का अंत भी है।

बुधवार की सुबह, जब महाराष्ट्र की राजनीति नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने वाली थी, एक ऐसी खबर ने सबको हैरान कर दिया जिसकी किसी ने भी कल्पना नहीं की थी। अजित पवार, जो दशकों से महाराष्ट्र की राजनीति के एक मजबूत स्तम्भ रहे हैं, अपने निजी विमान से बारामती की ओर जा रहे थे, तब उनका विमान लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पवार सहित सभी सवारों को मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया। प्रारंभिक अधिकारियों के अनुसार लैंडिंग की प्रक्रिया के दौरान विमान संतुलन खो बैठा और रनवे के पास ही जोरदार टक्कर के साथ क्रैश-लैंड हो गया, जिससे यह भयावह दृश्य बना।

यह दुर्घटना राज्य के लिए एक बड़ा सदमा है, जिसने राजनीतिक, प्रशासनिक और जनता के सामूहिक मन को झकझोर दिया है। अजित अनंतराव पवार का जन्म 22 जुलाई 1959 को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के देओलाली-प्रवरा में हुआ था। वह एक राजनीतिक परिवार से थे, जिनके चाचा शरद पवार भारतीय राजनीति के अग्रणी नेतृत्व रहे हैं। युवा अवस्था से ही उन्होंने राजनीति में रुचि विकसित की और समाज सेवा तथा संगठनवाद में सक्रिय भूमिका निभाई। उनका राजनीतिक सफ़र सहकारी आंदोलन से शुरू हुआ। 1982 से उन्होंने स्थानीय और ग्रामीण राजनीतिक कार्यों में भाग लिया और जल्दी ही अपने तेज़ संगठनात्मक कौशल के कारण लोकप्रिय हो गए। 1991 में उन्होंने बारामती विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा और जीत हासिल की, जिसके बाद वे महाराष्ट्र राजनीति के केंद्र में आ गए। उनकी राजनीतिक यात्रा केवल चुनाव जीतने तक सीमित नहीं थी। उन्होंने पुणे जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष के रूप में 16 वर्ष तक काम किया, जहां से उन्हें ग्रामीण और सहकारी क्षेत्रों में व्यापक समर्थन मिला। इससे उन्हें महाराष्ट्र की राजनीति के सबसे मजबूत नेताओं में से एक बनाया गया। वह बारामती निर्वाचन क्षेत्र से कई बार लगातार विधायक चुने गए और विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों जैसे कृषि, बागवानी, बिजली, जल संसाधन और वित्त एवं योजना मंत्रालयों का नेतृत्व किया। विशेष रूप से जल संसाधन विभाग में उन्होंने कृष्णा घाटी तथा कोकण सिंचाई जैसी परियोजनाओं पर काम किया, जिससे कृषि-आधारित समुदायों को व्यापक लाभ हुआ। अजित पवार ने महाराष्ट्र की राजनीति में एक अनूठा योगदान दिया। उन्होंने 2000 के दशक की शुरुआत से राज्य के शासन में कई महत्वपूर्ण पद संभाले और विविध सरकारों में अपना स्थान बनाए रखा। 2010 में उन्हें पहली बार उपमुख्यमंत्री का पद प्राप्त हुआ, लेकिन 2013 में सिंचाई घोटाले के आरोपों के कारण उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। हालांकि बाद में क्लीन चिट मिलने के बाद वे फिर से पद पर लौट आए, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि राजनीतिक चुनौतियों ने भी उनके सामर्थ्य को कम नहीं किया। आज वह महाराष्ट्र के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले उपमुख्यमंत्रियों में से एक माने जाते थे, और उनके प्रशासनिक कौशल तथा संगठन शक्ति की वजह से उन्हें विशेष सम्मान मिला। उनके योगदान ने कई योजनाओं और नीतियों को आकार दिया, जिससे राज्य के विकास की दिशा प्रभावित हुई।

राजनीति में किसी भी नेता का सफ़र विवादों से मुक्त नहीं रहता और पवार भी इससे अछूते नहीं थे।



2013 में दिया गया एक विवादित बयान जब आलोचना की भेंट चढ़ा, तब उन्हें माफी मांगनी पड़ी थी। इसके अलावा 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को धमकाने के आरोप भी लगे। समय-समय पर भ्रष्टाचार तथा पद दुरुपयोग के मुद्दों ने भी उनके राजनीतिक जीवन को जटिल बना दिया। लवासा लेक सिटी जैसी परियोजनाओं में कथित मदद के आरोपों ने भी उनके व्यवहार को लेकर सुर्खियां बनाई। इन विवादों के बावजूद उनका जन-समर्थन और राजनीतिक प्रभाव कम नहीं हुआ, बल्कि उनके प्रशंसकों का मानना रहा कि प्रशासनिक क्षमता तथा संगठनात्मक कौशल ने उनके विवादों को परास्त किया। उनकी राजनीतिक छवि अक्सर विरोधाभासी रही, जहां एक ओर आलोचक उन्हें कठोर राजनीतिक प्रक्रियाओं में शामिल मानते थे, वहीं समर्थक उन्हें एक कुशल, अनुभवी और लोक-सम्मानित नेता के रूप में देखते थे। इसी विरोधाभासी छवि ने उन्हें महाराष्ट्र राजनीति का एक मजबूत स्तम्भ बनाया। अजित पवार की पहचान केवल एक राजनेता के तौर पर नहीं थी, बल्कि वे एक ऐसे नेता थे जिन्हें जनता ने "दादा" कहकर सम्मान दिया। इस संबोधन में एक भावनात्मक जुड़ाव झलकता था- एक ऐसा सम्मान जो वे वर्षों के जन-समर्थन, बातचीत और कार्यों के कारण अर्जित कर पाए थे। उनकी कार्यशैली तेज़, निर्णायक और प्रभावशाली रही। वे हमेशा जनता के बीच संवाद बनाए रखने में विश्वास रखते थे। बारामती और उसके आसपास के क्षेत्रों में उन्होंने जल कृषि, आधारभूत संरचना, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में निवेश के माध्यम से उन समुदायों को सीधे रूप से लाभ पहुंचाया। उनके नेतृत्व में कई योजनाएं और बजट पर निर्णय महाराष्ट्र की आर्थिक दिशा में स्थिरता और विकास का आधार बने। उनका नाम कई बार राज्य के बजट तैयार करने वाले नेता के रूप में भी सामने आया, क्योंकि उन्होंने वित्तीय मामलों में गहरी समझ और विस्तृत बारीकी दिखाई। अजित पवार महाराष्ट्र के उन नेताओं में थे जिन्होंने राजनीतिक स्थिरता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जब-जब भी गठबंधन सरकारों के बीच सत्ता के समीकरण बदलते, पवार अपनी समझदार रणनीतियों के कारण राजनीतिक निर्णयों पर असर डालते रहे। उनकी राजनीतिक सूझ-बूझ ने अक्सर नीतिगत दिशा को प्रभावित किया, और कई बार गठबंधन निर्णय उनके प्रभाव के बिना सम्भव नहीं थे। यह अकेला कोई कार्य नहीं था, बल्कि एक ऐसी राजनीतिक कला थी, जिसमें उन्होंने संगठन शक्ति, कौशल और प्रशासनिक अनुभव को शासकीय निर्णयों के साथ जोड़कर एक संगठित राजनीति की मिसाल पेश की। कई विश्लेषक मानते हैं कि उनके अनुभव की वजह से शासन-प्रशासन में संतुलन बन रहा था और निर्णय लेने में उनकी भूमिका निर्णायक थी। आज पवार के अचानक निधन के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में एक विशाल खालीपन महसूस किया जा रहा है। एक ऐसा नेता जिसने न केवल राजनीतिक मशीनरी को समझा, बल्कि उसे दिशाहीन समयों में भी मजबूती से थामा, अब नहीं रहे। उनकी मौत से यह स्पष्ट होता है कि राजनीति केवल पदों और शक्ति का नाम नहीं है; यह एक जन-सम्बंध, प्रशासन क्षमता, दूरदर्शिता और संघर्ष का मिश्रण है। पवार ने इन सभी चरित्रों को अपने जीवन में बख़ूबी अपनाया और महाराष्ट्र की राजनीति के इतिहास में अपनी एक स्थायी पहचान बनाई। आज वे नहीं हैं, पर उनकी याद, चर्चा और उनके कार्यों का प्रभाव लंबे समय तक राजनीति के परिदृश्य पर देखा जाएगा। अजित पवार का अचानक और अप्रत्याशित निधन न केवल एक नेता की मृत्यु है, बल्कि महाराष्ट्र राजनीति के एक अद्वितीय अध्याय का अंत भी है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी




# विकास केंद्रित रणनीतिक बजट की उम्मीद

इन दिनों पूरे देश की निगाहें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा एक फरवरी को प्रस्तुत किए जाने वाले बजट की ओर लगी हुई है। सीतारमण का यह नौवां बजट होगा। उम्मीद की जा रही है कि इस बजट में जहां भारत के यूरोपीय संघ (ईयू) सहित विभिन्न देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए कारोबार और लॉजिस्टिक जैसे क्षेत्रों में साहसिक सुधारों की गति बढ़ाने की रणनीति होगी, वहीं 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के दृष्टिकोण से खपत और व्यय बढ़ाकर विकास दर बढ़ाने की भी विशेष रणनीति होगी। साथ ही गरीब, युवा, महिलाएं, किसान और मध्यम वर्ग के लिए राहत के प्रभावी प्रावधानों के साथ रक्षा, सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग (एमएसएमई), हरित ऊर्जा और आर्थिक सुधारों पर बड़े ऐलान दिखाए देंगे। वित्त मंत्री राहत और विकास के बीच संतुलन बनाते हुए राजकोषीय घाटे को वित्त वर्ष 2026-27 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 फीसदी के स्तर पर सीमित रखने और 7.5 फीसदी विकास दर पाने की रणनीति के साथ आगे बढ़ते हुए दिखाई देंगी। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि वित्त मंत्री सीतारमण के समक्ष वर्ष 2026-27 का बजट तैयार करते समय चुनौतियों की श्रृंखला सामने है। वर्ष 2026-27 में राज्यों के साथ संसाधनों के बंटवारे को लेकर सोलहवें वित्त आयोग की सिफारिशों को लागू किए जाने पर भी अर्थव्यवस्था पर प्रभाव होगा। इन चुनौतियों के बावजूद इस समय वित्त मंत्री की मुठ्ठियों में विभिन्न वर्गों को राहत देने और विकास की विभिन्न योजनाओं के लिए प्रभावी आवंटन हेतु कर संग्रहण संबंधी मजबूत परिदृश्य मौजूद हैं। चालू वित्त वर्ष के तहत 7.4 फीसदी विकास दर प्राप्ति के संकेत अच्छे आर्थिक परिदृश्य के प्रतीक हैं। चालू वित्त वर्ष में आयकर रिटर्न भरने वाले आयकरदाताओं की संख्या और आयकर की प्राप्ति में प्रभावी वृद्धि हुई है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से दिसंबर 2024 तक आयकर सहित प्रत्यक्ष कर संग्रहण 17 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है, जो कि पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 8 फीसदी से भी ज्यादा है। उम्मीद की जा रही है कि वित्त मंत्री आगामी वित्त वर्ष में पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर 12 से 12.5 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंचाते हुए दिखाई देंगी। नए बजट में महिलाओं के लिए विशेष क्रेडिट कार्ड, ऋण तथा बीमा प्लान की घोषणाएं हो सकती हैं।

नए बजट में वित्त मंत्री रोजगार, कृषि उत्पादकता बढ़ाने, ग्रामीण विकास, सिंचाई तथा वेयरहाउसिंग संबंधी प्रोत्साहन, पीएलआई योजना का दायरा बढ़ाने, रियल एस्टेट सेक्टर और आवास सेक्टर को प्रोत्साहन, डिजिटल क्रांति को आगे बढ़ाने, पीएम सूर्य मुफ्त बिजली योजना तथा स्वच्छ ऊर्जा के लिए अधिक आवंटन करते हुए दिखाई दे सकती हैं। प्रधानमंत्री कौशल मुद्रा योजना की शुरुआत संभावित है। ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ाने के लिए शिक्षण-प्रशिक्षण पर अधिक आवंटन संभावित है। सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में निवेश, रेलवे, शहरी बुनियादी ढांचे में सुधार और क्षमता संवर्धन के साथ दीर्घावधि वृद्धि को बनाए रखने, वैश्विक क्षमता निर्माण और एकीकरण के लिए विभिन्न क्षेत्रों में मिशन मोड के नए सुधार नए बजट के माध्यम से आगे बढ़ते हुए दिखाई दे सकेंगे। साथ ही आगामी बजट के माध्यम से वित्त मंत्री सीतारमण तेज विकास के लिए जरूरी और वित्तीय सुधारों को लागू करने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने, उद्योग जगत की लाजिस्टिक्स लागत घटाने, रोजगार सृजित करने वाले मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर पर फोकस करने संबंधी बुनियादी रणनीतियां प्रस्तुत करते हुए दिखाई देंगी। यह भी संभावना है कि आगामी बजट में वित्त मंत्री युवाओं के बीच रोजगार बढ़ाने, कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, डिजिटल कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों को रोजगार बाजार की उभरती जरूरतों के अनुरूप ढालने, निजी निवेश को प्रोत्साहित करने, वित्तीय समावेशन को बेहतर करने और विदेशी निवेश को आकर्षित करने संबंधी प्रभावी प्रावधानों से सजाते हुए दिखाई दे सकती हैं। वित्त मंत्री सीतारमण नए बजट में किसान क्रेडिट कार्ड के तहत उधार की सीमा बढ़ाने और खाद्य महंगाई पर काबू पाने के लिए आपूर्ति संबंधी नए कदमों के साथ आगे बढ़ती हुई दिखाई दे सकती हैं। वित्त मंत्री तेज रोजगारोन्मुखी निर्यात क्षेत्रों से निर्यात बढ़ाकर नए रोजगार अवसरों को निर्मित कर सकती हैं। उम्मीद करें कि नया बजट आम आदमी के लिए राहत, बाजार के लिए रफ्तार और विकसित भारत के लिए साहसिक सुधारों को आगे बढ़ाने वाला ऐतिहासिक बजट होगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# गलत सोच का चश्मा जल्दी उतार देना चाहिए



संकलित
**दर्शन**

जब सोच निषेधात्मक या गलत होती है, तब वह सुख को भी दुख में परिवर्तित कर देती है। गलत सोच का चश्मा जितनी जल्दी हो, उतार देना चाहिए। बुरे विचार जितना दूसरों का नुकसान करते हैं, उतना ही स्वयं का भी करते हैं। कारण अपनी ही सुरक्षा को लेकर डरा दिमाग ढंग से नहीं सोच पाता। हम स्वार्थी हो जाते हैं, केवल अपने बारे में ही सोचते हैं। कहा गया है कि आपके विचार वहां तक ले जाते हैं, जहां आप जाना चाहते हैं। पर कमजोर विचारों में दूर तक ले जाने की ताकत नहीं होती। हम जो हैं वह सब विचारों का फल है। जो हम सोचते हैं, वही बन जाते हैं। मनुष्य अपने कार्यों से दूसरों को नुकसान पहुंचाता है और अपने विचारों से स्वयं को। गलत सोच एवं अनैतिक कार्यों में लिप्त लोगों को धनवान और प्रतिष्ठित होते देख आदमी में नकारात्मक चिंतन जागता है। अपनी ईमानदारी उसे मूर्खतापूर्ण लगती है। वह पुनर्चिंतन करता है-क्या मिला मुझे आदर्शों पर चलकर? यह नकारात्मक चिंतन उसे भी गलत सोच के दलदल में उतार देता है। समाज में भ्रष्ट और बेईमान लोगों की उत्पत्ति इसी तरह के गलत विचारों के संक्रमण से हुई। इस तरह का गलत सोच हमारी दुनिया को छोटा कर देता है। भीतर और बाहरी दोनों ही दुनिया सिमट जाती हैं। तब हमारी छोटी-सी सफलता अहंकार बढ़ाने लगती है। थोड़ा-सा दुख अवसाद का कारण बन जाता है। कुल मिलाकर सोच ही गड़बड़ हो जाता है। अपने ही बोले हुए को सुनते रहना ज्यादा सीखने नहीं देता।

# तुलसीदास ने बताया श्रीराम के दर्शन का उपाय



संकलित
**प्रेरणा**

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक बार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहा- उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहाः आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान के दर्शन करवा सकते है। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहाः ठीक है यहाँ सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पडो। भगवान् के दर्शन हो जाएंगे। वह त्रिशूल गाडकर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई। एक घुडसवार उधर से जा रहा था, उसने पूछाः पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोलाः तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हे भगवान श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहा- क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोला- जी हां ! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूल पर कूद पड़ा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गए। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

## सटाका




## आज की पाती

### लाला लाजपतराय का प्रेरणादायक जीवन

भारत में बहुत से महापुरुष हुए। इन महापुरुषों ने भारत को ही नहीं, बल्कि दुनिया को अच्छे मार्ग पर ले जाने के लिए बहुत से काम किए और दुनिया के लिए प्रेरक बनें। इन्हीं में से एक थे लाला लाजपतराय। उनका जन्म 28 जनवरी, 1865 को पंजाब में हुआ था। वह लेखक, वकील, क्रांतिकारी और बहुत से अच्छे गुणों से परिपूर्ण थे। उनका देश की आजादी में भी महत्वपूर्ण योगदान था। उन्होंने साइमन कमीशन का विरोध वर्ष 1928 में किया था। इस विरोध के कारण उन पर लाठीचार्ज भी हुआ था। उन्हें पंजाब का शेर और पंजाब केसरी की उपाधि से नवाजा गया था। उन्होंने आर्य समाज के लिए भी काम किया था। उनकी जयंती पर राष्ट्र उन्हें नमन कर रहा है।

*– प्रतीक जैन, धमतरी*

## ट्रेंड

### महिला नेतृत्व विकास



मोदी सरकार का स्पष्ट मानना है कि देश का समग्र विकास तभी संभव है, जब सभी देशवासियों को समान अधिकार और अवसर मिलें। इसी सोच के तहत आज भारत महिला नेतृत्व विकास के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहा है।

-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### दिलदार मित्र खोया



ज़मीन से जुड़े जननेता और सहयोगी, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजितदादा पवार की विमान दुर्घटना में निधन की खबर से मन व्यथित है। मैंने अपना एक दमदार और दिलदार मित्र खो दिया है। यह घटना महाराष्ट्र के लिए अत्यंत पीड़ादायक है।

- देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र

### झुग्गी बस्तियों का विकास



हमारी सरकार ने झुग्गी बस्तियों के विकास के लिए अलग से 700 करोड़ का विशेष फंड निर्धारित किया है। यह केवल बजट प्रावधान नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करने का ठोस संकल्प है कि मूलभूत सुविधाएं और गरिमा भरा जीवन हर परिवार तक पहुंचे।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### सनातनी परंपरा



भाजपा के दंभ ने अनादिकाल से चली आ रही सनातनी परंपरा को तोड़ दिया है। जगद्गुरु शंकराचार्य का तीर्थराज प्रयाग की धरती पर माघमेले को बिना पवित्र स्नान किए छोड़कर जाना एक अत्यंत अनिष्टकारी घटना है।

-अखिलेश यादव, सांसद, सपा

## करंट अफेयर

# कैम्ब्रिज विवि ने भारत में नया शोध केंद्र किया शुरू



ब्रिटेन के प्रतिष्ठित कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय ने भारत में अपनी पहुंच का विस्तार करते हुए एक नए शोध केंद्र की शुरुआत और शीर्ष स्तर के स्नातक छात्रों के लिए अतिरिक्त प्रवेश मार्गों की घोषणा की है। विश्वविद्यालय ने बताया कि 'कैम्ब्रिज -इंडिया सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज' (सीएएस) नवाचार, शोध और शिक्षण पर केंद्रित होगा तथा ब्रिटेन के अग्रणी विश्वविद्यालय और भारत की तेजी से बढ़ती ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करेगा। यह नया केंद्र भारत में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय की गतिविधियों के लिए एक केंद्रीय मंच के रूप में काम करेगा और बौद्धिक आदान-प्रदान, नीति निर्माण में योगदान और सामाजिक प्रभाव को बढ़ावा देगा। कैम्ब्रिज की कुलपति डेबोरा प्रेंटिस ने कहा, कैम्ब्रिज -इंडिया सीएएस भारत के श्रेष्ठ शोधकर्ताओं और नवोन्मेषकों के साथ सहयोग स्थापित करने और इस तेजी से बढ़ती ज्ञान अर्थव्यवस्था के साथ संबंध मजबूत करने का एक रोमांचक अवसर है। इस सप्ताह दिल्ली आए वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहीं प्रोफेसर प्रेंटिस ने यह भी घोषणा की कि विश्वविद्यालय कुछ स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए अतिरिक्त आवश्यकताओं के साथ सीबीएसई की 12वीं कक्षा की योग्यता को मान्यता देगा।

## ऑफ बीट

# कसरत की थकान से उबरने में आइस बाथ है लोकप्रिय



पिछले कुछ साल में 'आइस बाथ' का चलन तेजी से बढ़ा है। दुनिया भर में खुद को स्वस्थ रखने वाले और व्यायाम करने वाले लोग इसे अपना रहे हैं, हालांकि पहले केवल एथलीट ही इसका उपयोग करते थे। 'आइस बाथ' का मतलब बर्फ के छोटे-छोटे टुकड़ों से भरे पानी में नहाना है। कसरत की थकान से उबरने के लिए 'आइस बाथ' 'आइस बाथ' लेने का मुख्य कारण मांसपेशियों में दर्द को कम करना और व्यायाम के बाद थकान से उबरना है। धावक, भारोत्तोलक और फुटबॉल खिलाड़ी सहित एथलीट आमतौर पर 'आइस बाथ' का उपयोग करते हैं। इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि 'आइस बाथ' लेने से कसरत के बाद होने वाली थकान को दूर किया जा सकता है। शोध से पता चला है कि गहन व्यायाम के तुरंत बाद 'आइस बाथ' लेने से अगले कुछ घंटे और दिनों में मांसपेशियों का दर्द कम हो सकता है। 'आइस बाथ' से मांसपेशियों की ताकत, मजबूती और लचीलेपन जैसी चीजों में मदद मिल सकती है। 'आइस बाथ' से व्यायाम के बाद होने वाली सूजन, मांसपेशियों की सूजन और मांसपेशियों की क्षति जैसी चीजों में सुधार हो सकता है। अगर आप ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें लगातार कई दिन तक तीव्र व्यायाम करना पड़ता है तो आपके लिए 'आइस बाथ' एक अच्छा विकल्प हो सकता है।


**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### हाईकोर्ट ने दिव्यांग बच्चों के उपचार में भ्रष्टाचार करने के आरोपी को कहा

## 4,48,000 रुपए जमा करने पर रुक जाएगी रिकवरी

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री बाल श्रवण योजना के तहत जन्मजात दिव्यांग बच्चों के उपचार में भ्रष्टाचार करने के आरोपी बनाए गए संविदा कर्मचारी सुभाष शुक्ला को 8.96 लाख रूपए की वसूली के आदेश के विरुद्ध आधी यानी 50 प्रतिशत राशि (4,48,000 रुपए) जमा करने के निर्देश दिए हैं। उक्त राशि जमा कराने पर रिकवरी आदेश पर रोक लग जाएगी। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने साफ कहा कि यदि 15 दिन के भीतर राशि जमा नहीं कराई गई तो रिकवरी से संबंधित कोर्ट के आदेश का प्रभाव स्वमेव समाप्त हो जाएगा। वहीं, कोर्ट ने सुभाष शुक्ला को बर्खास्त करने के



आदेश पर आगामी सुनवाई तक रोक लगा दी।

दरअसल, जांच के बाद भ्रष्टाचार का खुलासा होने पर मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने 20 जनवरी 2026 को सुभाष शुक्ला को सेवा से बर्खास्त कर दिया था। इसके पूर्व उन्हें नोटिस जारी कर उनके खिलाफ 8.96 लाख रूपए की रिकवरी निकाली थी। इन दोनों आदेशों को सुभाष शुक्ला ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

#### हस्तक्षेप किया स्वीकार

दरअसल, इस मामले में शिवसेना के उप राज्य प्रमुख शैलेन्द्र बारी ने पूर्व में हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई थी, जोकि अभी लंबित है। महालेखाकार की ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार करीब 2.27 करोड़ का अनुपयोगी व्यय हुआ और राशि का गबन किया गया। उच्च स्तरीय जांच दल ने पाया कि जन्मजात गूंगे बहरे बच्चों का इलाज करवाए बिना ही 8.96 लाख का भुगतान करवा लिया गया। सुनवाई के दौरान शैलेन्द्र बारी की ओर से अधिवक्ता अमिताभ गुप्ता ने इस याचिका में हस्तक्षेप करने का निवेदन किया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया।

## गांजा तस्करों को 12-12 वर्ष का कारावास

जबलपुर। एनडीपीएस के विशेष न्यायाधीश प्रवेंद्र कुमार सिंह की अदातल ने गांजा तस्करी के आरोपित महेश कुमार निषाद व मोहम्मद शकील मंसूरी का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ 12-12 वर्ष के कारावास की सजा सुना दी। साथ ही डेढ़-डेढ़ लाख रुपये का जुर्माना लगाया। अभियोजन की ओर से एपीपी अरविंद जैन ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि 27 अगस्त, 2023 को तिलवारा थाने में पदस्थ निरीक्षक सरिता बर्मन उच्च अधिकारियों के निर्देश पर सघन चेकिंग अभियान में जुटी थीं। वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि भारी मात्रा में गांजा की खेप ढ़ोई जा रही है। लिहाजा, संदेह के आधार पर ट्रक का पीछा किया गया। पकड़े जाने पर ड्राइवर व कंडक्टर के कब्जे से 10 क्विंटल 53 किलो 610 ग्राम गांजा बरामद किया गया। लिहाजा, अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया।

## मावठे की बारिश के बाद हवा में ठंडक घुली

### कोहरे और बारिश की संभावना

हरिभूमि जबलपुर।



बुधवार सुबह जिले में हुई मावठे की बारिश के बाद शीतलहर से बढ़ने की संभावना है। आसमान में अभी भी बादलों का जमावड़ा बना हुआ है। पूर्वी मध्यप्रदेश के ऊपर हवाओं के ऊपरी चक्रवात के कारण क्षेत्र बना हुआ है। अगले २४ घंटों के दौरान संभाग के कई स्थानों पर बारिश की संभावना व्यक्त की गई है। बुधवार सुबह बारिश के बाद पूरे दिन बादलों की आवाजाही बनी रही। मावठे की फुहारों ने मौसम को ठंडा कर दिया था।

अबआसमान से बादलों के छंटने पर कड़ाके की ठंड का दौर शुरू होगा। किसानों के चेहरे आसमान से हुई अमृत वर्षा से खिल उठे किसानों की मानें तो गेहूं के लिये आसमान से अमृत बरस चुका है।

मौसम विभाग के मुताबिक अभी बारिश के आसार बने हुये हैं। पश्चिमी विक्षोप की वजह से पूर्वी मध्यप्रदेश के ऊपर चक्रवात बना हुआ है। हवा के कम दबाव वाला क्षेत्र सक्रिय होने से अगले २४ घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर छुटपुट वर्षा हो सकती है।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 26.7 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 2 डिग्री अधिक और न्यूनतम तापमान 16.08 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 5 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातः काल 88 प्रतिशत ओर सायंकाल 70 प्रतिशत दर्ज की गई। सूर्योदय सुबह 6.51 बजे और सूर्यास्त शाम 5.56 बजे हुआ। कोहरा छाने और कहीं तेज चमक व गरज के साथ बौछारें पड़ने संभावना है। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान २५.८, न्यूनतम तापमान ९.५ डिग्री दर्ज किया गया था। उत्तरी हवाएं 4 से 5 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से दर्ज की गई। बुधवार को सुबह 1.6 मिमि वर्षा दर्ज की गई।

**मुख्य न्यायाधीश ने न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल को उनके समावेशी दृष्टिकोण के लिए बधाई दी**

### सिविल जज अभ्यर्थियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम का शुभारंभ

## परिस्थितियां नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प और लगन ही बनाती हैं भविष्य

हरिभूमि जबलपुर।

हाई कोर्ट के निर्देश और मार्गदर्शन में, मध्य प्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी ने सिविल जज, जूनियर डिवीजन (एंट्री लेवल) परीक्षा की तैयारी कर रहे उम्मीदवारों और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य से संबंधित वकीलों, के लिए विशेष क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा ने किया। उन्होंने सभी उम्मीदवारों को, चाहे उनका बैकग्राउंड कुछ भी हो, क्वालिटी गाइडेंस और स्ट्रक्चर्ड एकेडमिक सपोर्ट देने के लिए प्रोग्राम की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। कहा कि 1,078 से ज़्यादा रजिस्ट्रेशन के साथ, यह प्रोग्राम युवाओं की न्यायपालिका में शामिल होने और समाज की सेवा करने की मजबूत आकांक्षाओं को दिखाता है। डा. एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन से प्रेरणा लेते हुए, इस बात पर जोर दिया कि परिस्थितियां नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प और लगन ही किसी का भविष्य बनाती हैं।

उम्मीदवारों को प्रोत्साहित किया गया कि वे बने रहें। अपनी तैयारी में लगातार, धैर्यवान और मज़बूत बने रहें और चुनौतियों को विकास के अवसरों के रूप में देखें। भाषण में इस बात पर भी ज़ोर दिया गया कि जज बनना सिर्फ परीक्षा पास करने के बारे में नहीं है, बल्कि निष्पक्षता, करुणा और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के बारे में है। एकेडमी और उसके नेतृत्व, खासकर न्यायूर्ति विवेक अग्रवाल को उनके समावेशी दृष्टिकोण के लिए बधाई दी गई।

कार्यक्रम में प्रशासनिक न्यायाधीश विवेक रूसिया, न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल, अध्यक्ष, गवर्निंग काउंसिल उपस्थित थे। हाई कोर्ट जज, राज्य के प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट और सेशंस जज, बार के प्रतिनिधियों और प्रोग्राम के 1078 रजिस्टर्ड प्रतिभागियों ने वर्चुअल हिस्सा लिया। हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल और मध्य प्रदेश स्टेट ज्यूडिशियल एकेडमी, जबलपुर के डायरेक्टर मौजूद थे।



## भंवरताल गार्डन में गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित

**जबलपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर भंवरताल गार्डन देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। मॉर्निंग वॉकर एवं जिम संगठन द्वारा नियमित व्यायाम के पश्चात ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता पालन काका ने संविधान निर्माण में जबलपुर के गौरवपूर्ण योगदान का उल्लेख करते हुए बताया कि भारतीय संविधान के कई पृष्ठों का कलात्मक श्रृंगार राममनोहर सिन्हा द्वारा किया गया था। पिंटू सोनकर ने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान होने के कारण भारत को वैश्विक स्तर पर विशिष्ट पहचान मिली है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रवि जैन, रिंकू, अनिल अंकल, अमीन, बंटी और पवन का विशेष योगदान रहा। समारोह राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ।

### एकलव्य छात्रावास से लापता तीनों बच्चे मिले

## सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने की खोजबीन

हरिभूमि जबलपुर।

शहर के रामपुर इलाके में संचालित एकलव्य आवासीय विद्यालय से लापता हुए कक्षा आठवीं और नौवीं में अध्ययनरत तीन नाबालिग छात्रों को पुलिस ने सकुशल तलाश कर लिया है। तीनों छात्र सोमवार रात छात्रावास से बिना जानकारी दिए निकल गए थे और पैदल चलते हुए जबलपुर मुख्य रेलवे स्टेशन तक पहुंच गए थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्रवाई करते हुए उन्हें प्लेटफॉर्म नंबर एक से सुरक्षित बरामद किया।

घटना का पता 27 जनवरी की सुबह उस समय चला, जब छात्रावास में नियमित पीटी के दौरान छात्रों की उपस्थिति दर्ज की जा रही थी। गिनती में तीन छात्र कम पाए गए, जिसके बाद हॉस्टल प्रबंधन ने तत्काल रामपुर पुलिस चौकी को सूचना दी। पुलिस टीम ने रामपुर क्षेत्र से गोरखपुर होते हुए रेलवे स्टेशन तक लगे करीब 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। जांच के दौरान तीनों छात्र रेलवे स्टेशन की दिशा में जाते हुए दिखाई दिए। इसके बाद पुलिस ने स्टेशन परिसर में सर्च अभियान चलाया और तीनों बच्चों को सुरक्षित ढूंढ निकाला। पुलिस पूछताछ में छात्रों ने बताया कि वे पिछले तीन वर्षों से छात्रावास में रह रहे थे, लेकिन हाल के समय में उनका वहां मन नहीं लग रहा था। परिवार की याद आने के चलते उन्होंने आपस में चर्चा कर घर लौटने का फैसला किया। सोमवार रात जब अन्य छात्र भोजन के लिए मेस में गए हुए थे, तभी वे चुपचाप हॉस्टल से बाहर निकल गए। उनका उद्देश्य सुबह ट्रेन के जरिए अपने-अपने घर पहुंचना था। तीनों छात्र जबलपुर, मंडला और सिवनी जिलों के निवासी हैं।





## गौरैया घाट गोरेश्वर धाम मंदिर में सैकड़ों नर्मदा परिक्रमा वासियों को प्रसादी वितरित

**जबलपुर।** गौरैया घाट गौर पुलिस चौकी के पास स्थित श्री हनुमान मंदिर गोरेश्वर धाम में मां नर्मदा प्रकट उत्सव के दूसरे दिन यहां से नर्मदा परिक्रमा के लिए निकल रहे भैया जी सरकार दादा गुरु का भव्य स्वागत भक्तों द्वारा किया गया। और ठाकुर अमरजीत सिंह कामिनी सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में यहां पर दादा गुरु के साथ परिक्रमा कर रहे सैकड़ो परिक्रमा वासियों को प्रसादी वितरित कराई गई। मां नर्मदा का महत्व बदलते हुए दादा गुरु ने कहा कि मां की महिमा अपरंपार है। वही अमरजीत सिंह बंटी (भैया) ने कहा कि हम सभी को मां नर्मदा को साफ स्वच्छ रखना चाहिए। मां नर्मदा जीवन दायिनी है। हम सभी जिस तरह से मां के तट पर जाकर पूजन अर्चन करते हैं इस तरह हमें यहां पर स्वच्छता बनाए रखने का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। दादा गुरु के इस स्वागत कार्यक्रम के अवसर पर हजारों श्रद्धालु जन उपस्थित रहे। जिनमें मुख्य रूप से आचार्य श्री लाल जी महाराज संजीत सिंह राजपूत पंडित विजय तिवारी दीपक ठाकुर सभीत सिंह दीक्षा से आदि शामिल थे।



## राकेश सिंह ने IIT मद्रास में 3D प्रिंटिंग तकनीक का अवलोकन किया

**भोपाल/जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने IIT मद्रास, चेन्नई में 3D प्रिंटिंग आधारित भवन निर्माण तकनीक का अवलोकन किया। मंत्री ने कहा कि यह तकनीक भवन निर्माण को तेज़, सटीक और उच्च गुणवत्ता वाला बनाती है और सिंहस्थ कुंभ जैसे बड़े आयोजनों में विशेष रूप से उपयोगी हो सकती है। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग नवीन तकनीकों और बेस्ट प्रैक्टिसेज को प्रदेश में लागू करने के प्रयास कर रहा है। इससे पहले विभाग ने गुजरात, तेलंगाना और महाराष्ट्र में भी आधुनिक निर्माण तकनीकों का अध्ययन किया है। मंत्री ने कहा कि 3D प्रिंटिंग (एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग) पारंपरिक निर्माण से अलग है, जिसमें डिजिटल डिज़ाइन के आधार पर कंक्रीट परत-दर-परत प्रिंट कर संरचना बनाई जाती है। यह आपदा प्रभावित क्षेत्रों, आपातकालीन आवास, स्कूल और स्वास्थ्य अवसंरचना में विशेष रूप से उपयोगी है। अध्ययन यात्रा के दौरान मंत्री ने सड़क सुरक्षा और डेटा ड्रिवन हाइपरलोकल इंटरवेंशन (DDHI) प्रणाली का भी अवलोकन किया। प्रो. वेंकटेश बालासुब्रह्मण्यम और प्रो. जयकांथन के साथ सड़क सुरक्षा, इंजीनियरिंग नवाचार और उभरती तकनीकों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर एम. सिबी चक्रवर्ती, प्रमुख अभियंता (भवन) और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

### वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

## ट्रांसपोर्ट व्यवसायी महिला के साथ बेरहमी से मारपीट, मासूम बच्ची को भी नहीं बख्शा

**जबलपुर।** आधारताल थाना क्षेत्र में ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़ी एक महिला के साथ सरेराह हुई मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपियों पर एफआईआर दर्ज कर ली है। महिला के साथ साथ उसकी मासूम बच्ची के साथ भी दबंग एक वीडियो में बेरहमी के साथ पिटाई करते दिख रहे हैं। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद मामला तूल पकड़ गया है। पीड़ित महिला 40 वर्षीय अंजू पांडे के अनुसार आरोपी लंबे समय से उन पर वाहन देने का दबाव बना रहे थे। मना करने पर कभी पैसों की मांग की जाती थी तो कभी डराया-धमकाया जाता था। इसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और आरोपियों ने उन्हें घर से बाहर खींचकर सड़क पर मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता का कहना है कि वे अकेली महिला होने के कारण दबंगों के निशाने पर थीं। पीड़िता ने बताया कि मारपीट के दौरान उनकी पांच साल की बेटी जब उन्हें बचाने आई, तो आरोपियों ने मासूम बच्ची के साथ भी हाथापाई की। अंजू पांडे ने आरोप लगाया कि दबंगों की नजर उस मकान पर भी है, जिसमें वे किराए से रह रही हैं। उन्होंने मकान खरीदने के लिए मालिक को एडवांस राशि भी दे दी है, लेकिन आरोपी चाहते हैं कि वे मकान खाली कर दें ताकि वे उस पर कब्जा कर सकें। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया। पीड़िता ने बताया कि इससे पहले भी उन्होंने सीएम हेल्पलाइन और थाने में शिकायत की थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे आरोपियों के हौसले बढ़ते गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए एएसपी सूर्यकांत शर्मा के निर्देश पर राहुल यादव, भीषू बंगाली, रोहित यादव सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी फिलहाल फरार हैं और उनकी तलाश की जा रही है। वहीं, इस घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

## अनियंत्रित होकर फिर गैरेज में घुसा हाईवा

**बरेला।** नागा घाटी में अनियंत्रित होकर वाहन पलटने का क्रम और रुक ही नहीं पा रहा है। यहां पर हर दो-चार दिन में हाईवा या लोडेड वाहन घाटी से उतार के समय अनियंत्रित होकर पलट जाते हैं या फिर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं जिसकी वजह से यहां पर दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ता जा रहा है कल मंगलवार की रात को 8:00 बजे फिर नागा घाटी से उतरते समय रेत से लोड हाईवा अनियंत्रित होकर गैराज में घुस गया तथा पलट गया यह तो शुक्र है की कोई हताहत नहीं हुआ। इस संबंध में गैराज संचालक मिहिलाल पटेल ने बताया कि कि वह लोग गैरेज से दूर खड़े हुए थे की रात्रि में 8:00 बजे मंडला रेत से भरा हुआ ट्रक अनियंत्रित होकर गेराज में घुस गया तथा गेराज में रखे हुये मोटर व्हीकल तथा अन्य सामान क्षतिग्रस्त हो गया जिसकी वजह से उनका लाखों रुपए का नुकसान हो गया है ।बहरहाल शारदा नगर तिराहे पर दुरघटनाओं का क्रम थमता नजर नहीं आ रहा है।

**इंटरसिटी स्टॉपेज की मांग पर थमा रेल यातायात**

## जबलपुर रेल मंडल में रेल रोको आंदोलन

हरिभूमि जबलपुर।



पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल के अंतर्गत कटनी–सिंगरौली रेलखंड पर बुधवार को रेल संचालन उस समय प्रभावित हो गया, जब भदौरा रेलवे स्टेशन पर स्थानीय नागरिकों ने रेल रोको आंदोलन छेड़ दिया। बुधवार सुबह लगभग 11 बजे बड़ी संख्या में लोग रेलवे ट्रैक पर पहुंच गए और जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस के स्थायी ठहराव के साथ ही शकरपुरा-भदौरा स्टेशन को पूर्ण स्टेशन का दर्जा देने की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

आंदोलन की जानकारी मिलते ही रेलवे प्रशासन और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई है। अधिकारियों द्वारा प्रदर्शनकारियों से संवाद कर स्थिति सामान्य करने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन आंदोलनकारी अपनी मांगों को लेकर अडिग बने हुए हैं।

समाजसेवी आनंद सिंह (ददुआ) के नेतृत्व में हुए इस आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने एक मालगाड़ी को रोक दिया। महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और बुजुर्गों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। कई लोग रेलवे पटरियों पर बैठ गए तो कुछ ने लेटकर अपना विरोध दर्ज कराया। आंदोलनकारियों का कहना है कि वे वर्षों से इंटरसिटी ट्रेन के भदौरा में स्थायी स्टॉपेज, स्टेशन मास्टर की नियमित तैनाती और पैसेंजर ट्रेनों के संचालन की मांग कर रहे हैं, लेकिन रेल प्रशासन उनकी बातों को गंभीरता से नहीं ले रहा है।

#### कोरोना के बाद से बंद हैं ट्रेनें

रेल संघर्ष समिति के अनुसार कोरोना काल में बंद की गई चार पैसेंजर ट्रेनें अब तक बहाल नहीं की गई हैं। इसके चलते जबलपुर, रीवा और अन्य प्रमुख शहरों तक पहुंचने में गंभीर मरीजों, विद्यार्थियों और नौकरीपेशा लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। समिति का कहना है कि यह समस्या केवल परिवहन तक सीमित नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार से भी सीधे जुड़ी हुई है।

#### आंदोलन को सर्वदलीय

आंदोलन को विभिन्न राजनीतिक दलों का समर्थन मिल रहा है, जिससे इसे सर्वदलीय स्वरूप मिल गया है। महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से आंदोलन और मजबूत हुआ है। रेल यातायात बाधित होने से यात्रियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए है और बातचीत के जरिए समाधान निकालने की कोशिश जारी है।

बिजनेस साइट

## भारत की उभरती अर्थव्यवस्था - बिजनेस साइकिल म्यूचुअल फंड के लिए बेहतर मौके

जबलपुर। 2026 की शुरुआत इस सकारात्मक खबर के साथ हुई है कि भारत ने जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, जिसकी जीडीपी 4.18 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है। असल में, भारत अगले तीन सालों में तीसरे स्थान पर पहुंचने के लिए तैयार है, जो इसकी लंबी अवधि की विकास क्षमता, बढ़ते वैश्विक प्रभाव और स्ट्रक्चर्ड आर्थिक ताकत को मजबूत करता है। 2025 में इक्विटी मार्केट में लगभग सपाट रिटर्न के बाद, यह आशावादी दृष्टिकोण निवेशकों को नई उम्मीद देता है। हालांकि, ऐसी सकारात्मक बातें कभी-कभी निवेशकों को इनबिल्ट आर्थिक और बाजार की वास्तविकताओं के अनुरूप निवेश करने के बजाय उत्साह में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित कर सकती हैं। समय के साथ, इसका परिणाम ऐसे निवेश हो सकते हैं जो अच्छी तरह से चुने हुए नहीं हैं या गलत समय पर किए गए हैं, जिससे लंबी अवधि के रिटर्न प्रभावित हो सकते हैं।



विनीता भट्ट
फाउंडर और भट्ट इन्वेस्टमेंट पॉइंट, जबलपुर

अगर हम हेडलाइन नंबरों और जश्न वाली खबरों से परे देखें, तो घरेलू आर्थिक तस्वीर अधिक माइक्रोइकोनॉमिक दिखाई देती है। मांग में कमजोरी, चुनिंदा बाजार सेगमेंट में ऊंचे वैल्यूएशन, असमान कॉर्पोरेट कमाई, और चल रहे वैश्विक जियो-पॉलिटिकल और मैक्रोइकोनॉमिक जोखिम इक्विटी बाजार की संभावनाओं पर दबाव डाल रहे हैं। यह पृष्ठभूमि विवेकपूर्ण, अनुशासित निवेश के महत्व को दर्शाता है।

उनका कहना है कि "बाजार उन्हें सही फायदा देते हैं जो बातों के बीच की बात समझते हैं" और बिजनेस साइकिल म्यूचुअल फंड ठीक यही करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। सतही संकेतकों या अल्पकालिक समाचारों पर प्रतिक्रिया करने के बजाय, बिजनेस साइकिल म्यूचुअल फंड शांत, इनबिल्ट रुझानों पर ध्यान केंद्रित करते हैं जैसे कि कॉर्पोरेट कमाई की ताकत, बाजार वैल्यूएशन, क्रेडिट वृद्धि में बदलाव, कैपेक्स साइकिल्स, इन्वेंट्री स्तर, क्षमता उपयोग दर, मुद्रास्फीति और ब्याज दर ट्रांजेक्टरी, खपत में बदलाव, बाहरी व्यापार की गतिशीलता, सरकारी खर्च की प्राथमिकताएं, रोजगार के रुझान आदि, यह आकलन करने के लिए कि अर्थव्यवस्था बिजनेस साइकिल में कहां खड़ी है।

इस आकलन के आधार पर, बिजनेस साइकिल म्यूचुअल फंड चुनिंदा रूप से गुणवत्ता वाले बिजनेसेज में निवेश करते है जो आर्थिक साइकिल के मौजूदा चरण से लाभ उठाने के लिए सबसे अच्छी स्थिति में है, जिससे अच्छी तरह से चुने हुए और सही समय पर निवेश संभव होता है। यह दृष्टिकोण शॉर्ट-टर्म बातों के आधार पर निवेश करने के बजाय अधिक अनुशासित, मौलिक सिद्धांतों पर आधारित, लंबी अवधि पर केंद्रित निवेश दृष्टिकोण का समर्थन करता है।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल बिजनेस साइकिल फंड निवेशकों को सक्रिय, मौलिक सिद्धांतों पर आधारित सेक्टर और स्टॉक एलोकेशन के माध्यम से भारत के उभरते आर्थिक साइकिल्स में भाग लेने का एक अनुशासित तरीका प्रदान करता है। जनवरी 2021 में लॉन्च हुए इस फंड ने 31 दिसंबर, 2025 तक एक साल का सीएजीआर 15.59 प्रतिशत, तीन साल का 22.59 प्रतिशत सीएजीआर और लॉन्च के बाद से 21.02 प्रतिशत सीएजीआर दिया है, जो इन समय अवधियों में अपने बेंचमार्क से 4-8 प्रतिशत प्वाइंट ज्यादा है।

# रिंग रोड ब्रिज निर्माण में लगे श्रमिक के साथ मारपीट

## बुलेरो वाहन में तोड़फोड़, श्रमिक का मोबाइल भी तोड़ा

**जबलपुर। बरेला थाना अंतर्गत ग्राम इंद्राना में नव निर्मित रिंग रोड ब्रिज निर्माण कार्य के दौरान लोहे का सरिया उठाने से मना करने की बात पर तीन बदमाशों ने चार लेवरो से मारपीट कर बुलेरो वाहन में तोड़फोड़ कर एक लेवर का मोबाइल लेकर चले गए।**

बरेला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम इंद्रा बरेला निवासी 35 वर्षीय दिनेश कुमार वीआरएस इंफ्रा प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी में रिंग रोड निर्माण कार्य में लगा हुआ है। कल दोपहर लगभग 2 बजे ग्राम लोहकरी निवासी साहिल अपने दो साथियों के साथ नव निर्मित रिंग रोड ब्रिज निर्माण कार्य ग्राम इंद्राना में आया और लोहे की सरिया उठाने लगा, उसने साहिल को सरिया उठाने से मना किया जब वह नहीं माना तो वह साहिल का वीडियो बनाने लगा, तो साहिल ने गुस्से से उसका मोबाइल छीनकर ब्रिज की दीवार पर पटक दिया जिससे मोबाइल टूट गया, उसके बाद तीनों वहां से चले गये।बताया गया कि दोपहर लगभग 3 बजे साहिल ने निर्माण स्थल के पास चाय-नाश्ते की दुकान चलाने वाले आकाश यादव के मोबाइल पर दिनेश से बात करवाई और रिपोर्ट न करने की बात कहते हुए मोबाइल सुधरवाने का खर्च देने का आश्वासन दिया।रात लगभग 8.10 बजे साहिल अपने साथियों के साथ आया और गाली गलौज करते हुये मेरा वीडियो कौन बनाया था कहकर चाकू और राड से दिनेश पर हमलाकर दिया तथा पास में खड़े गोरधनराम, बापूलाल और पिंटू लाल के साथ मारपीट की और बुलेरो गाड़ी के कांच तोड़ फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिये एवं गोरधनराम का एमआई कम्पनी का मोबाइल ले चले गये। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 118(1), 115(2), 351(2), 324(4), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### पनागर और कोतवाली थाना क्षेत्र में लूट

**चाकू अड़ाकर महिला बाउंसर का मंगलसूत्र लूटा**

शहर में लूट की वारदाते थमने का नाम नहीं ले रही हैं। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक में लुटेरों के हौसले बुलंद हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान कोतवाली में चाकू की नोंक पर एक युवक से मोबाइल लूट लिया गया। वहीं जबलपुर से लगे पनागर क्षेत्र के ग्रामीण इलाके कुशनेर क्षेत्र में चाकू अड़ाकर एक महिला बाउंसर का मंगलसूत्र लूटकर ले गए, साथ ही बैग भी छीन लिया, बैग में मोबाइल रखा हुआ था। दोनों मामलों में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिए है परंतु आरोपी गिरफ्त से बाहर है।पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गांधी ग्राम बुढ़ागर निवासी 30 वर्षीय श्रीमति हेमलता बर्मन एक होटल में बाउंसर है। कल रात वह अपने घर से स्कूटी में अपने मायके महाराजपुर जा रही थी। इसी बीच कुसनेर ब्रिज के नीचे सफेद एक्सिस वाहन में आए तीन अज्ञात लड़कों ने अपना वाहन महिला की स्कूटी के सामने अड़ा दिया और चाकू गले में रखकर उसका मंगलसूत्र और बैग लूट लिया। बैग में आधारकार्ड की फोटो कॉपी, रेडमी कम्पनी का मोबाइल तथा नगदी 2 हजार रूपये रखे थे। घटना के बाद आरोपी वहां से भाग गए। पुलिस लूट का मामला दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही है। आरोपी अभी फरार है।इसी तरह कोतवाली थान अंतर्गत जगदम्बा कालोनी निवासी 20 वर्षीय जागेश्वर कुमार झारिया कल रात अपने चाचा के घर बल्देवबाग आया था उनसे मिलने के बाद पैदल अपने घर उखरी रोड लौट रहा था तभी मरघटाई के पास मरघटाई उखरी रोड पर सामने चल रहे भण्डारे में वह प्रसाद खाने लगा। इसी बीच एक लड़का आया और उसने चाकू निकालकर बोला मेरा नाम कृष्णा दुबे है फोन दे नहीं तो चाकू मार दूंगा। उसे डराकर उसका मोबाइल फोन लेकर भाग गया। आरोपी युवक की मोटर साइकिल पर पीछे नम्बर नही था। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया हैं। आरोपियों की तलाश की जा रही हैं।

### 2 बाईकों की भिड़ंत में 2 घायल

**जबलपुर।** खमरिया थाना अंतर्गत वेस्टलेंड बंगला नंबर 21 चंपानगर गेट के पास दो बाईकों की आपस में भिड़ंत हो गई, जिससे दोनों बाईक चालक नीचे गिरकर घायल हो गए।खमरिया पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मानेगांव निवासी 40 वर्षीय त्रिलोकपुरी गोस्वामी गत शाम 7 बजे गज केशरी अस्पताल में भर्ती अपने चचेरे भाई राकेश पुरी गोस्वामी को देखने के बाद रात लगभग 9.30 बजे बाइक से अपने घर मानेगांव रांझी जा रहा था रात लगभग 10.15 बजे वेस्टलेंड बंगला नम्बर 21 चम्पानगर गेट के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही मोटर सायकिल एमपी 20 जेड क्यू 9237 के चालक ने उसकी बाईक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों बाईक चालक नीचे गिर गए और दोनों घायल हो गए। पुलिस ने आरोपी बाईक चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



## पावर मैनेजमेंट कंपनी के 14 अभयिंता और कार्मिक उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित

**जबलपुर।** करोड़ों रूपए की वसूली और रियल टाइम पावर मैनेजमेंट के माध्यम से अतिशेष बिजली के विक्रय में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पावर मैनेजमेंट कंपनी के 14 अभयिंता और कार्मिकों को हाल ही में सम्मानित किया गया। प्रदेश के ऊर्जा सचिव एवं एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक विशेष गढ़पाले ने उन्हें प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान किए। इस अवसर पर मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह, पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी, एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के कार्यपालक निदेशक राजीव गुप्ता समेत विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि विशेष गढ़पाले ने महाप्रबंधक रवीन्द्र कुमार खरे और प्रबंधक अंजली शुक्ला को विशेष रूप से पुरस्कृत किया, जिन्होंने उत्तरप्रदेश पावर कार्पोरेशन से 1988-2008 की विद्युत आपूर्ति से संबंधित 83.21 करोड़ रूपए की वसूली में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अन्य पुरस्कृत अभयिंता और कार्मिकों में निशांत सिसोदिया, आरएन यादव, अरूण जोठे, आकाश बोहत, निशी जैन, संघमित्रा बागड़े, अमरनाथ ताम्रकार, राकेश कुमार शाह, हरि नारायण कोरी, अजय उशेकवार, प्रवीण शुक्ला और आनंद वर्मा शामिल हैं।

## सरस्वती घाट में सुमधुर भजनों का भव्य आयोजन

**जबलपुर।** सरस्वती घाट भेड़ाघाट स्थित श्री सीताराम आश्रम में चल रहे कल्पवास के 24वें दिवस पर संध्याकालीन महिला भजन मंडली द्वारा भजन कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। प्रातः बेला में माँ नर्मदा जी का पूजन और अर्चन के पश्चात भागवताचार्य पं. मनमोहन दुबे और महंत बालयोगी कृष्णदास महाराज की उपस्थिति में भक्तजन भक्ति रस में सराबोर हुए। इस अवसर पर भजन मंडल की प्रभा शर्मा, यशोदा साहू, क्रांति पटेल, वर्षा झरिया, उर्मिला अग्रवाल, सरिता नेमा, शकुन पटेल, पार्वती साहू, तुलसा खरे, उर्मिला गुप्ता, मालती विश्वकर्मा, लक्ष्मी साहू, कुमुदिनी ठाकुर, कुसुम यादव, साधना साहू, मोना साहू, नन्ही बाई विश्वकर्मा, श्यामा साहू सहित चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल के संयोजक देवेंद्र नेमा, सुरेश विश्वकर्मा, श्याम मनोहर पटेल और मोहित तिवारी उपस्थित रहे।



## आठ जिलों के 169 विद्यार्थी जोन स्तरीय प्रदर्शनी में कर रहे प्रतिभा का प्रदर्शन



**जबलपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (DIET) द्वारा दो दिवसीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन 28-29 जनवरी 2026 को संस्थान परिसर में किया जा रहा है। प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक गहलोत ने माँ सरस्वती पूजन और दीपप्रज्वलन के साथ किया। मुख्य अतिथि ने जोन स्तर तक चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और राज्य स्तर पर चयनित होने के लिए शुभकामनाएँ दी। प्रदर्शनी में मॉडल, लघुनाटिका, स्वरचित गीत, सेमिनार और प्रश्नमंच के माध्यम से 169 विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। आठ जिलों से चयनित छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण, नारी सशक्तिकरण, स्वतंत्रता संग्राम, विज्ञान, गणित और आत्मनिर्भर भारत जैसे विषयों पर आधारित क्रियाशील एवं रोचक गतिविधियों में सहभागिता की। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, DIET प्राचार्य अजय दुबे, परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा समेत बड़ी संख्या में शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## वरिष्ठ नागरिक परिषद का वार्षिक मिलन समारोह उत्साहपूर्वक सम्पन्न

**जबलपुर।** भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय के सुरक्षा संस्थान एवं आयुध निर्माणी संगठन से सेवानिवृत्त कर्मचारियों और अधिकारियों की वरिष्ठ नागरिक परिषद का वार्षिक मिलन समारोह भंवरताल गार्डन में आयोजित हुआ। राष्ट्रीय रिटायर्ड एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष काजल कुमार विश्वास कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे।परिषद के सचिव दिव्यकान्त निगम, संगठन सचिव अनिल शुक्ला और कोषाध्यक्ष गुरमुखदास ने सभी वरिष्ठ सदस्यों का तिलक, शॉल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष काजल विश्वास ने 2026 के कैलेंडर का विमोचन किया और सभी सदस्यों को उपहार प्रदान किए। परिषद की वार्षिक रिपोर्ट दिव्यकान्त निगम ने प्रस्तुत की, जबकि कोषाध्यक्ष गुरमुखदास ने आय-व्यय विवरण साझा किया। कार्यक्रम का संचालन अनिल शुक्ला ने किया और आभार प्रदर्शन संतोष पवार ने किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मान सिंह तोमर, डी पी यादव, जी पी विश्वकर्मा सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## जायसवाल समाज का 41वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन संपन्न



**जबलपुर।** जायसवाल समाज युवा एवं महिला संगठन के संयुक्त तत्वावधान में 41वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन मदन महल रेलवे स्टेशन स्थित उत्सव भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज अध्यक्ष केशव जायसवाल, सचिव विजय जायसवाल, महिला मंडल अध्यक्ष विनीता राय और संत स्वामी पगलानंद जी महाराज द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। सम्मेलन में देशभर से आए लगभग 375 युवक-युवतियों ने अपना परिचय दिया। मुख्य अतिथि विधायक अभिलाष पाण्डेय ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए। राय फाउंडेशन सोसायटी के शिव कुमार राय ने समाज अध्यक्ष केशव जायसवाल को उनके योगदान के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट सम्मान से सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन विशाल जायसवाल और प्रेम जायसवाल ने किया। महिला मंडल ने प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। कार्यक्रम में कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती प्रतिभा जायसवाल,श्रीमती किरण प्रेम जायसवाल, श्रीमती रोशनी जायसवाल, श्रीमती श्वेता विशाल जायसवाल, श्रीमती प्रीति प्रदीप जायसवाल, श्रीमती शक्ति सचिन जायसवाल, श्रीमती राजश्री अतुल जायसवाल, एडवोकेट विजय लक्ष्मी जयसवाल, श्रीमती छाया राजेश जायसवाल, श्रीमती सीमा पंकज जायसवाल श्रीमती प्रमोदिनी जायसवाल, एडवोकेट शारदा जायसवाल समाज के कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



## सांदीपनी विद्यालय मझौली में पांच दिवसीय करियर मेले का शुभारंभ

**मझौली।** शासकीय सांदीपनी उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मझौली में मंगलवार 27 जनवरी को पांच दिवसीय करियर मेले का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य श्रीमती संगीता राय ने की। उद्घाटन सत्र में करियर काउंसलर तनजीत छावड़ा, नचिकेता कॉलेज जबलपुर के ग्रंथपाल रीतेश यादव तथा विकासखंड काउंसलर श्रीमती खुशी शुक्ला ने करियर जागरूकता एवं करियर मेले के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर शिक्षक श्याम सुंदर राय एवं करियर मार्गदर्शक धर्मेंद्र कुमार ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। करियर मार्गदर्शक श्याम सुंदर राय ने बताया कि मेले के दौरान पांच दिनों तक विभिन्न करियर विषयों पर व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे, जिससे छात्र-छात्राएं लाभान्वित होंगे।



## "ग्रामोदय से अभ्युदय मप्र" अभियान अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**पनागर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में "ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश" अभियान के अंतर्गत 27 जनवरी 2026 को नवांकुर संस्था आदिवासी जन कल्याण एवं बाल उत्थान समिति, धनगवां द्वारा जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करना रहा। वक्ताओं ने शिक्षा को सामाजिक एवं ग्राम विकास की आधारशिला बताया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता सीताराम गोंड, बैंक संचालनकर्ता राजेश विश्वकर्मा, कृषक उमेश यादव सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे। शिक्षक संध्या पटेल एवं अंजली बर्मन ने भी विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन नवांकुर संस्था अध्यक्ष नीरज चौधरी एवं सचिव विनीता आदिवासी द्वारा किया गया। अंत में ग्रामीणों ने शिक्षा, स्वास्थ्य एवं "हर घर एक वृक्ष" का संकल्प लिया।

## यूजीसी नियमों के विरोध में 30 जनवरी को सिहोरा में प्रदर्शन

**सिहोरा।** यूजीसी (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग) के हालिया नियमों के विरोध में 30 जनवरी को सिहोरा में ज्ञापन-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर आज बुधवार को सिहोरा बस स्टैंड में सामान्य वर्ग में आने वाले समस्त जाति-समुदाय के लोगों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।

बैठक में उपस्थित लोगों ने एकमत से यूजीसी के नियमों को समाज को वर्गों में बांटने वाला अध्यादेश बताया। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के नियमों की वर्तमान समय में कोई आवश्यकता नहीं थी। अनावश्यक रूप से समाज को खंड-खंड में बांटने से आपसी रंजिश,लड़ाई-झगड़ा और सामाजिक तनाव बढ़ने की आशंका है। सभी ने सरकार को चेताया कि यदि ऐसे नियम लागू रहे तो समाज में सौहार्द बिगड़ सकता है।बैठक में यह भी कहा गया कि कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्रों की मानसिकता को शैक्षणिक वातावरण में ही वर्गों में बांटना भविष्य के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। इससे आने वाले समय में जाति और वर्ग संघर्ष की संभावनाएं बढ़ सकती हैं जिसका सीधा असर शिक्षा व्यवस्था और सामाजिक एकता पर पड़ेगा।

सभी वक्ताओं ने सरकार से यूजीसी के इन नियमों को तत्काल वापस लेने की मांग की। साथ ही सिहोरा के सभी संवर्गों और समाज के लोगों से अपील की गई कि वे 30 जनवरी को दोपहर 3 बजे बस स्टैंड सिहोरा पहुंचकर ज्ञापन-प्रदर्शन में शामिल होकर अपनी एकजुटता का परिचय दें।

## शासकीय प्राथमिक शाला में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

**सिहोरा।** जन अभियान परिषद के अंतर्गत नगर विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला लखराम में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विविध खेलकूद प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। इसमें बच्चों के लिए मनोरंजन और कौशल पर आधारित कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। जिसमें संगीत कुर्सी,चिट गेम,बैलेंस दौड़ सहित अनेक प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को मेडल,कॉपी और पेन देकर सम्मानित किया गया। समिति द्वारा उत्साहवर्धन हेतु अन्य प्रतिभागी बच्चों को भी सांत्वना उपहार भेंट किए गए। खेलों के साथ-साथ बच्चों को जीवन में स्वच्छता और शिक्षा के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष आकांक्षा गर्ग,अंजना मिश्रा,दिव्या साहू के साथ शाला प्रभारी तहमीना बानो अंसारी,प्राथमिक शिक्षक योगेन्द्र मिश्रा,श्वेता पाण्डे उपस्थित थे।

## श्री श्री मां अम्बा शतचंडी महायज्ञ

**मझौली।** मझौली में आयोजित श्री श्री मां अम्बा शतचंडी महायज्ञ श्रद्धा एवं भक्ति के साथ संपन्न हुआ। समापन अवसर पर यज्ञ की पूर्णाहुति एवं हवन संपन्न किया गया, जिसमें पूरे दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की तथा विशाल भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। दोपहर बाद भगवान जगन्नाथ जी के विग्रह की भव्य रथयात्रा निकाली गई, जिसके उपरांत शनि आश्रम मझौली में भगवान के विग्रह की विधिवत स्थापना कर प्रसाद भंडारे का वितरण किया गया। आयोजन शांतिपूर्ण एवं भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुआ।








## ग्राम पंचायत घुटना में ध्वजारोहण

**सिहोरा।** नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी 77 वां गणतंत्र दिवस उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। सिहोरा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत घुटना में सरपंच के के दुबे ने ध्वजारोहण किया।इस अवसर पर चतुर बाई शिवचरण साहू,उपसरपंच जागेश्वर साहू,सचिव चंद्रभान बर्मन,आर एस बसंत कोल,विनोद यादव, संजय दुबे,मनोज साहू,जनविजय दुबे,अजय किशोर बर्मन आदि उपस्थित थे।

## राज्य शिक्षक संघ के जिला स्तरीय सम्मेलन में होगा शिक्षकों का सम्मान

**सिहोरा।** राज्य शिक्षक संघ का जिला स्तरीय सम्मेलन अगले माह रुक्मिणी पैलेस में आयोजित किया जाएगा। आयोजन में संघ के प्रांताध्यक्ष जगदीश यादव विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।इसमें शिक्षा के क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट योगदान से समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले करीब दो सैकड़ा से अधिक शिक्षकों का सम्मान भी किया जायेगा। सम्मेलन में "राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन एवं उससे जुड़ी चुनौतियां" विषय के अलावा शिक्षकों से जुड़े कई महत्वपूर्ण और ज्वलंत मुद्दों पर भी गंभीर मंथन किया जाएगा। इनमें प्रमुख रूप से पुरानी पेंशन बहाली,प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता,अनुकंपा नियुक्ति प्रक्रिया का सरलीकरण,लंबित क्रमोन्नति, ग्रेज्युटी में पूर्ण सेवाकाल की गणना जैसे विषय शामिल हैं जिन पर चर्चा कर संघ की भविष्य की संघर्ष रणनीति तय की जाएगी।




**श्रीमती नैन तारा तिवारी-** सिविल लाइन रीवा निवासी श्री डॉ. एके तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती नैन तारा तिवारी (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रवि सिंह ठाकुर-** नई बस्ती माढ़ोताल निवासी श्री रवि सिंह ठाकुर (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अनुभव त्रिपाठी-** डिफेंस कॉलोनी सिविल लाइन निवासी श्री अशोक कुमार त्रिपाठी के पुत्र श्री अनुभव त्रिपाठी (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सत्तो बाई-** जार्ज डिसल्वा वार्ड गोरखपुर निवासी श्री जालिम सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती सत्तो बाई (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती विद्या बाई-** लेमा गार्डन गोहलपुर आवास योजना निवासी श्री पूरन चंद की धर्मपत्नी श्रीमती विद्या बाई (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजकुमार कोरी-** बाबा टोला फकीरचंद के अखाड़े के पास निवासी श्री चंद्रिका प्रसाद कोरी के पुत्र श्री राजकुमार कोरी (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अमृत लाल सोनी-** धनवंतरी नगर परसवाड़ा निवासी श्री अमृत लाल सोनी (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुभाष चौधरी-** वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री जगदीश चौधरी के पुत्र श्री सुभाष चौधरी (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विजय सिंह राजपूत-** सिविल लाइन निवासी श्री विजय सिंह राजपूत (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती तारा बाई मलिक-** प्रेमसागर मरही माता मंदिर के पास निवासी श्री कुंजी लाल मलिक की धर्मपत्नी श्रीमती तारा बाई मलिक (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नवीन दक्षिनी-** हाथीताल राम मंदिर के पास निवासी श्री नरेंद्र दक्षिनी के पुत्र श्री नवीन दक्षिनी (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गीता विनोदिया-** कोरी मोहल्ला शीतलामाई निवासी श्री महेश विनोदिया की धर्मपत्नी श्रीमती गीता विनोदिया (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती हिमानी दत्ता-** चंद्रशेखर वार्ड रांझी निवासी श्री एससी दत्ता की धर्मपत्नी श्रीमती हिमानी दत्ता (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
न्यूनतम साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 8x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362160

# किसान कल्याण वर्ष में हर खेत तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने का है संकल्प

## सोहागपुर क्षेत्रवासियों को मिली सौगात, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन का आभार माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र को हर क्षेत्र में लगातार बड़ी सौगातें मिल रही हैं। पिछले 11 वर्षों के कालखंड में संपूर्ण देश के साथ हमारा प्रदेश भी बदल रहा है। राज्य सरकार ने वर्ष-2026 को किसान कल्याण वर्ष घोषित किया है। पूरे साल में अनेक किसान हितैषी निर्णय लिए जाएंगे। प्रदेश सरकार ने हर खेत तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने का बीड़ा उठाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुंदेलखंड से केन-बेतवा नदी जोड़ो अभियान की शुरुआत की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार की शाम मुख्यमंत्री निवास में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने क्षेत्रवासियों को मिली सौगातों के लिए मुख्यमंत्री का आभार माना। सोहागपुर से आए पार्टी पदाधिकारी, स्थानीयजन एवं विस्थापित जनजातीय परिवारों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आत्मीय अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने पर क्षेत्र के कई जिलों के किसानों के खेतों में फसलें लहलहाएंगी। राज्य सरकार प्रदेश की प्रगति में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में नर्मदापुरम जिले में 2 सिंचाई परियोजनाओं के लिए 215 करोड़ 47 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। इससे सोहागपुर और पिपरिया क्षेत्र के किसानों एवं स्थानीय जनजातीय भाई-बहनों को अनुपम सौगात मिली है।


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन का आभार व्यक्त करते विधायक विजयपाल सिंह और सोहागपुरवासी।

### विरासत भी और विकास भी: सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र का वार्षिक बजट अब 4 लाख 21 हजार करोड़ रुपए हो चुका है। प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति प्रदान करने के लिए हमारी सरकार संकल्पित है और इसके सुखद परिणाम अब जमीन पर नजर आने लगे हैं। नर्मदापुरम जिले में बाबई-मोहासा औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। इससे निकट भविष्य में सोहागपुर-पिपरिया और आसपास के क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। राज्य सरकार विरासत के संरक्षण के साथ विकास के पथ पर अग्रसर है। प्रदेश के गरीब, किसान, युवा और नारी कल्याण के लिए जनहितैषी निर्णय लिए गए हैं। प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पचमढ़ी में कैबिनेट बैठक आयोजित कर हमने क्षेत्र के गौरव राजा भभूत सिंह का स्मरण किया। इसी प्रकार इंदौर, खजुराहो, ग्वालियर जैसे स्थानों पर भी कैबिनेट बैठकों में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

## खबर संक्षेप



### विंध्य एकता परिषद् मप्र की अध्यक्ष बनीं द्विवेदी

**भोपाल।** विंध्य एकता परिषद् मप्र की नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी की प्रथम बैठक एवं पदभार ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। बैठक में वंदना द्विवेदी को पुनः प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम दरबार के पूजन एवं श्रीरामचरित मानस के सुमिरन के साथ हुआ। वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहन प्रसाद मिश्रा द्वारा रामायण की प्रस्तुति दी गई, फिर पदाधिकारियों ने पदभार ग्रहण कराया।

### शिक्षा क्षेत्र में योगदान के लिए राठौर सम्मानित



**भोपाल।** राजधानी स्थित बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति ने भारतीय स्टेट बैंक के सेवानिवृत्त सहायक महाप्रबंधक गोपाल राठौर को सम्मानित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन, 500 से अधिक पुस्तकें दान की। जनभागीदारी अध्यक्ष बारेलाल अहिरवार और प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने राठौर की अस्वस्थता के कारण उनके निवास पर पहुंचकर शॉल, श्रीफल और सम्मान पत्र प्रदान किया।

### जल-सुनवाई, 42 सैंपल की जांच, 5 शिकायतें

**भोपाल।** मंगलवार को नगर निगम के 85 वार्डों में सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक जल सुनवाई हुई। इस दौरान 42 पानी के सैंपल की जांच की गई जबकि अलग-अलग क्षेत्रों में पानी की समस्या ओ लेकर पांच शिकायतें दर्ज करवाई गई हैं। निगम प्रशासन के अनुसार सामान्य मानकों रंग, स्वाद, गंध, पीएच, कुल क्षारीयता, क्लोराईड, कुल कठोरता, कैल्शियम कठोरता, मैग्निषियम कठोरता, टीडीएस, टरबीडिटी के साथ ही रेसिडुअल क्लोरीन, कोलीफार्म, ई-कोलाई आदि मानकों के आधार पर जल परीक्षण किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री ने विक्रमोत्सव- 2026 की तैयारियों के संबंध में ली बैठक

# विक्रमोत्सव में विक्रमादित्य के व्यक्तित्व के सभी आयामों का हो 'प्रकटीकरण'

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सम्राट विक्रमादित्य के साहस और सृजन ने शौर्य और संगठन के नए प्रतिमान स्थापित करते हुए भारतीय संस्कृति को समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित विक्रमोत्सव में उनके व्यक्तित्व के सभी आयामों का प्रभावी प्रकटीकरण सुनिश्चित किया जाए।

नई पीढ़ी को सम्राट विक्रमादित्य के योगदान से परिचित कराना, भारतीय ज्ञान और सांस्कृतिक परंपरा की निरंतरता के लिए आवश्यक है। डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि आयोजन पूर्ण भव्यता, सुव्यवस्था और सांस्कृतिक गरिमा के उच्चतम मानकों के अनुरूप हो। उन्होंने उज्जैन में होने वाले विक्रमोत्सव-2026 की तैयारियों के संबंध में मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में बैठक के दौरान यह निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आयोजन की समग्र रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं विभागीय समन्वय की विस्तार से समीक्षा की।

**खास बातें**

- पार्श्व गायक सोनू निगम वर्ष प्रतिपदा 19 मार्च को उज्जैन में देंगे प्रस्तुति
- वेद अंताक्षरी, शोध संगोष्ठी और कवि सम्मेलन होंगे आकर्षण का केंद्र


बैठक में अधिकारियों से चर्चा करते सीएमः डॉ. यादव।

### विक्रमोत्सव को लेकर मुख्यमंत्री ने दिए ये निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन प्रदेश तथा अन्य राज्यों के प्रमुख नगरों में भी किया जाए। उन्होंने स्कूल-कालेजों में सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उज्जैन में कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत हो रहे विक्रमोत्सव में कृषि पर केंद्रित प्रदर्शनी तथा अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएं। डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि सम्राट विक्रामादित्य के वैज्ञानिक पक्ष पर केंद्रित आयोजनों में विज्ञान महाविद्यालय, इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेजों को भी जोड़ा जाए। सम्राट विक्रमादित्य अलंकरण में भारत सरकार की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उसे भव्य और राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया जाए।

### उज्जयिनी गौरव दिवस के रूप में मनेगा वर्ष प्रतिपदा

बैठक में 15 फरवरी से शुरू होने वाले विक्रमोत्सव 2026 के कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया गया कि इस समापन 19 मार्च को गुड़ी पड़वा पर रामघाट दत्त अखाड़ा पर सूर्योपासना के साथ होगा। इसके साथ ही 19 मार्च वर्ष प्रतिपदा, सृष्टि आरंभ दिवस को उज्जयिनी गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम शिप्रा नदी के तट पर होगा, जिसके अंतर्गत सम्राट विक्रमादितय अलंकरण और विक्रम पंचांग 2082-83 व आर्ष भारत द्वितीय संस्करण के लोकार्पण के साथ ही महादेव की नदी कथा-नृत्य नाट्य की प्रस्तुति होगी।

सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक सोनू निगम सांगितिक प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर भव्य आतिशबाजी भी की जाएगी। गुड़ी पड़वा पर प्रदेश के सभी जिलों में विक्रमोत्सव का आयोजन होगा। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन, अपर मुख्य सचिव संस्कृति शिवशेखर शुक्ला, प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेंद्र कुमार सिंह, सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय तथा प्रबंध संचालक मप्र पर्यटन विकास निगम डॉ इलैया राजा टी, आयुक्त जनसम्पर्क दीपक कुमार सक्सेना तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### चारकोल प्लांट के समझौते और संचालन की स्थिति पर रिपोर्ट मांगी

# कलियासोत कचरा डंपिंग मामले में एनजीटी ने निगम से किया जवाब तलब, 13 को सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कलियासोत क्षेत्र में ग्रीन बेल्ट में कचरा डंपिंग मामले को लेकर एनजीटी ने सख्त रुख अपनाते हुए नगर निगम से जवाब तलब किया है। साथ ही चारकोल प्लांट के समझौते और संचालन की स्थिति पर रिपोर्ट भी मांगी है।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में अब इस मामले की अगली सुनवाई 13 फरवरी को होगी। तब तक सभी संबंधित विभागों और अधिकारियों को अनुपालन रिपोर्ट तैयार करनी होगी। भोपाल नगर निगम को इस मामले को लेकर हल्फनामा देना होगा। मंगलवार को नितिन सक्सेना बनाम मध्यप्रदेश राज्य व अन्य मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस शिव कुमार सिंह और




विशेषज्ञ सदस्य सुधीर कुमार चतुर्वेदी ने कलियासोत क्षेत्र सहित शहर के ग्रीन बेल्ट में कचरा डंपिंग और कचरा जलाने की घटनाओं को गंभीर पर्यावरणीय अपराध बताया। ट्रिब्यूनल ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उल्लंघन को स्पष्ट मानते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। प्रमुख सचिव (नगरीय विकास) और सभी कलेक्टर्स को निर्देशित किया गया है कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 का सख्ती से पालन कराया जाए।

### *चारकोल प्लांट के संचालन की रिपोर्ट भी मांगी*

*एनजीटी की ओर से भोपाल नगर निगम आयुक्त को एनटीपीसी और भोपाल आरएनजी प्राइवेट लिमिटेड के साथ चारकोल प्लांट के समझौते और संचालन की स्थिति पर रिपोर्ट देने को कहा गया है। साथ ही सभी स्थानीय निकायों को पर्यावरण सेल गठित करने और पर्यावरण विशेषज्ञ की नियुक्ति के निर्देश भी दिए गए हैं। आदमपुर डंप साइट और लेगेसी वेस्ट पर रिपोर्ट तलब भोपाल कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त को आदमपुर खंती और अन्य स्थानों पर वर्षों से जमा पुराने कचरे के निस्तारण पर एक्शन टेकन*

### 270 ग्राम कोकीन बरामद, कीमत 27 लाख रुपए

# एयरपोर्ट पर कोकीन के साथ नाइजीरियन युवक गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने एक नाइजीरियन युवक को कोकीन के साथ पकड़ा है। युवक के पास से 270 ग्राम कोकीन बरामद हुई है। दिल्ली से रायपुर आई फ्लाइट में नाइजीरियन युवक सफर कर रहा था।

### *दिल्ली से इंडिगो की फ्लाइट से पहुंचा था रायपुर*

*अधिकारियों के अनुसार, एयरपोर्ट पर जब्त की गई कोकीन की कीमत करीब 25 लाख रुपये है। युवक बुधवार को दिल्ली से इंडिगो की फ्लाइट से रायपुर पहुंचा था। एयरपोर्ट के अंदर ही ऊफक की टीम ने संदेश के आधार पर युवक को रोका और उसके सामान की तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से 270 ग्राम कोकीन मिली। जानकारी के अनुसार, डीआरआई अधिकारियों को खुफिया जानकारी दी गई थी कि एक युवक कोकीन लेकर फ्लाइट में सफर कर रहा है जिसके बाद टीम ने निगरानी बढ़ा दी थी। एयरपोर्ट के अंदर संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर टीम ने नाइजीरियन युवक से पूछताछ की। जब टीम को शक हुआ तो उसके सामान की तलाशी ली गई। डीआरआई अधिकारियों के अनुसार, आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इस पूरे मामले में उससे पूछताछ जारी है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि कोकीन कहां से लाई गई थी।*

### ई-मेल के जरिए दी धमकी, बम और डॉग स्क्वायड मौके पर पहुंचे

# छत्तीसगढ़ की अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी, प्रशासन मुस्तैद, दिन भर चली तलाशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सरगुजा जिला एवं सत्र न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिलने से बुधवार को प्रशासनिक अमला सतर्क हो गया। यह धमकी जिला न्यायाधीश की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर प्राप्त हुई, जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन तत्काल हरकत में आ गया। सूचना मिलते ही सरगुजा एसपी, एएसपी सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ जिला न्यायालय परिसर पहुंचे। सुरक्षा की दृष्टि से बम स्क्वायड और डॉग स्क्वायड की टीमों द्वारा पूरे न्यायालय परिसर की गहन तलाशी ली गई।

इस दौरान न्यायालय में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की मेटल डिटेक्टर से जांच की गई। साथ ही, आने-जाने वाले वाहनों की भी सघन तलाशी ली गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अब तक की जांच में कोई भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति सामने नहीं आया है। इसके बावजूद, एहतियातन न्यायालय परिसर और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है। सरगुजा एसएसपी राजेश अग्रवाल ने बताया कि न्यायालय को लेकर एक सिक्योरिटी थ्रेट से संबंधित ई-मेल प्राप्त हुआ था। उन्होंने यह भी बताया कि धमकी भरा ई-मेल आउटलुक प्लेटफॉर्म से भेजा गया है,



जिसकी तकनीकी जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि ई-मेल कहां से भेजा गया और इसके पीछे किसका उद्देश्य है। फिलहाल, जिला न्यायालय परिसर में कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं और पुलिस लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए है। सभी की जांच कर ही न्यायालय के अंदर जाने दिया गया। राजनांदगांव और बस्तर न्यायालय की भी धमकी ठीक इसी तरह राजनांदगांव एवं बस्तर न्यायालय परिसर में भी बम रखे होने की सूचना मिली है। यहां भी सूचना के बाद से ही राजनांदगांव एवं बस्तर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है और अलर्ट मोड पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। न्यायालय के पूरे परिसर को बारीकी से खंगाला जा रहा है। बम निरोधक दस्ते की टीमें भी मौके पर मौजूद हैं और न्यायालय के अंदरूनी हिस्सों व विभिन्न कक्षों की गहन तलाशी ली गई।

# कैबिनेट बैठक में 2 सिंचाई परियोजनाओं के लिए 215 करोड़ 47 लाख रुपए की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में नर्मदापुरम में 2 सिंचाई परियोजनाओं के लिए 215 करोड़ 47 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इस अनुसार तवा परियोजना (दायीं तट नहर) की बागरा शाखा नहर होज सिंचाई परियोजना की लागत 86 करोड़ 76 लाख रुपए, प्रस्तावित सिंचाई क्षेत्र 4200 हेक्टेयर की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई।

परियोजना से नर्मदापुरम जिले की बाबई एवं सोहागपुर तहसील के 33 ग्रामों को सिंचाई सुविधा का लाभ होगा। नर्मदापुरम जिले की तवा परियोजना की दांयी तट नहर से पिपरिया ब्रांच कैनाल होज सिंचाई परियोजना की लागत 128 करोड़ 71 लाख रुपए, प्रस्तावित सिंचाई क्षेत्र 6000 हेक्टेयर की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। परियोजना से नर्मदापुरम जिले की सोहागपुर तहसील के 30 ग्राम लाभान्वित होंगे। इससे अब फसलों का उत्पादन बढ़ सकेगा।

### 17 योजनाओं की निरंतरता के लिए 17,864 करोड़ 26 लाख की मंजूरी

कैबिनेट ने जनजातीय कार्य विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग और राजस्व विभाग की वर्ष 2026-27 से वर्ष 2030-31 की अवधि के लिए 17 योजनाओं की निरंतरता के लिए 17,864 करोड़ 26 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। इस अुनसार जनजातीय कार्य विभाग की शुल्क की प्रतिपूर्ति, परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण, स्काउट गाइड, परिवहन, स्वास्थ्य, विभिन्न पुरस्कार आदि 15 योजनाओं के लिए 377 करोड़ 26 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई। इसीतरह खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की मुख्यमंत्री कृषक फसल उपार्जन सहायता के लिए 15 हजार करोड़ रुपए और राजस्व विभाग की तहसील, जिला संभाग के कार्यालय एवं आवासीय भवन का निर्माण योजनाओं के लिए 2,487 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है।

### यूजीसी के 'उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के संवर्धन के लिए विनियम, 2026' का उद्देश्य महत्वपूर्ण, परंतु विनियमों में स्पष्टता, संतुलन आवश्यक : अभाविप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी अधिसूचना विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के संवर्धन हेतु) विनियम, 2026 का उद्देश्य महत्वपूर्ण है, परंतु इन विनियमों में स्पष्टता और संतुलन अत्यंत आवश्यक है। अभाविप मानती है कि यूजीसी तथा सभी शैक्षणिक संस्थानों को लोकतंत्र में अंतर्निहित भावना को अक्षुण्ण रखना चाहिए, जहां प्रत्येक नागरिक के पास समान अधिकार हों और भारत भेदभाव मुक्त तथा समता युक्त बने।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि, शैक्षणिक परिसरों में सौहार्द एवं समानता सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य है, जिसके लिए अभाविप ने सदैव प्रयास किए हैं। शैक्षणिक परिसरों में सभी वर्गों के लिए सामाजिक समानता होनी चाहिए तथा परिसरों में भेदभावों के लिए कोई स्थान नहीं हैं। इस विनियम को लेकर विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं हितधारकों के मध्य भ्रांतियां व्याप्त हैं, जिन पर यूजीसी को संवाद करते हुए संबंधित भ्रांतियों को दूर करने हेतु तत्काल स्पष्टीकरण देना चाहिए। अभाविप सदैव ही शैक्षिक परिसरों में सकारात्मक और समतायुक्त परिवेश बनाने की दिशा में कार्य करती रही है।

### अजीत पवार के आकस्मिक निधन पर सीएम ने जताया शोक



**रायपुर।** महाराष्ट्र के बारामती में हुए विमान दुर्घटना में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार सहित अन्य लोगों के आकस्मिक निधन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री साय ने इस घटना को अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक बताया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि अजित पवार का सम्पूर्ण जीवन कृषक कल्याण, जनसेवा और देश के विकास के लिए समर्पित रहा। उनका असमय देहावसान न केवल उनके परिजनों और समर्थकों के लिए, बल्कि महाराष्ट्र की राजनीति के लिए भी अपूरणीय क्षति है।

### सड़क हादसे में मामा-भांजे की मौत

**कोंडागांव।** जिले के केशकाल विकासखंड के अंतर्गत ग्राम बड़ेठेमली में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में मामा भांजे की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, इस घटना के बाद घर में मातम छा गया। मामले की जानकारी देते हुए बताया गया कि फरसगांव निवासी मामा-भांजे मेला देखने के लिए बाइक में सवार होकर गए हुए थे। वापस लौटने के दौरान बड़े ठेमली के जंगल में अचानक से बाइक का नियंत्रण बिगड़ने से दोनों गड्ढे में जा गिरे। इस हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी, जहां दोनों के शव को बाहर निकाला गया। वहीं, इस घटना में लोकेश मंडावी व कमलेश नेताम की मौत हो गई है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### प्रमुख अभियंता राणा तथा बघेल ने उत्कृष्ट कार्य के लिए किया सम्मानित

देशभक्ति गीत एवं संस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ

# 77वें गणतंत्र दिवस समारोह में प्रमुख अभियंता ने किया सेवानिवृत्त अभियंताओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोक निर्माण विभाग के मुख्यालय निर्माण भवन में 77वें गणतंत्र दिवस का आयोजन भव्य रूप से किया गया। इस बार कार्यक्रम में नवाचार करते हुए प्रमुख अभियंता केपीएस राणा तथा प्रमुख अभियंता भवन एसएस बघेल ने सेवानिवृत प्रमुख अभियंता और मुख्य अभियंताओं को शॉल और श्रीफल तथा मोमेंटों देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर हेल्पलाइन कल्याण सरोवर तथा वाचक निरीक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मैदानी अफसर को भी सम्मानित किया गया। एक और नवाचार करते हुए आगामी 6 माह में सेवानिवृत होने कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभाग के कर्मचारियों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। राष्ट्रीय गीत का गायन किया गया।




### इन पूर्व अधिकारियों का हुआ सम्मान

इस मौके पर सेवानिवृत्त ईएनसी अखिलेश अग्रवाल, एमसी सोनी, विजय सिंह वर्मा, आरके मेहरा, नरेंद्र कुमार, पीसी बारस्कर, व्हीके अमर, बीपी पटेल, आरके अहिरवार, केसी अहिरवार, जीपी कटारे, डीएस भदौरिया, एसके बेहरे, पीसी निगम, एमके गुप्ता, मनोज पौराणिक आदि सेवानिवृत्त इंजीनियरों को सम्मानित किया गया।

### इन अभियंताओ को मिले प्रशस्ति-पत्र

कुलदीप सिंह (अधीक्षण यंत्री), राकेश तिवारी (कार्यपालन यंत्री), दीपिका तिवारी, कार्यपालन यंत्री (वि./ यां.), संवेदना पालिया, (कार्यपालन यंत्री), आसिफ मण्डल (अधीक्षण यंत्री), अंशुल श्रीवास्तव, सहायक यंत्री, मानवेन्द्रसिंह चौहान, सहायक यंत्री, जितेन्द्र खरे, उपयंत्री, टीपी श्रीवास्तव एसडीओ, गौरव गुप्ता (अनुविभागीय अधिकारी) शिवपुरी।

### सम्मानित होने वाले कर्मचारी यह रहे

बसंत सराठे, मोहन अय्यर, उषा अजीत, अशोक यादव निज सहायक प्रमुख अभियंता, विनिता तोनगरिया सहायक मानचित्रकार, कुलदीप शर्मा, सहायक ग्रेड-3 ( बजट शाखा), नीरज कुमार डेहरिया सहायक ग्रेड-3, सोबन सिंहनेगी आदि।

# सोने के बदले कर्ज दो साल में दोगुना होकर हुआ 15.6 लाख करोड़

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सोने की कीमतों में तेज उछाल के बीच सुरक्षित माने जाने वाले इस खंड में बैंकों और अन्य कर्जदाताओं की दिलचस्पी बढ़ने से देश में सोने के आभूषण के बदले कर्ज दो साल में करीब दोगुना होकर नवंबर 2025 तक 15.6 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। बुधवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

- सोने के बदले गोल्ड लोन में 42 फीसदी की वृद्धि दर्ज

क्रिफ हाई मार्क की रिपोर्ट के मुताबिक, नवंबर 2025 तक के एक साल में 'सोने के बदले कर्ज' (गोल्ड लोन) में 42 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इससे पहले नवंबर 2024 तक के वर्ष में इसमें 39 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी। इस वजह से नवंबर 2023 में 7.9 लाख करोड़ रुपये पर रहा कुल गोल्ड लोन पोर्टफोलियो दो साल में बढ़कर 15.6 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

## बैंकों और अन्य कर्जदाताओं की दिलचस्पी बढ़ी

### पात्रता बढ़ने से कर्ज राशि ज्यादा हुई

क्रिफ हाई मार्क ने कहा कि ऋण पोर्टफोलियो में यह तेज बढ़ोतरी सोने की ऊंची कीमतों और मजबूत गारंटी की वजह से हो रही है। सोने की कीमतों में आई तेजी से कर्ज लेने वालों की पात्रता बढ़ने से कर्ज की राशि भी ज्यादा हो गई है।



### खुदरा ऋण में गोल्ड लोन की हिस्सेदारी बढ़ी

रिपोर्ट के मुताबिक, सोने के बदले कर्ज को लेकर बढ़ते भरोसे के कारण खुदरा कर्ज के कुल पोर्टफोलियो में इसकी हिस्सेदारी भी बढ़ी है। नवंबर 2025 के अंत तक कुल खुदरा ऋण में गोल्ड लोन की हिस्सेदारी बढ़कर 9.7 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले 8.1 प्रतिशत थी।

### गोल्ड लोन खातों की वृद्धि सीमित रही

रिपोर्ट के मुताबिक, सक्रिय गोल्ड लोन खातों की संख्या में वृद्धि अपेक्षाकृत सीमित रही और इसमें 10.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। हालांकि 2.5 लाख रुपये से अधिक के कर्ज अब कुल पोर्टफोलियो का लगभग आधा हिस्सा बन चुके हैं जबकि मार्च 2023 में इनकी हिस्सेदारी 36.4 प्रतिशत थी।

### 56 फीसदी से अधिक कर्ज पुरुषों ने लिया

विश्लेषण में पाया गया कि कुल गोल्ड लोन में 56 प्रतिशत से अधिक कर्ज पुरुष उधारकर्ताओं ने लिए। हालांकि कर्ज चुकाने के मामले में महिला कर्जदारों का प्रदर्शन अपेक्षाकृत बेहतर रहा है।

### पीएसयू बैंकों का दबदबा बना हुआ

बाजार हिस्सेदारी के लिहाज से गोल्ड लोन में सरकारी स्वामित्व वाले बैंकों का दबदबा बना हुआ है और इस कारोबार में उनकी हिस्सेदारी करीब 60 प्रतिशत है। वहीं, गोल्ड लोन पर केंद्रित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की हिस्सेदारी 8.1 प्रतिशत रही।

## खबर संक्षेप

### सरकार करेगी स्टार्टअप की परिभाषा का विस्तार




**नई दिल्ली।** सरकार देश में उभरते उद्यमों के लिए परिवेश को और मजबूत करने के लिए स्टार्टअप की परिभाषा का विस्तार कर सकती है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। परिभाषा में 'डीप-टेक' और सहकारी समितियां शामिल होंगी। साथ ही स्टार्टअप को 'डीप-टेक' की ओर रुख करने की अनुमति मिलेगी।

### वोडाफोन आइडिया का घाटा कम होकर 5,286 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** कर्ज में फंसी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया का वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा कम होकर 5,286 करोड़ रुपये रहा। वोडाफोन आइडिया को पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 6,609 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा दर्ज किया था। राजस्व 11,323 करोड़ रुपये पर लगभग स्थिर रहा।

### एसीसी का लाभ 63 फीसदी घटकर 404 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** सीमेंट बनाने वाली कंपनी एसीसी लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 63 प्रतिशत घटकर 404.25 करोड़ रुपये रहा। अदाणी समूह की इकाई ने वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 1,091.79 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### एमओएफएसएल के लाभ में 58 फीसदी का इजाफा



**नई दिल्ली।** मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2025-26 का तीसरी तिमाही में 58 प्रतिशत बढ़कर 721 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने बताया कि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसने 456 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कुल शुद्ध आय 11.3 प्रतिशत बढ़कर 1,497 करोड़ रुपये हो गई। कंपनी की प्रबंधन अधीन परिसंपत्ति 33 प्रतिशत बढ़कर 1.89 लाख करोड़ रुपये रही। कंपनी के निदेशक मंडल ने प्रति शेयर छह रुपये का अंतरिम लाभांश घोषित किया है।

## राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने जारी किया अधिकृत आंकड़ा

# दिसंबर में जमकर हुआ औद्योगिक उत्पादन 7.8% से बढ़ा उत्पादन, दो साल का बना रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खनन, विनिर्माण एवं बिजली क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन से देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर दिसंबर 2025 में दो साल से अधिक के उच्चतम स्तर 7.8 प्रतिशत पर पहुंच गई। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापा जाने वाला औद्योगिक उत्पादन दिसंबर 2024 में 3.7 प्रतिशत बढ़ा था।

आधिकारिक बयान में कहा गया, '' दिसंबर 2025 में औद्योगिक गति और मजबूत हुई क्योंकि औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 7.8 प्रतिशत बढ़कर दो वर्ष से अधिक के अपने उच्च स्तर पर पहुंच गया। नवंबर 2025 में इसमें 7.2 प्रतिशत (संशोधित) की वृद्धि दर्ज की गई थी।'

**खास बातें**

- खनन, विनिर्माण व बिजली क्षेत्रों का मजबूत प्रदर्शन रहा
- अस्थायी अनुमान 6.7 फीसदी को संशोधित किया गया था
- विनिर्माण क्षेत्र में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई



### अप्रैल-दिसंबर में वृद्धि दर घटी थी

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने नवंबर 2025 के लिए औद्योगिक उत्पादन वृद्धि के अनुमान को पिछले महीने जारी किए गए 6.7 प्रतिशत के अस्थायी अनुमान से संशोधित करके 7.2 प्रतिशत कर दिया है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-दिसंबर अवधि के दौरान देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर घटकर 3.9 प्रतिशत रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 4.1 प्रतिशत थी।

### प्राथमिक वस्तुओं की वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत

*उपयोग-आधारित वर्गीकरण के अनुसार दिसंबर 2025 में सालाना आधार पर प्राथमिक वस्तुओं की वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत, पूंजीगत वस्तुओं में 8.1 प्रतिशत, मध्यवर्ती वस्तुओं में 7.5 प्रतिशत, अवसंरचना/निर्माण वस्तुओं में 12.1 प्रतिशत, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं में 12.3 प्रतिशत और उपभोक्ता गैर-टिकाऊ वस्तुओं में 8.3 प्रतिशत रही।*

### विनिर्माण क्षेत्र में आईटी क्षेत्र में ज्यादा वृद्धि

एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2025 में विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो दिसंबर 2024 में 3.7 प्रतिशत रही थी। इसमें कहा गया, '' विनिर्माण क्षेत्र में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज करने वाले उद्योग कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक व ऑप्टिकल उत्पाद (34.9 प्रतिशत), मोटर वाहन, ट्रेलर व सेमी-ट्रेलर (33.5 प्रतिशत) और अन्य परिवहन उपकरण (25.1 प्रतिशत) हैं।''

### खनन उत्पादन में 6.8 फीसदी की वृद्धि

खनन उत्पादन में 6.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जो दिसंबर 2024 में 2.7 प्रतिशत थी। बिजली उत्पादन में दिसंबर 2025 में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि 2024 की इसी महीने में यह 6.2 प्रतिशत थी।

### विनिर्माण क्षेत्र में 23 उद्योग समूह शामिल

*आईआईपी की वृद्धि में दिसंबर 2025 में शीर्ष तीन प्रमुख योगदान करने वाले क्षेत्र अवसंरचना निर्माण वस्तुएं, प्राथमिक वस्तुएं और मध्यवर्ती वस्तुएं हैं। विनिर्माण क्षेत्र में 23 उद्योग समूहों में से 16 ने दिसंबर 2025 में सालाना आधार पर सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है।*

### विनिर्माण क्षेत्र का योगदान 12.7 फीसदी रहा

*आईआईपी आंकड़ों में दिसंबर 2025 के शीर्ष तीन सकारात्मक योगदानकर्ताओं में बुनियादी धातुओं का विनिर्माण (12.7 प्रतिशत), मोटर वाहन, ट्रेलर व सेमी-ट्रेलर (33.5 प्रतिशत) और दवा औषधीय रसायन एवं वनस्पतिक उत्पाद (10.2 प्रतिशत) शामिल हैं।*

# चांदी रिकॉर्ड 3.85 लाख रुपए प्रति किलोग्राम पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- सोना 1.71 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम
- चांदी में 15,000 रुपए की तेजी दर्ज की गई

राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को सोना और चांदी की कीमतों में तेजी का सिलसिला जारी रहा। कमजोर अमेरिकी डॉलर और वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच दोनों नए शिखर पर पहुंच गए।

चांदी में लगातार तीसरे दिन तेजी आई और यह 15,000 रुपये यानी 4.05 प्रतिशत बढ़कर 3,85,000 रुपये (सभी कर सहित) प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले सत्र में यह 3,70,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर थी, जबकि शुक्रवार को यह 3,29,500 रुपये प्रति किलोग्राम थी। सराफा बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 5,000 रुपये यानी तीन प्रतिशत बढ़कर 1,71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए शिखर पर पहुंच गया। मंगलवार को यह 1,66,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### सुरक्षित निवेश के रूप में सराफा की मांग बढ़ी

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, /''सोना और चांदी लगातार मजबूत तेजी दिखा रही है और कीमतों को ऊपर जाने के लिए हर दिन नए कारण मिल रहे हैं।/ गांधी ने बताया कि मुख्य रूप से वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव और व्यापार संबंधित अनिश्चितताओं के कारण सुरक्षित निवेश के रूप में इन कीमती धातुओं की निवेश मांग बढ़ रही है।

## विमान बनाने वाली कंपनी बोइंग ने जारी की रिपोर्ट

# कंपनियों को 2044 तक होगी 3,300 नए विमानों की जरूरत

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद


भारत और दक्षिण एशिया की विमानन कंपनियों को हवाई यातायात की बढ़ती मांग से 2044 तक करीब 3,300 नए विमानों की आवश्यकता होगी।

- आपूर्ति में करीब 90 फीसदी सिंगल इंजन वाले विमान होंगे

विमान बनाने वाली अमेरिकी कंपनी बोइंग ने बुधवार को एक रिपोर्ट में कहा कि अनुमानित आपूर्ति में से करीब 90 प्रतिशत यानी 2,875 'सिंगल-आइल' विमान यानी एक गलियारा वाले विमान होंगे जबकि चौड़े आकार के विमानों की संख्या 395 होगी। दक्षिण एशिया के लिए अपने 'वाणिज्यिक बाजार परिदृश्य' (सीएमओ) में बोइंग ने कहा कि अगले दो दशकों में इस क्षेत्र की विमानन कंपनियों को करीब 45,000 पायलट, 45,000 तकनीशियन और चालक दल के 51,000 सदस्यों की आवश्यकता होगी। बोइंग के यूरेशिया एवं भारतीय उपमहाद्वीप के वाणिज्यिक विपणन के प्रबंध निदेशक अश्विन नायडू ने कहा कि भारत एक विकासशील बाजार है और देश में विमानों की संख्या में और वृद्धि होगी। भारत सबसे तेजी से विकसित होने वाला क्षेत्र है जहां अगले 20 वर्ष में बेड़े की संख्या चार गुना हो जाएगी।

### दो दशकों में बेड़ा चार गुना हुआ

रिपोर्ट के अनुसार, हवाई यात्रा की बढ़ती मांग का मतलब है कि विमानन कंपनियों को 2044 तक करीब 3,300 नए विमान की आवश्यकता होगी। इसमें कहा गया, '' वृद्धि और पुराने विमानों का बदले जाने की स्थिति को ध्यान में रखते हुए, भारतीय तथा दक्षिण एशियाई क्षेत्र के विमानों का बेड़ा दो दशकों में 795 से चार गुना होकर 2,925 हो जाएगा।



### हवाई यातायात 7 फीसदी की दर से बढ़ेगा

नायडू ने शहर में आयोजित चार दिवसीय विमानन शिखर सम्मेलन 'विंग्स इंडिया' 2026 के दौरान इस रिपोर्ट को पेश किया। बोइंग के अनुसार, '' बढ़ते मध्यम वर्ग, आर्थिक वृद्धि तथा हवाई अड्डों एवं संपर्क में निवेश से भारत और दक्षिण एशिया में यात्री हवाई यातायात अगले 20 वर्ष में औसतन सात प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ेगा।''

### लंबी दूरी के नेटवर्क का होगा विस्तार

*भारत के अंतरराष्ट्रीय यात्री एवं मालवाहक यातायात के एक प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित होने के साथ ही भारतीय और दक्षिण एशियाई विमानन कंपनियों के लंबी दूरी के नेटवर्क का विस्तार एवं विविधीकरण करने की उम्मीद है।*

# शैडोफैक्स का शेयर नौ फीसदी टूटकर सूचीबद्ध

नई दिल्ली। लॉजिस्टिक सेवा प्रदाता शैडोफैक्स का शेयर अपने निर्गम मूल्य 124 रुपये के मुकाबले नौ प्रतिशत से अधिक गिरावट के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई में शेयर 8.87 प्रतिशत की गिरावट के साथ 113 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। एनएसई पर शेयर ने 112.60 रुपये पर कारोबार शुरू किया जो निर्गम मूल्य से 9.19 प्रतिशत कम है।


**कार्यालय नगर परिषद लखनादौन, जिला सिवनी (म.प्र.)**
फोन नं. - 07690-240139 ईमेल - cmolakhnadoan@mpurban.gov.in

NIT : 244/E-Tender/Lakhnadon/2026 DATE :- 24.01.2026

**// निविदा सूचना / /**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2026_UAD_477618_1 दि. 24-01-2026 | नगर परिषद लखनादौन में जल शुद्धिकरण कार्य हेतु फेरिक एलम सामग्री प्रदाय करने हेतु निविदा (दर / कि.ग्रा.) | 07 दिन, 5,00,000/- | 2,000/- 10,000/- | 09/02/2026 |
| 2026_UAD_477619_1 दि. 24-01-2026 | नगर परिषद लखनादौन में प्रकाश व्यवस्था बनाये जाने हेतु स्ट्रीट लाईट एल.ई.डी. 90 वॉट एवं 45 वॉट सामग्री प्रदाय करने हेतु निविदा ।(दर / नग) | 07 दिन, 5,00,000/- | 2,000/- 10,000/- | 09/02/2026 |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर परिषद लखनादौन**



**LIC HFL** LIC HOUSING FINANCE LTD

**एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.**
एरिया ऑफिस :-18, सिविक सेंटर, खंडेलवाल कॉम्प्लेक्स, प्रभु वंदना टॉकीज के सामने, मराठाल, जबलपुर - 482001 (म.प्र.) फोन नं. 0761-2401338, Website: www.lichousing.com

**मांग सूचना**

(वित्तीय आस्तियों का प्रतिशूतिकरण एवं पुर्ननिर्माण और सिक्योरिटी इन्ट्रेस्टे एक्ट 2002 की प्रवर्तन की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग नोटिस) (1) क्रमांक (2) गृह ऋण खाता क्रमांक (3) ऋणी का नाम व पता (4) सम्पत्ति का पता (5) स्वीकृत ऋण राशि एवं दिनांक (6) बकाया राशि क्र .

| क्र | गृह ऋण खाता क्रमांक | ऋणी का नाम व पता | सम्पत्ति का पता | स्वीकृत दिनांक / स्वीकृत ऋण राशि / मांग सूचना दिनांक | बकाया राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | 120500009151 | श्री रवि चंद गलंकी श्रीमती नीरजा गलंकी पता: हाउस नंबर 10, भगवती ग्रीन्स, पिपरिया खमरिया, जबलपुर, मध्य प्रदेश 482005 | लेआउट प्लॉट नंबर 10, भगवती ग्रीन्स, मौजा पिपरिया, न्यू वार्ड नंबर 79, महाराजपुर, पनागर, जबलपुर, मध्य प्रदेश 482005 एरिया 1000 वर्गफिट सीमाएँ:- पूरब में प्लॉट नंबर 11, पश्चिम में प्लॉट नंबर 09, उत्तर में साइड रोड, दक्षिण में कुंती बाई की प्रॉपर्टी। | 14/03/2017<br>16,00,000/-<br>15/01/2026 | 14,35,269.73 + ब्याज व अन्य खर्चे |
| 2. | 8002050004290 | श्रीमती संध्या ग्रे श्री नीरज कुमार पता: हाउस नंबर 1857, लालमती द्वारका नगर, सिद्ध बाबा, जबलपुर, 482001 | प्लॉट नंबर 19, सुशीला परिसर, अमखेरा, अधारताल, वार्ड नंबर 74, जबलपुर, मध्य प्रदेश 482004 एरिया 800 वर्गफिट सीमाएँ:-, पूरब में-साइड रोड से घिरा, पश्चिम में- दूसरी प्रॉपर्टी खसरा नंबर 98, उत्तर में-प्लॉट नंबर 18, दक्षिण में -संजय पटेल का प्लॉट | 22/01/2025<br>30,00,000/-<br>15/01/2026 | 29,39,393.75 + ब्याज व अन्य खर्चे |

आपके अनुरोध पर हमने आपको गृह ऋण वित्त राशि के रूप में इकरार नामे की शर्तों के अनुसार स्वीकृत की थी । जिनको आपने स्वीकार किया था । (1) स्वीकृत ऋण राशि स्वीकृति दिनांक एवं आपके खाता संख्या का ब्यौरा ऊपर दिया गया है । (2) आपको विदित है कि आपको प्रदत्त ऋण राशि उपरोक्त (कालम नं . 5) आस्ति । प्रतिभूति अनुबंध (रक्षित आस्ति) से रक्षित है । इसके लिए आपने आवश्यक दस्तावेज निष्पादन करके प्रतिभुति के रूप में सम्यबंधक किया है । (3) हम आपको यह भी सूचित करते है कि संपूर्ण ऋण अंदा करने हेतु बार - बार मांग नोटिस भेजे गए और मौखिक रूप से अनुरोध किए जाने के पश्चात भी अभी तक आपने ऋण अदा नहीं किया है । इस तरह आपने ऋण की अदायगी में गंभीर अनियमितता बरती है । (4) आज दिनांक तक आपको उपरोक्त राशि देय है (कालम नं . 6) 1 (5) ऊपर लिखे कारणों से हम एतद द्वारा आपको सूचित करते हैं कि इस नोटिस की प्राप्ति के 60 दिन के अंदर आप समस्त देय राशियों की भुगतान करें , न करने की स्थिति में हम सिक्योरिटाईजेशन एक्ट की धारा 13 (4) की शक्तियों का उपयोग करेंगे। (6) उपरोक्त शक्तियों के अधीन कार्यवाही करने पर प्राप्त धनराशि प्रथमतः समस्त व्यय प्रभार व खर्चे हेतु उपयोग की जावेगी। जो हमारी राय में उचित प्रकार से किए गए है या संबंधित हो एवं इसके पश्चात हमारे शेष जैसा कि उपरोक्त अदित है में दिनांक **31.01.2026** से वसूली की तारीख की संविदा गत हित के निस्तारण में प्रयोग की जावेगी एवं शेष धनराशि (यदि कोई हो तो) आपको भुगतान दिया जायेगा । (7) एक्ट की धारा 13 (13) के अन्तर्गत आगाह करे कि इस नोटिस की प्राप्त के पश्चात आप इस नोटिस के दर्शायी गई किसी भी रक्षित आस्ति का अन्तरण , बिक्री पट्टे के द्वारा रक्षित ऋण दाता की लिखित पूर्ण सहमति के बिना नहीं कर सकेंगे। (8) एक्ट की धारा 13 (10) के अन्तर्गत हम आपको यह भी सूचित करते है कि यदि रक्षित आस्तियों बिक्री से प्राप्त हमारे ऋण की भरपाई नहीं होती है तो हम आपके विरूद्ध ऋण वसूली अधिकरण (DRT) में जाकर शेष धन राशि की वसूली के लिए कार्यवाही करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। यह मांग नोटिस दो समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जा रहा है।

दिनांक : **29.01.2026**
स्थान : जबलपुर

आज्ञा से
प्राधिकृत अधिकारी
एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.



**LIC HFL** LIC HOUSING FINANCE LTD

**एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.**
एरिया ऑफिस :-18, सिविक सेंटर, खंडेलवाल कॉम्प्लेक्स, प्रभु वंदना टॉकीज के सामने, मराठाल, जबलपुर - 482001 (म.प्र.) फोन नं. 0761-2401338, Website: www.lichousing.com

**परिशिष्ट-IV नियम 8(1) आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति के लिए)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारियों को ब्याज राशि सहित नोटिस प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणीग्रहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहा है अत: ऋण ग्रहिता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ पढ़ा जाये एतरिमन नीचे वर्णित संपत्ति का आधिपत्य को ग्रहण कर लिया गया है। ऋणगहिता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यत: एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिये निम्न खाते के सामने अंकित एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. प्रभार के अधीन होगा।

| क्रं | ऋण खाता संख्या | खातेदार का नाम एवं पता | संपत्ति विवरण | मांग सूचना तिथि / कब्जा सूचना | उल्लेखित राशि मांग सूचना पत्र ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 120500015853 | श्रीमती ज्योति चौरसिया श्री मनीष चौरसिया पता लेआउट प्लॉट क्रमांक 413, मौजा करमेता, नया वार्ड क्रमांक 73, अधारताल, जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश। | प्लॉट नंबर 413 का हिस्सा, एनबी 497, पटवारी हल्का नंबर 26 नया नंबर 78, मौजा करमेता, आरएनएम माढ़ोताल (पुराना महाराजपुर), नया वार्ड नंबर 73, तहसील अधारताल (पुराना पनागर), जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश। एरिया 800 वर्गफीट सीमाएँ:- पूर्व में- प्लॉट नंबर 400, पश्चिम की तरफ सड़क, उत्तर में- प्लॉट नंबर 414, दक्षिण में- प्लॉट नंबर 413 का बाकी हिस्सा | 04/11/2025<br>28/01/2026 | 17,83,642.38/- + ब्याज व अन्य खर्चे |
| 2. | 120500015942 | श्री मोहम्मद अमीन पता नया वार्ड क्र 74, बुलबुल स्कूल के पास, तह. पनागर (अधारताल), जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश। | भूमि पी-2 खसरा क्रमांक 417 / 2 का भाग और व्यपवर्तित खसरा क्रमांक 417 / 2 का भाग, मौजा अमखेरा, एनबी 04, पटवारी हल्का क्रमांक 24 नया 80, आरएनएम महाराजपुर (माढ़ोताल), नया वार्ड क्रमांक 74, तहसील पनागर (अधारताल), जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश। क्षेत्रफल 1000 वर्गफीट, सीमाएँ:- उत्तर की ओर सड़क की ओर, दक्षिण में मध्य प्रदेश सरकार की संपत्ति, पूर्व में खालिद की संपत्ति, पश्चिम में माणिक लाल केवट की संपत्ति | 09/10/2025<br>28/01/2026 | 17,48,743.43/- + ब्याज व अन्य खर्चे |

ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित (**Notice**) किया जाता है। कि इस नोटिस के छपने की तारीख के 30 दिनों के अंदर, वे उपरोक्त राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं खर्चो का भुगतान कर देवें अन्यथा उक्त वर्णित संपत्ति की नीलामी कर दी जावेगी तथा उसके बाद ऋण एवं ब्याज की वसूली खर्चे सहित ऋणी एवं जमानतदार से की जावेगी।

दिनांक : 29.01.2026
स्थान : जबलपुर

आज्ञा से
प्राधिकृत अधिकारी
एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.

# यूजीसी कानून का विरोधः नारेबाजी, प्रदर्शन

## सड़कों पर उतरा सवर्ण समाज





**जबलपुर।** यूजीसी द्वारा बनाए गए काले कानून को लेकर आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। बुधवार को जबलपुर में सवर्ण समाज सड़को पर उतर आया। नारेबाजी कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया और यूजीसी का कानून वापस नहीं लेने पर कड़े कानून की चेतावनी दी गई। आंदोलन में समस्त ब्राह्मण संगठन,अग्रवाल संगठन, वैश्य संगठन, क्षत्रीय संगठन , जैन संगठन, अनंत ब्राह्मण सभा, महिला मंडल के पदाधिकारी व सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सरकार समाज को बांटने का काम कर रही है। इसे कतरइ बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। वक्ताओं ने आगे कहा कि एक सवर्ण छात्र अपने साथी छात्र जिसके साथ वह थाली सांझा करता था, आज काला कानून इस दोस्ती को दुश्मनी में बदल देगा। सामाजिक समरसता समाप्त होगी। वक्ताओं ने कहा कि बराबरी करने के लिए शिक्षा अर्जन पर बल दिया जाना चाहिए। आज हमारे बच्चे अपने दम पर नौकरियां कर रहे हैं अनुदान पर नहीं। कम से कम सरकार शिक्षा को इस कानून से दूर रखें। समस्त संगठनों ने घंटाघर के पास नारेबाजी किया और राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपा गया, जिसमें मांग की गई कि इस काले कानून को वापस लिया जाए अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा। इसका स्वरूप विध्वंसक भी हो सकता है।

## जबलपुर में पहली बार संस्कृत भाषा में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ

**जबलपुर।** गुणायतन प्रणेता मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज एवं मुनि श्री संधानसागर महाराज की उपस्थिति में 30 जनवरी से टेलीग्राफ ग्राउंड रानीताल चौक पर पहली बार संस्कृत भाषा में निवद्ध श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन होगा।



यह आयोजन 8 फरवरी तक लगातार चलेगा। विशाल पांडाल में 151 बेदी, 151 भगवान, लगभग दो हजार इंद्राणियां और तीन हजार श्रावक-श्राविकाओं के बैठने की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक दिन प्रातः 6:30 बजे मंगलाष्टक के साथ पूजन, अभिषेक और मंत्रोच्चारण होगा। विधान के मध्य में मुनि श्री प्रमाणसागर के प्रवचन और शंकासमाधान का लाभ भक्तों को मिलेगा।दोपहर 12:30 बजे डी. एन. जैन बोर्डिंग मंदिर से घटयात्रा के साथ श्री जी की शोभायात्रा कार्यक्रम स्थल तक निकाली जाएगी। दौपहर 2:30 बजे ध्वजारोहण और पांडाल उद्घाटन होगा। विधानाचार्य बाल ब्र. अशोक भैया एवं बाल ब्र. अभय भैया पांडाल की शुद्धि एवं सकलीकरण की क्रियाएँ संपन्न करेंगे। मुनि श्री प्रमाणसागर ने प्रवचन में बताया कि "शांति हमारे मन में पहले से वसी है, केवल इसे प्रकट करने की आवश्यकता है। अहंकार और ममकार को त्याग कर, केवल अपने अंदर उतरकर जीवन में स्थिरता और शांति स्थापित की जा सकती है। तत्वज्ञान वही पराक्रमी है जो बड़ी विपदाओं में भी स्थिरता प्रदान करता है।





## नयागांव गृह निर्माण सहकारी समिति में गणतंत्र दिवस मनाया गया

**जबलपुर।** नयागांव गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, जबलपुर के कार्यालय परिसर में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष रजत भार्गव की अध्यक्षता में वरिष्ठ सदस्यों वी.पी. चावला एवं पी.के. वैश्य द्वारा राष्ट्रध्वज फहराया गया। ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित सदस्यों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया। इस अवसर पर देश की स्वतंत्रता, संविधान एवं लोकतांत्रिक मूल्यों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल सहित समिति के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं।

## श्री नगर पंडित महासभा की पत्रिका विमोचित

**जबलपुर।**



परम पूज्य द्वारिका शारदा पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती के द्वारा श्री नगर पंडित महासभा जबलपुर के द्वारा मुहूर्त पत्रिका का विमोचन मातेश्वरी गार्डन चेरीताल जबलपुर में सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर शंकराचार्य ने अपने सम्बोधन में कहा कि पंडितों को सदैव शुचिता सम्पन्न वेद विधि विधान पूर्वक कर्मकांड यज्ञ अनुष्ठान सम्पन्न कराना चाहिये, जिससे यजमान के साथ-साथ सम्पूर्ण जगत का भी कल्याण हो,

हमारा सनातन धर्म सर्वे भवंतु सुखिनः की भावना रखते हुये जगत का कल्याण चाहता है अपने बच्चों में शुभ संस्कार डालें, उचित ज्ञान विज्ञानमयी शिक्षा प्रदान करें, चंदन तिलक रक्षा सूत्र बांधें। इस अवसर पर सभा के महामंत्री ज्योतिषाचार्य पं. संतोष शास्त्री ने कहा कि नगर पंडित सभा अपने पौरोहित्य कर्म से समस्त संस्कारधानी का आध्यात्मिक कल्याण करती है, सोलहों संस्कारों को सम्पन्न कराकर समाज को संस्कारित करती है एवं सभी के सुख मंगल के लिये माँ नर्मदा से मंगल कामना करती है। इस अवसर पर अध्यक्ष पं. रमेश दुबे, महामंत्री पं. संतोष शास्त्री, कोषाध्यक्ष पं. दीपू तिवारी विधायक पं. डॉ. अभिलाष पाण्डेय, आयोजक पं. राजेश दुबे, अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, उपाध्यक्ष पं. अशोक पाण्डेय, पं. शैलेन्द्र तिवारी, पं. आशुतोष दीक्षित, डॉ. अरुण मिश्रा, पं. संजय तिवारी, पं. दिनेश गर्ग, आदि लोग सम्मिलित हुये।

## महाकोशल जनप्रतिनिधि विचार मंच ने जन समस्याओं पर किया मंथन

**जबलपुर।** ग्वारीघाट बादशाह हलवाई मंदिर स्थित कार्यालय में महाकोशल जनप्रतिनिधि विचार मंच के तत्वावधान में नववर्ष मिलन समारोह आयोजित किया गया। बैठक में शहर एवं प्रदेश की जन समस्याओं पर चर्चा करते हुए शिक्षण संस्थानों एवं अस्पतालों में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में जन आंदोलन का निर्णय लिया गया। वरिष्ठ समाजसेवी विजय कांडा, राजेन्द्र चौधरी, रूपलाल यादव, बलविंदर मान एवं रामदास यादव ने विचार रखे। प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज के साथ हुए दुरव्यवहार के विरोध में उप्र सरकार के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में विजय कांडा, राजेन्द्र चौधरी, रूपलाल यादव, ठा. दीपक सिंह राजपूत, बी.के. तिवारी, पिंकी ठाकुर सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ठा. दीपक सिंह राजपूत एवं आभार पिंकी ठाकुर ने व्यक्त किया।

## एयर वेटरन्स एसोसिएशन ने सपरिवार गणतंत्र दिवस मनाया



**जबलपुर।** जबलपुर एयर वेटरन्स एसोसिएशन ने सपरिवार गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई। एसोसिएशन के अध्यक्ष फ्लाइंग ऑफिसर अनंत मुदगल ने सभी सदस्यों, परिवारजनों के साथ ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में फ्लाइंग ऑफिसर भूपेंद्र सिंह, मास्टर वारंट ऑफिसर भसीन, रामकुमार खरेख मनोहर नामदेव, जूनियर वारंट ऑफिसर आशुतोष सार्जेंट, आलोक तिवारी, त्रिलोक मेहता, बबलू कुमार साहा, संजय कुमार, मनोज बाबू, सत्येंद्र, हेमंत, सपरिवार उपस्थि रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि 87 वर्षीया गायत्री तिवारी ने अपने जीवन, वायु सेना के अनुभव साझा किए। बाद में नृत्य, गान और तंबोला का आयोजन हुआ।



## शास. शाला करियापाथर में मनाया गया बसंतोत्सव

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि शासकीय माध्यमिक शाला पश्चिमी करिया पाथर में बसंतोत्सव शाला के सभी शिक्षकों एवं बच्चों की उपस्थिति में मनाया गया और सर्वप्रथम सरस्वती पूजन किया गया, तत्पश्चात शिक्षकों के द्वारा अपने उद्बोधन में सरस्वती ज्ञान की देवी है के बारे में बताते हुए बसंत पंचमी के बारे में बताया गया। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं के द्वारा सरस्वती गान एवं अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, इसके पश्चात बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया। इस अवसर पर शाला की प्रधान अध्यापक शछाया जैन, रॉबर्ट मार्टिन, हरीशचन्द्र वर्मा, मोनिका सोनी, पद्मा मालवीय, मंजुलता सोनी, अमिता केसरवानी, पूजा सोनकर, शबनम कुरैशी, अमिता कनोजिया, सीमा तिवारी, जैकब हेमिल्टन, रश्मि गुप्ता, फरजाना बानो आदि उपस्थित रहे।

## गढ़ा सेंटर में मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस समारोह

**जबलपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय छोटी बजरिया बी.टी. तिराहा गढ़ा सेंटर, जबलपुर में हर वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सेंटर के नियम अनुसार सभी भाई-बहनों ने भगवान शिव बाबा की मुरली सुनी तत्पश्चात सेंटर की संचालिका बी.के. मीना बहन ने झंडा फहराया और सभी ने राष्ट्रगान गाया, जिसमें बड़ी संख्या में बी.के भाई बहन एवं क्षेत्रीयजन उपस्थित होकर हर्ष उल्लास के साथ मनाया। अपने उद्बोधन में दीदी ने कहा 26 जनवरी 1950 को भारत के संविधान लागू होने और देश की एक संपूर्ण लोकतांत्रिक संप्रभु गणतंत्र राष्ट्र के रूप में स्थापित होने से है। यह



वह दिन है जब भारत ब्रिटिश शासन के नियमों से मुक्त होकर अपने स्वयं के कानून और संविधान के अनुसार चलना शुरू हुआ। इस अवसर पर बी.के. ज्योति दीदी, शशि प्रभा चड्ढा, देश मुखी चड्ढा, देवसिंह, युईके भाई, राकेश भाई, डॉ. अरुण मिश्रा, भावना चौरसिया, शकुंतला बहन, संतोषी बहन, रेखा कौशिक, राजेंद्र विश्वकर्मा की उपस्थिति सराहनीय रही।



## जनेकृविविः 7 कर्मचारी गणतंत्र दिवस पर सम्मानित

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा उन्हें भविष्य में भी लगन, निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति की अनुशंसा एवं प्रशासनिक परिषद की 176वीं बैठक के पद क्रमांक-3 के अनुमोदन के अनुसार वर्ष 2025 में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए जनेकृविवि की विभिन्न इकाइयों में कार्यरत 7 कर्मचारियों का चयन किया गया। सम्मानित कर्मचारियों में प्रक्षेत्र विस्तार अधिकारी जे.पी. यादव, प्रयोगशाला तकनीशियन श्रीमती संगीता ठाकुर, सहायक श्रेणी-3 अरूण कुमार अवधी, इलेक्ट्रीशियन सूर्यांश रघुवंशी, भृत्य प्रीतम सिंह ठाकुर, माली शिवनाथ पटेल तथा विनियमित श्रमिक लखन लाल यादव शामिल हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



## केसरवानी वैश्य तरुण सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बने गोपाल गुप्ता

**जबलपुर।** केसरवानी वैश्य तरुण सभा के प्रदेश अध्यक्ष विकास केसरवानी ने प्रदेश अध्यक्ष राम किंकर गुप्ता (पूर्व कलेक्टर), पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजकमल केसरवानी, जेपी गुप्ता, प्रदेश महामंत्री सुरेश गुप्ता की सहमति से गोपाल गुप्ता को मध्य प्रदेश केसरवानी वैश्य तरुण सभा का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है।

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया व मप्र पावर जेनरेटिंग कंपनी के बीच एमओयू

**जबलपुर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया एवं मध्य प्रदेश पावर जेनरेटिंग कंपनी के मध्य कॉर्पोरेट सैलरी पैकेज के तहत अनुबंध (एमओयू) किया गया। सेंट्रल बैंक की ओर से अंचल प्रमुख धीरज गोयल व क्षेत्रीय प्रमुख अविनाश कुमार तथा मप्र पावर जेनरेटिंग कंपनी की ओर से प्रबंध संचालक मंजीत सिंह के प्रतिनिधि मुख्य अभियंता दीपक कुमार कश्यप एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी रूपेश शाह ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर बैंक के मुख्य प्रबंधक विवेक कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक जयदेव पीपरा, प्रशांत मानी एवं कंपनी के लेखाधिकारी आशीष मिश्रा व कु. रेशमी पाल उपस्थित रहे। अनुबंध के अंतर्गत खाताधारकों को दुर्घटना व हवाई दुर्घटना बीमा, न्यूनतम बैलेंस, डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, एनईएफटी-आरटीजीएस सहित विभिन्न बैंकिंग सुविधाएं निःशुल्क एवं ऋण सुविधाएं किफायती दरों पर उपलब्ध होंगी।




**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS **MANSOOR ALI JINABHAI** I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS **MANSOOR ALI** S/O SULEMANJI JINABHAI RESIDENT OF - 778, NAPIER TOWN, CLOCK TOWER, JABALPUR (M. P.) 482001.

77AA 282548

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/210
दिनांक:- 28/01/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुरेन्द्र कुमार जायसवाल पिता स्व. श्री विजय कुमार जायसवाल ने मकान नं. 853/21 एफ एफ वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती प्रथम तल 850 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS **ISHWAR KAUR DUA** I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS **ISHWAR KAUR** W/O RAVINDER SINGH RESIDENT OF 536, NAPIER TOWN, NEAR GOODWILL COMPLEX, OPP. MOHIT COMPLEX, JABALPUR (M. P.) 482001.

77AA 594361

**CHANGE OF NAME**

**I, ARMY NO JC 287201W RANK RETD. NAME SUNIL KUMAR RAJAK S/O SITARAM RAJAK R/O 1640 VIJAY NAGAR CHAPAR WARD NO 05 GAURIGHAT, JABALPUR (M.P.)** that I have changed my daughter name from **ANANAYA** (name as per my army service records) to **ANANYA** (name as per her **AADHAR CARD & other relevant documents** vide Affidavit dated **28/01/2026** before RAMDAS SHARMA Public notary JABALPUR HIGH COURT. (MP)
**CORRECT NAME-ANANYA**
**INCORRECT NAME-ANANAYA**

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/211
दिनांक:- 28/01/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री आनंद कृष्ण नेमा पिता स्व. श्री रामनारायण नेमा ने मकान नं. 849/सी वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान बैसमेंट 857 व.फु., प्रथम तल 781 व.फु., द्वितीय तल 781 व.फु., तृतीय तल 250 व.फु. रिलीजडीड के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/214
दिनांक:- 28/01/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री एस.एन.पाण्डे पिता श्री बी.पी.पाण्डे ने मकान नं. कचनार संभार वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती द्वितीयतल 786 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/212
दिनांक:- 28/01/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राहुल शुक्ला पिता श्री अरूण कुमार शुक्ला ने मकान नं. 2891/1, 2891/2 का भाग वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी प्रथम तल 80 व.फु., विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/213
दिनांक:- 28/01/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शालिनी शुक्ला पति श्री राहुल शुक्ला ने मकान नं. 2891/1, 2891/2 का भाग वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 70 व.फु., विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS **RAVINDER SINGH DUA** I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS **RAVINDER SINGH** S/O SANT SINGH DUA RESIDENT OF 536, NAPIER TOWN, NEAR GOODWILL COMPLEX, OPP. MOHIT COMPLEX, JABALPUR (M. P.) 482001.

77AA 594355

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में भूस्खलन

# दर्जनों पालतू जानवर मलबे में दबे, हिमाचल के पांगी में हिमस्खलन, सभी सुरक्षित

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के कुंतवाड़ा क्षेत्र में बुधवार को हुए भूस्खलन में भेड़ और बकरियों सहित 60 से अधिक पशुओं की जान चली गई। अधिकारियों ने बताया कि हस्ती पुल के पास भूस्खलन तब हुआ जब चरवाहों का एक समूह अपने पशुओं के साथ उस क्षेत्र को पार कर रहा था। तभी लगातार बारिश के चलते पहाड़ी से अचानक मलबा और पत्थर गिरने लगे जिससे पशुओं को संभलने का मौका नहीं मिला। कई जानवर मलबे के नीचे दब गए, लेकिन साथ आए चरवाहे बाल-बाल बच गए।

श्रीनगर में हवाई अड्डे पर उड़ानों का परिचालन फिर से शुरू

फिसलन से बचने सड़क पर नमक व यूरिया का छिड़काव कर रहे


कुंतवाड़ा क्षेत्र में भूस्खलन

### जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात शुरू

*मंगलवार को यातायात के लिए बंद जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग को बुधवार को आंशिक रूप से खोल दिया गया। अधिकारियों के अनुसार बर्फ साफ करने के बाद सड़क को दोनों तरफ से आवाजाही के लिए खोल दिया गया है। इस 270 किलोमीटर लंबे राजमार्ग पर केवल हल्के मोटर वाहनों के आवाजाही की ही अनुमति दी गई है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के कर्मी वाहनों की सुरक्षित आवाजाही को सुनिश्चित करने के लिए सड़क पर नमक और यूरिया का छिड़काव कर रहे हैं। बुधवार सुबह हवाई अड्डे पर उड़ानों का परिचालन फिर से शुरू हो गया।*


शिमला में बर्फ हटाई जा रही

### बर्फ से ढंक गए हिमाचल के ऊंचाई वाले इलाके

हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश-बर्फबारी के बाद बुधवार को धूप खिली। शिमला, कुल्लू, मंडी, चंबा, किन्नौर, सिरमौर, कांगड़ा जिले के ऊपरी इलाकों ने बर्फ की चादर ओढ़ ली है। मनाली में भारी बर्फबारी हुई है। वहीं शिमला शहर में भी रात को बर्फबारी हुई। पर्यटन स्थल कुफरी, खज्जियार, शिमला, नारकंडा, मनाली बर्फ से लद गए हैं। बर्फबारी से शिमला, कुल्लू, लाहौल स्पीति और चंबा समेत अन्य जिलों में करीब 500 सड़कें अभी भी बाधित हैं।


चंबा में पांगी में हिमस्खलन

### पांगी में हिमस्खलन

हिमाचल के चंबा जिले के जनजातीय क्षेत्र पांगी के मिंधल में डेढ़ फीट बर्फबारी के बीच ग्राम पंचायत मिंधल के सुखाई नाले में बीते शाम में हिमस्खलन होने से लोग खौफजदा हो गए। गनीमत रही कि हिमस्खलन के कारण किसी प्रकार के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। स्थानीय युवाओं ने सीटियां बजाकर अन्य लोगों को सचेत कर बड़ा नुकसान होने से बचाया।

### 13 राज्यों में बारिश ओले का अलर्ट

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने जम्मू कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, छत्तीसगढ, उड़ीसा, महाराष्ट्र के कुछ जिलों और पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों में अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार पश्चिमी हिमालयी राज्यों, जिनमें जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड शामिल हैं, वहां छिटपुट बरसात और हिमपात होने की संभावना है। इन क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। साथ ही कुछ स्थानों पर खासकर ऊंचे इलाकों में भारी बर्फबारी और ओलावृष्टि भी हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### रूसी सैनिकों को कपड़े उतारकर पेड़ से बांधा

**मॉस्को।** यूक्रेन के खिलाफ युद्ध लड़ने से मना करने वाले रूसी सैनिकों को उनके ही कमांडर बहुत बुरी तरह सजा दे रहे हैं। इसके कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। ऐसे ही एक वीडियो में कुछ सैनिकों को कपड़े उतारकर ठंड में पेड़ों से बांध दिया गया है। वे कड़ाके की ठंड में कांपते नजर आते हैं। एक वीडियो में एक सीनियर अधिकारी एक सैनिक के मुंह में जबरदस्ती बर्फ डालता है, जबकि सैनिक माफी मांगता है। अधिकारी उस पर चिल्ला रहे हैं।



### कोरिया में पूर्व फर्स्ट लेडी को 20 महीने की सजा

**सिओल।** साउथ कोरिया की पूर्व प्रथम महिला किम कियोन ही को रिश्वत मामले में 20 महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। यह फैसला उनके खिलाफ चल रहे तीन मामलों में से एक में आया है। किम, जेल में बंद पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल की पत्नी हैं। सियोल जिला अदालत ने उन्हें विवादित धार्मिक संगठन यूनिफिकेशन चर्च से महंगे तोहफे लेने का दोषी माना। इनमें शैनेल का हैंडबैग और ग्राफ ब्रांड का हीरे का हार शामिल है।



नहीं थम रही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 'दादागीरी'

# अब क्यूबा को धमकाया, कहा- जल्द गिरेगी सरकार, वेनेजुएला से मिलने वाले पैसे खत्म


एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 'दादागिरी' थमती नहीं दिख रही है। वेनेजुएला में तख्तापलट को अभी एक महीना भी नहीं बीता है कि अब अमेरिका की नजर कैरेबियन देश क्यूबा पर जा टिकी है। ट्रंप ने क्यूबा पर हमले की धमकी दी है, जिसके बाद क्यूबा में अफरा-तफरी मच गई है। युद्ध के डर से क्यूबा के पेट्रोल पंप से लेकर राशन की दुकानों पर लोगों की लंबी लाइन लग गई है। दरअसल वेनेजुएला, क्यूबा का सबसे बड़ा तेल का आपूर्तिकर्ता है। ऐसे में ट्रंप का कहना है कि एक बार वेनेजुएला क्यूबा को तेल और पैसा देना बंद कर देगा, तो क्यूबा की सरकार अपने आप गिर जाएगी।

बता दें, 3 जनवरी 2025 को अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला की राजधानी काराकास पर हमला करते हुए राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद से ट्रंप क्यूबा को लगातर धमकी दे रहे हैं। ट्रंप ने क्यूबा के सामने समझौता करने की पेशकश की थी। मगर, ट्रंप की धमकियों पर प्रतिक्रिया देते हुए क्यूबा के राष्ट्रपति मिगेल डियाज कैनेल ने साफ कर दिया है कि हम अमेरिका के सामने घुटने नहीं टेकेंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका जबरदस्ती क्यूबा पर दबाव नहीं बना सकता है।

### युद्ध के डर से पेट्रोल पंप और राशन की दुकानों पर लंबी लाइन लग गई


मिगेल डियाज कैनेल


डोनाल्ड ट्रंप

### मिनेसोटा में निर्वासन पर जज ने लगाई रोक

अमेरिका में फेडरल जज फ्रेड बियरी ने एक बहुत ही अहम आदेश दिया है जिसमें एक पांच साल के इक्वेडोर बच्चे और उसके पिता को निर्वासित करने से रोक दिया गया है। यह फैसला अमेरिका के दक्षिणी टेक्सास के सत्र न्यायालय में सुनाया गया। पांच साल के लियम कोनेजो रामोस और उनके पिता एड्रियन अलेक्जेंडर कोनेजो एरियस को पहले मिनेसोटा से गिरफ्तार किया गया था। जज फ्रेड बियरी ने कहा है कि जब तक उनके मामले की सुनवाई नहीं हो जाती, तब तक उन्हें निर्वासित या दूसरे स्थान पर भेजा नहीं जा सकता। अब वे दोनों टेक्सास के डिली परिवार डिटेंशन सेंटर में हैं।

### टेक्सास में एच-1बी वीजा पर रोक

अमेरिका के टेक्सास राज्य में एच-1बी वीजा को लेकर रिपब्लिकन गवर्नर ग्रेग एबॉट ने राज्य की सभी एजेंसियों और सार्वजनिक विश्वविद्यालयों को अगले साल तक नए एच-1बी वीजा याचिकाएं दायर करने से रोकने का आदेश दिया है। गवर्नर एबॉट का कहना है कि इस अस्थायी रोक से एच-1बी वीजा के लिए 'कानूनी सुरक्षा ढांचा' तैयार करने का समय मिलेगा। इसके साथ ही, कांग्रेस अगर संघीय कानून में कोई बदलाव करती है और ट्रंप प्रशासन जो सुधार लागू करना चाहता है, उन्हें समझने और लागू करने का अवसर भी मिलेगा।

### क्यूबा की अर्थव्यवस्था संकट में


*क्यूबा पहले से अर्थव्यवस्था संकट में है, बिजली कटौती और तेल की कमी जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। मेक्सिको ने हाल ही में तेल सप्लाई रद्द कर दिया, जिससे क्यूबा की मुश्किलें और बढ़ीं। पर्यटन भी घट गया है, जिससे राजस्व में भारी गिरावट हुई है। अपने गहरे होते ऊर्जा और आर्थिक संकट में, क्यूबा मैक्सिको, रूस और पहले वेनेजुएला जैसे सहयोगियों से मिलने वाली विदेशी सहायता और तेल शिपमेंट पर काफी हद तक निर्भर रहा है।*


पेट्रोल पंप पर कारों की कतार

दावोस वाले बयान पर अड़े कार्नी

### अमेरिका पर कसा तंज, बोले जो कहा था वही मतलब था

ओटावा। कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने साफ शब्दों में कहा है कि दावोस में दिए गए अपने भाषण पर वह पूरी तरह कायम हैं। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के उस दावे को उन्होंने सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि कार्नी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बात करते हुए अपने बयान से पीछे हटने की कोशिश की। कार्नी ने खुलासा किया कि कनाडा अगले छह महीनों में चार महाद्वीपों पर 12 नए व्यापार समझौते करने की दिशा में काम कर रहा है, ताकि अमेरिका पर निर्भरता कम की जा सके। दावोस में कार्नी ने बिना ट्रंप का नाम लिए बड़ी शक्तियों द्वारा छोटे देशों पर आर्थिक दबाव डालने की आलोचना की थी।


कनाडा के पीएम मार्क कार्नी

#### ट्रंप ने खुद फोन किया

*कार्नी ने बताया कि ट्रंप ने खुद उन्हें फोन किया था। मैंने उन्हें चीन के साथ हमारे सीमित समझौते के बारे में बताया और यह भी समझाया कि हम क्या कर रहे हैं। ट्रंप ने हाल ही में चेतावनी दी थी कि अगर कनाडा बीजिंग के साथ बड़ा व्यापार समझौता करता है, तो कनाडाई सामानों पर 100% टैरिफ लगाया जा सकता है। कार्नी ने दोहराया कि कनाडा का चीन के साथ कोई व्यापक व्यापार समझौता करने का इरादा नहीं है।*

यूएस के जंगी जहाजों से घिरा ईरान

## समर्थन में आए मुस्लिम देश, कहा हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल नहीं होने देंगे


अमेरिकी युद्धपोत अब्राहम लिंकन

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान में विरोध प्रदर्शन शुरू होने के एक महीने बाद ईरान के अधिकारियों ने बुधवार को अमेरिका की तरफ से संभावित सैन्य हमले के खतरे को लेकर मध्य पूर्व के अन्य देशों से संपर्क साधा है। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने संकेत दिया है कि वे अपने हवाई क्षेत्र को किसी भी हमले के लिए इस्तेमाल नहीं होने देंगे। हालांकि, अमेरिका ने यूएसएस अब्राहम लिंकन और कई मिसाइल विध्वंसक पोतों को इस क्षेत्र में तैनात कर रखा है, जिनका उपयोग समुद्र से हमले करने के लिए किया जा सकता है। यही कारण है कि ईरान हमले से पहले कूटनीतिक तौर पर तेजी से काम कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान पर हमले का आदेश देंगे या नहीं, यह अभी स्पष्ट नहीं है। हालांकि उन्होंने दो लक्ष्मण रेखाएं खींच दी हैं। उन्होंने प्रदर्शनकारियों की हत्या रोकने और गिरफ्तार सभी प्रदर्शनकारियों को छोड़ने को कहा है।

### जवाबी कार्रवाई के लिए ईरान तैयार

ट्रंप की धमकियों को देखते हुए ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई के लिए तैयारी तेज कर दी है। ईरान ने यूएसएस अब्राहम लिंकन पर नजर रखने और उसे निशाना बनाने के लिए गाजा ड्रोन तैनात किए हैं, जिनमें से प्रत्येक आठ लेजर-निर्देशित मिसाइलों से लैस है। यूएसएस अब्राहम लिंकन वर्तमान में ओमान के पास, ईरानी तटों से 700 किलोमीटर से अधिक की दूरी पर स्थित है। वहीं, बुधवार को प्रदर्शनकारियों ने बताया कि ईरान की तरफ से प्रदर्शनों पर की गई खूनी कार्रवाई में कम से कम 6,221 लोग मारे गए और कई अन्य लोगों के भी मारे जाने की आशंका है। ईरान का सरकारी मीडिया प्रदर्शनकारियों को केवल आतंकवादी कह रहा है।

### मलिकी सत्ता में आए तो समर्थन नहीं देंगेः ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इराक को आगाह किया कि अगर उसके पूर्व पीएम नूरी अल-मलिकी फिर से सत्ता में आते हैं, तो अमेरिका देश का समर्थन नहीं करेगा। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब कुछ दिन पहले 'कोऑर्डिनेशन फ्रेमवर्क' नाम के प्रमुख राजनीतिक गठबंधन ने नूरी अल-मलिकी का समर्थन करने की घोषणा की थी। इस गठबंधन में प्रमुख शिया दल भी शामिल हैं। अमेरिकी प्रशासन नूरी अल-मलिकी को ईरान का करीबी मानता है।

अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने की रक्षा सचिव के साथ बैठक

## भारत व अमेरिका के दस वर्षीय रक्षा समझौते को बताया मजबूत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने बुधवार को दोनों देशों के बीच रक्षा साझेदारी को मजबूत बताया। उन्होंने कहा कि 2025 में हस्ताक्षर किया गया 10 साल का समझौता दोनों देशों के बीच संबंधों को और गहरा करेगा। अमेरिकी राजदूत ने यह बात रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और दूसरे शीर्ष अधिकारियों के साथ अपनी मीटिंग के बाद कही। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में सर्जियो गोर ने कहा कि पिछले साल ही, अमेरिका और भारत ने 10 साल का डिफेंस पैक्ट साइन किया था, जिससे हमारी रक्षा साझेदारी काफी गहरी होगी। संयुक्त अभियान जारी रहेंगे, और अतिरिक्त सेल्स भी चल रही हैं। यह एक मजबूत रिश्ता है! रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह हमारी मेजबानी करने के लिए धन्यवाद।


राजदूत सर्जियो गोर और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह के बीच बैठक

### जयशंकर से भी की मुलाकात

इससे पहले, भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने रविवार को अमेरिकी राजदूत की मौजूदगी में तीन सदस्यों वाले अमेरिकी कांग्रेसनल डेलीगेशन से मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल में दो रिपब्लिकन और एक डेमोक्रेट सांसद शामिल थे। बैठक के दौरान भारत-अमेरिका संबंधों के प्रमुख आयामों पर चर्चा हुई, जिसमें द्विपक्षीय व्यापार, रणनीतिक सहयोग और क्षेत्रीय व वैश्विक सुरक्षा से जुड़े मुद्दे प्रमुख रहे। जयशंकर ने अमेरिकी डेलीगेशन के साथ इस मुलाकात को अच्छा बताते हुए एक्स पर लिखा कि भारत-अमेरिका संबंधों, इंडो-पैसिफिक और यूक्रेन विवाद के अलग-अलग पहलुओं पर चर्चा की। बातचीत हमेशा हमारे रिश्ते का एक अहम पहलू रही है।

दिल्ली में द्विपक्षीय रिश्तों को मिलेगी मजबूती

## फरवरी में आएंगे ब्राजील के राष्ट्रपति लूला, एआई सम्मेलन में लेंगे भाग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने पुष्टि की है कि वह फरवरी में आधिकारिक दौरे पर भारत आएंगे। भारत यात्रा के बाद वह अमेरिका जाएंगे, जहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। राष्ट्रपति लूला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बातचीत की है। दोनों नेताओं के बीच इस बात पर सहमति बनी है कि भारत और दक्षिण कोरिया की यात्राओं के बाद फरवरी में वॉशिंगटन में मुलाकात होगी, जिसकी तारीखें जल्द तय की जाएंगी। भारत यात्रा के दौरान राष्ट्रपति लूला के नई दिल्ली में आयोजित होने वाले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) शिखर सम्मेलन में भाग लेने की भी संभावना है। इस शिखर सम्मेलन में वैश्विक तकनीकी सहयोग और उभरती प्रौद्योगिकियों पर चर्चा की जाएगी। इससे पहले इस महीने पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति लूला के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई थी। दोनों नेताओं ने भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेंगे।


पीएम मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति लूला

## विंग्स इंडिया 2026 का शुभारंभ


**हैदराबाद।** एशिया की सबसे बड़ी नागरिक उड्डयन प्रदर्शनी और सम्मेलन, विंग्स इंडिया 2026 के दौरान हैदराबाद के बेगमपेट हवाई अड्डे पर बुधवार, 28 जनवरी, 2026 को विमानों का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान मार्क जेफरी एरोबैटिक टीम ने करतब दिखाए। अमेरिकी विमान निर्माता कंपनी बोइंग ने अनुमान लगाया है कि बढ़ते एयर ट्रैफिक को संभालने के लिए 2044 तक भारत और दक्षिण एशिया को करीब 3,300 नए विमानों की जरूरत होगी। हैदराबाद में बोइंग ने अपना 'कमर्शियल मार्केट आउटलुक' पेश किया। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर (यूरेशिया और भारतीय उपमहाद्वीप) अश्विन नायडू ने बताया कि भारत एक बढ़ता बाजार है और अगले 20 वर्षों में यहां विमानों का बेड़ा चार गुना बढ़ जाएगा।

भारत-ईयू एफटीए से देश के दवा उद्योग को बड़ी ताकत मिलेगी

# यूरोप के 572.3 अरब डॉलर के बाजार तक पहुंच के द्वार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से भारत को यूरोप के 572.3 अरब डॉलर के दवा और मेडिकल उपकरण बाजार तक पहुंच मिल गई है। सरकार के अनुसार, इससे भारतीय दवा उद्योग को बड़ी ताकत मिलेगी। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के मुताबिक, इस समझौते से दवा कंपनियों को अपने कारोबार का विस्तार करने, नई नौकरियां पैदा करने और भारत को दवाओं के भरोसेमंद वैश्विक साझेदार के रूप में मजबूत करने में मदद मिलेगी। इससे भारत की पहचान 'दुनिया की फार्मेसी' के रूप में और मजबूत होगी। इस समझौते से कुशल रोजगार, औद्योगिक नौकरियां, छोटे और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) की भागीदारी बढ़ेगी और भारत की वैश्विक सप्लाई चेन से जुड़ाव भी मजबूत होगा।

रसायन, उर्वरक, दवाएं, कॉस्मेटिक में तेज विकास

भारत का वैश्विक सप्लाई चेन से जुड़ाव भी मजबूत

### कम टैरिफ से मेडिकल उपकरण क्षेत्र में तेजी से वृद्धि होगी


यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा (बाएं), पीएम नरेंद्र मोदी और ईयू की अध्यक्ष उर्सुला वेन फाइल फोटो

केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि यह एफटीए दवा और मेडिकल उपकरण उद्योग के लिए नए अवसरों के दरवाजे खोलता है। यूरोप के 572.3 अरब डॉलर के फार्मा और मेडिकल टेक्नोलॉजी बाजार तक पहुंच और भारतीय मेडिकल उपकरणों पर कम टैरिफ से इस अहम क्षेत्र की तेजी से वृद्धि होगी। यह एफटीए भारत की सबसे अहम आर्थिक साझेदारियों में से एक में मील का पत्थर माना जा रहा है। यह समझौता आधुनिक नियमों पर आधारित व्यापार साझेदारी के रूप में तैयार किया गया है, जो आज की वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के साथ-साथ दुनिया की चौथी और दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच बाजार को और गहराई से जोड़ता है।

#### एमएसएमई क्लस्टर विकसित होंगे

जेपी नड्डा ने कहा कि इस समझौते से भारतीय कंपनियों को खास बाजारों में प्राथमिकता से पहुंच मिलेगी। इससे 'मेड इन इंडिया' मेडिकल उपकरणों पर टैरिफ कम होगा और रसायन, उर्वरक, दवाएं, कॉस्मेटिक, साबुन और डिटर्जेंट जैसे क्षेत्रों में तेज विकास होगा। साथ ही उत्पादन क्षमता बढ़ाने और एमएसएमई क्लस्टर विकसित करने में भी मदद मिलेगी। यह समझौता गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में मौजूद औद्योगिक केंद्रों को भी आगे बढ़ने का मौका देगा।

### प्रोसेसिंग से जुड़े उद्योगों को फायदा

*मंत्री नड्डा ने कहा कि समुद्री तटीय निर्यात केंद्र निर्यात आधारित विकास को बढ़ावा देंगे, जिससे रोजगार और प्रोसेसिंग से जुड़े उद्योगों को फायदा होगा। मंत्रालय ने कहा कि भारत-ईयू एफटीए साझा मूल्यों को मजबूत करता है, नवाचार को बढ़ावा देता है और भारत व यूरोप दोनों के लिए समावेशी, मजबूत और भविष्य के लिए तैयार विकास की नींव रखता है।*

केंद्रीय विमानन मंत्री नायडू बोले

## 10 वर्षों में दोगुनी हुई विमान संख्या एविएशन मैन्युफैक्चरिंग पर फोकस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने बुधवार को कहा कि भारत में बीते 10 वर्षों में एयरपोर्ट्स और विमानों की संख्या बीते 10 वर्षों में दोगुनी हो गई है और अब भारत विमानों के मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम को विकसित करने में मदद करेगा।

उन्होंने हैदराबाद के बेगमपेट एयरपोर्ट पर नागरिक विमान सम्मेलन 'विंग्स इंडिया 2026' का उद्घाटन करते हुए कहा कि इस इकोसिस्टम को अगले 10-20 वर्षों में केवल घरेलू मांग को पूरा करने के लिए ही विकसित नहीं किया जाएगा, बल्कि भारत को वैश्विक निर्यात का भी केंद्र बनाया जाएगा। नायडू ने कहा कि इस बार के 'विंग्स इंडिया 2026' में भारत नागरिक विमानन क्षेत्र विशेषकर मैन्युफैक्चरिंग में अपनी क्षमता प्रदर्शित करेगा। देश में एयरपोर्ट्स, यात्रियों और विमानों की संख्या बीते 10 वर्षों में दोगुनी हो गई है। यह पीएम नरेंद्र मोदी के विजन और नागर विमानन क्षेत्र के लिए लाई गई योजना 'उड़ान' का परिणाम है।


केंद्रीय मंत्री राम मोहन नायडू






स्पेशल
वर्ल्ड कैंसर डे
4 फरवरी

डॉक्टर्स एडवाइस

विवेक शुक्ला

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, कैंसर दुनिया भर में होने वाली मौतों का हृदय रोगों के बाद दूसरा सबसे बड़ा कारण है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज इंफॉर्मेटिक्स एंड रिसर्च, बेंगलुरु के अनुसार 13.9 लाख व्यक्ति सन 2020 में भारत में कैंसर से ग्रस्त थे और दुनिया भर में 7.5% कैंसर मरीज भारतीय हैं। ऐसे आंकड़े कैंसर को लेकर हमारी चिंता बढ़ाते हैं। लेकिन सुखद है कि नए रिसर्च के अनुसार इसे कंट्रोल करना और समय रहते पता चलने पर ट्रीटमेंट संभव है। कैंसर से जुड़ी बहुत यूजफुल इंफॉर्मेशंस यहां दे रहे हैं।

# अवेयरनेस-प्रिकॉशन से संभव है कैंसर से बचाव







अमेरिकन सोसायटी ऑफ क्लिनिकल ऑन्कोलॉजी के अनुसार, वे दिन अब बीत चुके हैं, जब कैंसर को मृत्यु की पूर्व-चेतावनी माना जाता था। ऐसा इसलिए है क्योंकि पिछले दो दशकों में कैंसर की जांच और उपचार के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है, जिसके कारण इससे छुटकारा पाने और पुनः स्वस्थ होने की संभावनाएं पहले की तुलना में काफी बढ़ गई हैं।

इसके बावजूद भारत के संदर्भ में आज भी विभिन्न प्रकार के कैंसर के तीसरे और चौथे चरण में पहुंचे अधिकांश मरीज असमय मृत्यु का शिकार हो रहे हैं। साथ ही, देश के ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में कैंसर से जुड़े अनेक मामले आज भी रिपोर्ट नहीं हो पाते। स्पष्ट है कि यह एक गंभीर समस्या है।

## कैंसर क्यों होता है

अमेरिकन कैंसर सोसायटी के अनुसार, कैंसर सामान्यतः कोशिकाओं के डीएनए में होने वाले म्यूटेशन के कारण होता है। डीएनए में मौजूद जीन कोशिकाओं को यह निर्देश देते हैं कि उन्हें कैसे बढ़ना है, कितनी बार विभाजित होना है और किस प्रकार कार्य करना है। जब डीएनए में कोई गड़बड़ी उत्पन्न हो जाती है, तो कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं, जो आगे चलकर कैंसर का कारण बनती हैं।

## लक्षणों पर दें ध्यान

जिस अंग में कैंसर होता है, उससे संबंधित लक्षण प्रकट होते हैं। उदाहरण के लिए, फेफड़ों के कैंसर में सांस लेने में तकलीफ होती है, जबकि यकृत (लिवर) कैंसर में भूख न लगना और पाचन संबंधी समस्याएं होती हैं। हालांकि कुछ सामान्य लक्षण भी हो सकते हैं-

किसी घाव या जख्म का लंबे समय तक न भरना। बिना कारण वजन घटना (6 महीनों में 10% से अधिक)। त्वचा के भीतर गांठ महसूस होना, जो तेजी से बढ़ रही हो (ध्यान रखें, हर गांठ कैंसर नहीं होती है)। शरीर के किसी हिस्से में लगातार सूजन होना। खून की कमी (एनीमिया)। बार-बार बुखार आना। मल या मूत्र में रक्त आना। लंबे समय तक थकान या अस्वस्थता महसूस होना। मस्सों या तिलों के रंग, आकार या बनावट में बदलाव। भूख में लगातार कमी होना। इन लक्षणों के दिखने पर तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें।

## कैंसर के कारण

लगभग 10% कैंसर आनुवंशिक होते हैं, जबकि शेष 90% कैंसर अस्वास्थ्यकर जीवनशैली के कारण उत्पन्न होते हैं, जो जीन में म्यूटेशन का कारण बनती है। रिस्क फैक्टर्स में शामिल हैं- जंक फूड का सेवन अधिक करना। लंबे समय तक जंक और पैकेज्ड फूड का सेवन पेट व बड़ी आंत (कोलन) के कैंसर का खतरा बढ़ाता है, क्योंकि इनमें पोषक तत्व कम और वसा, नमक व तेल अधिक होते हैं। धूम्रपान से फेफड़ों में हानिकारक रसायन पहुंचते हैं, जो जीन में विकृति पैदा करते हैं। फेफड़ों के कैंसर का यह प्रमुख कारण है। किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन मुंह, जीभ, गाल और गले के कैंसर का खतरा बढ़ाता है। नियमित व्यायाम न करने से मोटापा बढ़ता है, जो स्तन, गर्भाशय और बड़ी आंत के कैंसर का कारण बन सकता है। बढ़ता वायु प्रदूषण, खासकर वाहनों से निकलने वाला धुआं, फेफड़ों के कैंसर का खतरा बढ़ाता है। अधिक और नियमित शराब सेवन कोशिकाओं की जेनेटिक संरचना को नुकसान पहुंचाता है और कैंसर के जोखिम को बढ़ाता है। ऐसे में स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर और नशे की आदतें छोड़कर कैंसर से काफी हद तक बचाव संभव है।

## उपचार के तरीके

पिछले कुछ वर्षों में कैंसर उपचार में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। पहले जहां चौथे चरण के कैंसर में औसत जीवन अवधि लगभग 6 महीने थी, वहीं अब यह 4–5 वर्ष या उससे अधिक हो सकती है। यदि कैंसर का पता पहले या दूसरे चरण में चल जाए, तो अधिकांश मामलों में पूर्ण उपचार संभव है। कई उपचार पद्धतियां कारगर हो सकती हैं। पहले की तुलना में कीमोथेरेपी में साइड इफेक्ट्स कम होते हैं। ह्यूमन जीनोम प्रोफाइलिंग और टारगेटेड थेरेपी और इम्यूनोथेरेपी, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को सक्रिय करता है, भी कारगर हैं।



## महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसर

भारत में महिलाओं में सबसे अधिक पाए जाने वाले कैंसरों में स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर, अंडाशय (ओवेरियन) कैंसर तथा गर्भाशय का कैंसर प्रमुख हैं। समय पर जांच और जागरूकता से इन कैंसरों की पहचान शुरुआती अवस्था में संभव है।

**स्तन कैंसर:** स्तन कैंसर के संभावित कारणों में देर से रजोनिवृत्ति (मेनोपॉज) होना, लंबे समय तक हार्मोनल गर्भनिरोधक गोलियों का सेवन कुछ मामलों में जोखिम बढ़ा सकता है, हार्मोनल असंतुलन, शारीरिक गतिविधि की कमी, मोटापा तथा कम अवधि तक स्तनपान कराना, बीआरसीए-1, बीआरसीए-2 तथा पी-53 जैसे जीन में उत्परिवर्तन (म्यूटेशन), शामिल हैं।

**प्रमुख लक्षण:** स्तन या बगल के पास कठोर गांठ, जो प्रायः दर्द रहित होती है। स्तन की त्वचा में लालिमा, मोटापन या सिकुड़न। निप्पल से तरल का स्राव, जिसमें कभी-कभी खून भी हो सकता है। निप्पल का अंदर की ओर धंसना या उसमें जलन। स्तन के आकार या बनावट में बदलाव

**रोकथाम:** चिकित्सक से परामर्श लेकर नियमित रूप से स्तन की स्व-परीक्षा करना, आवश्यकतानुसार मैमोग्राफी कराना, स्वस्थ जीवनशैली अपनाना और वजन नियंत्रित रखना, नियमित व्यायाम एवं प्राणायाम करना, अधिक समय तक स्तनपान कराने से स्तन कैंसर का जोखिम कम होता है।

**उपचार:** जांचों के बाद रोग की अवस्था के अनुसार कैंसर विशेषज्ञ सर्जरी, रेडिएशन थेरेपी, कीमोथेरेपी, हार्मोनल थेरेपी, टार्गेटेड थेरेपी अथवा इम्यूनोथेरेपी में से उपयुक्त उपचार का चयन करते हैं।

**सर्वाइकल कैंसर:** गर्भाशय के निचले हिस्से को गर्भाशय ग्रीवा कहा जाता है। इसी भाग से उत्पन्न होने वाले कैंसर को सर्वाइकल कैंसर कहा जाता है।

**कारण:** सर्वाइकल कैंसर का मुख्य कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) का लंबे समय तक शरीर में बना रहना है, जो यौन संपर्क के माध्यम से फैलता है।

**लक्षण:** माहवारी के बीच या बाद में असामान्य रक्तस्राव, शारीरिक संबंध के बाद रक्तस्राव या दर्द, रजोनिवृत्ति के बाद रक्तस्राव, पेशाब करते समय दर्द या जलन।

**उपचार:** प्रारंभिक अवस्था में सर्जरी या रेडिएशन थेरेपी की जाती है। उन्नत अवस्था में कीमोथेरेपी के साथ रेडिएशन थेरेपी दी जाती है।



**रोकथाम:** एचपीवी संक्रमण से बचाव के लिए टीके उपलब्ध हैं। कैंसर-पूर्व परिवर्तनों की पहचान हेतु पैप स्मीयर एवं एचपीवी टेस्ट किए जाते हैं। नियमित जांच से सर्वाइकल कैंसर का समय रहते पता लगाया जा सकता है।

**ओवेरियन कैंसर:** ओवेरियन कैंसर अंडाशय में होता है, जिसमें असामान्य गांठ या ट्यूमर विकसित हो सकता है, जो कई बार सिस्ट के रूप में दिखाई देता है।

**लक्षण:** पेट में सूजन या लगातार दर्द। भूख न लगना या जल्दी पेट भर जाना। पेट के निचले हिस्से में भारीपन। बार-बार पेशाब की इच्छा। कब्ज या पाचन संबंधी परेशानी।

**संभावित कारण:** कम उम्र में माहवारी का शुरू होना। देर से रजोनिवृत्ति होना, मोटापा, लगभग 10% मामलों में आनुवांशिक कारण, बीआरसीए-1 और बीआरसीए-2 जीन में उत्परिवर्तन होने पर जीवनकाल में ओवेरियन कैंसर का खतरा 40–50% तक बढ़ सकता है।

**बचाव:** जिन महिलाओं के परिवार में स्तन, ओवेरियन, कोलोन या पैंक्रियाज कैंसर का इतिहास हो, उन्हें विशेषज्ञ से परामर्श लेकर नियमित जांच करानी चाहिए। नियमित व्यायाम एवं वजन नियंत्रण से जोखिम कुछ हद तक कम किया जा सकता है।

**उपचार:** रोग की अवस्था के अनुसार सर्जरी, कीमोथेरेपी, हार्मोन थेरेपी, टार्गेटेड थेरेपी, इम्यूनोथेरेपी तथा कुछ मामलों में रेडियोथेरेपी का उपयोग किया जाता है।

**फेफड़ों का कैंसर:** विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, विभिन्न प्रकार के कैंसर से होने वाली कुल मौतों में फेफड़ों का कैंसर सबसे प्रमुख कारण है।

**कारण:** फेफड़ों के कैंसर का सबसे मुख्य कारण धूम्रपान और तंबाकू का सेवन है। इसके अतिरिक्त, जो लोग धूम्रपान करने वालों के संपर्क में रहते हैं, उन्हें भी कैंसर होने का खतरा रहता है। ऐसे व्यक्तियों को पैसिव स्मोकर कहा जाता है। इसके अलावा, लंबे समय तक प्रदूषित वातावरण, धुआं, धूल और वायु प्रदूषण के संपर्क में रहना भी फेफड़ों के कैंसर का कारण बन सकता है।

**लक्षण:** सांस लेने में तकलीफ, बार-बार खांसी आना, सीने में घरघराहट, सीने में दर्द, खांसी या थूक में खून आना।

**जांच:** छाती का एक्स-रे, सीटी स्कैन/ पैट-सीटी स्कैन, एमआरआई, रक्त एवं मूत्र परीक्षण, बायोप्सी, ब्रोंकोस्कोपी।

**उपचार:** फेफड़ों के कैंसर के उपचार के प्रमुख तरीके निम्नलिखित हैं। प्रारंभिक अवस्था में कैंसर का इलाज सर्जरी द्वारा संभव है। रेडिएशन थेरेपी में फोटॉन थेरेपी एवं प्रोटॉन थेरेपी शामिल हैं। उच्च ऊर्जा विकिरण द्वारा कैंसर कोशिकाओं को नष्ट किया जाता है। एक्सटर्नल बीम रेडिएशन थेरेपी से अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। जब कैंसर फेफड़ों से अन्य अंगों में फैल चुका हो, तब कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी एवं टार्गेटेड थेरेपी की आवश्यकता होती है।

**बचाव के उपाय:** प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने वाला संतुलित आहार लें। हरी सब्जियाँ, मौसमी फल और साबुत अनाज का सेवन करें। जंक फूड से बचें। धूम्रपान न करें। प्रदूषित वातावरण में मास्क का उपयोग करें।

**मुंह-गले का कैंसर:** मुंह और गले का कैंसर विश्व में होने वाले कैंसरों में छठे स्थान पर आता है। यह कैंसर मुंह से लेकर गले तक के किसी भी हिस्से में हो सकता है।

**लक्षण:** मुंह में घाव जो लंबे समय तक ठीक न हो, भोजन या पानी निगलने में कठिनाई, खाने में दर्द, दांतों का जीभ में लगना, आवाज में बदलाव, मुंह कम खुलना, जीभ बाहर निकालने में परेशानी, गले में दर्द या गांठ महसूस होना।

**कारण:** तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट और अत्यधिक शराब का सेवन इस कैंसर के मुख्य कारण हैं। पान, गुटखा और सुपारी के सेवन से मुंह में बार-बार छाले होना कैंसर के खतरे को बढ़ा देता है।

**उपचार:** यदि मुंह एवं गले के कैंसर का प्रारंभिक अवस्था में निदान हो जाए, तो बायोप्सी के बाद सर्जरी द्वारा इलाज संभव है। दूसरी या तीसरी अवस्था में कीमोथेरेपी और रेडिएशन थेरेपी दी जाती है। आधुनिक तकनीकों जैसे रोबोटिक सर्जरी, इम्यूनोथेरेपी और टार्गेटेड थेरेपी ने उपचार को अधिक सटीक और सफल बनाया है। *

**(डॉ. राजेश मिस्त्री, सीनियर डायरेक्टर (ग्रुप)-ऑन्कोलॉजी, कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई और डॉ. सभ्यता गुप्ता, चेयरपर्सन-डिपार्टमेंट ऑफ गायनेकोलॉजी, गायनी ऑन्कोलॉजी एंड रोबोटिक सर्जरी, मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम से बातचीत पर आधारित)**

सजेशन

डॉ. माजिद अलीम

# इन दिनों अगर बढ़ जाए गैस-एसिडिटी की समस्या

सर्दी के दिनों में ठंड लगने से, खाने के न पचने से पेट में गैस की समस्या बढ़ जाती है। इससे पेट में मरोड़ उठती है, कई बार दर्द असहनीय हो जाता है। वैसे कई लोगों के लिए तो यह हर मौसम की समस्या होती है। लेकिन सर्दी के दिनों में यह कुछ ज्यादा ही बढ़ जाती है, जिसकी वजह है बार-बार चाय-कॉफी पीना, पकौड़े खाना, टमाटर सूप में बटर डालकर पीना आदि। इन तमाम वजहों के अलावा लाइफस्टाइल से जुड़ी आदतों के कारण भी एसिडिटी और गैस की समस्या होती है। इससे बचने के लिए ये उपाय आजमा सकते हैं।

**लिक्विड:** सर्दी हो या गर्मी पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए क्योंकि पानी ही हमारी पाचनक्रिया को दुरुस्त रखता है। पानी हमें कब्ज से बचाता है और भोजन को वेस्ट में बदलता है। लेकिन भोजन के साथ पानी न पिएं। भोजन से 10 मिनट पहले और आधे घंटे बाद पानी पीना चाहिए। जिससे पेट में गैस नहीं बनती। पानी के अलावा प्रतिदिन ताजा जूस पिएं। पेट में गैस बनने की स्थिति में नीबू पानी पीना भी फायदेमंद होता है। कैफीनयुक्त ड्रिंक्स जैसे कोल्ड ड्रिंक, चाय, कॉफी ये सभी हमारी पाचनक्रिया पर बुरा असर डालते हैं और इनकी वजह से अपच की समस्या में इजाफा होता है। इन ड्रिंक्स की बजाय हर्बल टी, दूध या सादा पानी अपच की समस्या से काफी राहत दिलाता है।



**फाइबर्स:** रेशेदार भोज्य पदार्थ हमारी पाचनक्रिया को दुरुस्त करते हैं। मैदे की बजाय गेहूं की ब्रेड, ब्राउन राइस, ज्वार, बाजारा, मक्का, जौ, बींस, फल और सब्जियों को अपने नियमित आहार में शामिल करें।

**प्रो-बायोटिक्स:** प्रो-बायोटिक्स ऐसे प्राकृतिक बैक्टीरिया हैं जो हमारे शरीर में मौजूद होते हैं। आजकल बाजार में प्रो-बायोटिक्स दूध, ड्रिंक्स, दही और आइसक्रीम मिलती है, जिनके सेवन से अपच की समस्या को दूर किया जा सकता है।

**वसा:** पिज्जा, बर्गर के बजाय लो फैट फूड्स खाने से अपच से होने वाले दर्द से तो बच सकते हैं, साथ ही वजन बढ़ने की समस्या से भी निजात पा सकते हैं।

**मसाले:** ज्यादा मसालेयुक्त खाने से भी सीने में जलन और पेट में गैस होती है। अपच की समस्या होने पर इन्हें खाने से परहेज रखें।

**जीवनशैली:** इन दिनों वही भोजन करें, जो आसानी से पच जाए। अपने मेटाबॉलिज्म, आयु, वजन और काम की शैली के अनुरूप भोजन करना चाहिए ताकि आप फिट रह सकें। नियमित व्यायाम करें। *



डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब सुबह के समय जोड़ों में हो दर्द



**मेरी उम्र 38 वर्ष है। सुबह सोकर उठने और देर तक बैठने के बाद उठने पर घुटनों और शरीर के अन्य जोड़ों में जकड़न महसूस होती है। कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-अंकुर, रायपुर**

इस तरह की समस्या आपको सर्दियों में होती है या गर्मियों में भी, क्योंकि सर्दी के मौसम में हड्डियों संबंधी समस्या काफी देखी जाती है। आपको नियमित रूप में सुबह-शाम एक्सरसाइज शुरू कर देनी चाहिए। साथ ही एक बार आप कैल्शियम और विटामिन डी की जांच करवा लें और अगर कमी हो तो डॉक्टर से संपर्क कर इसकी दवा शुरू कर सकते हैं। पर आपको एक्सरसाइज जरूर करनी चाहिए।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। कुछ समय से मुझे जबड़े में अकड़न लगती है और यह पूरी तरह खुलता भी नहीं है। मैं कई वर्षों से स्मोकिंग करता हूं। कृपया बताएं, ये लक्षण किसी गंभीर बीमारी के संकेत तो नहीं हैं?**

**-कल्पेश, बिलासपुर**

आप स्वयं बता रहे हैं कि लंबे समय से स्मोकिंग कर रहे हैं, लेकिन आपने यह नहीं बताया क्या आप गुटखा भी खातें हैं? क्योंकि समन्य तौर पर स्मोकिंग का सीधा असर जबड़े पर नहीं पड़ता। लेकिन इसके लिए आपको एक बार डॉक्टर से जरूर संपर्क कर लेना चाहिए, क्योंकि जबड़ा ना खुलने का कारण पता लगने पर उसका ट्रीटमेंट शुरू हो सकेगा।

**मेरी उम्र 60 वर्ष है। मुझे भूख बहुत कम लगती है। कुछ भी खाने के बाद खट्टी डकारें आने लगती हैं। कभी-कभी पेट में दर्द भी होने लगता है। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए, कृपया समाधान बताएं।**

**-अमरेंद्र, महेंद्रगढ़**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लगता है कि आपका डाइजेस्टिव सिस्टम गड़बड़ है। यानी, खाना ठीक से पच नहीं रहा है। इस वजह से खट्टी डकार आती है, आप अपनी लाइफस्टाइल और खान-पान, पहले चेंज करिए। खाने में फाइबर जरूर शामिल करें। दोपहर में दही सलाद लें। और एक फल नियमित रूप से खाएं। रात में ज्यादा भारी खाना नहीं खाएं, हल्का खाना खाए और कोशिश करें कि सोने से 3 घंटे पहले डिनर कर ले। इस तरह चेंज करने से आपको आराम मिलेगा। साथ ही बाजार का तला भुना, ऑयली खाना फिलहाल बंद कर दें।

**मेरी उम्र 44 वर्ष है। मुझे सर्वाइकल की समस्या है। अकसर चक्कर आता है, कभी-कभी सिर दर्द भी होता है। कृपया बताइए, मुझे क्या करना चाहिए?**

**-शुभम, महासमुंद**

सर्वाइकल की समस्या का स्थाई इलाज नियमित एक्सरसाइज है। इसके लिए आपको फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क कर सर्वाइकल की एक्सरसाइज सीख लेना चाहिए। अगर बहुत ज्यादा दर्द हो रहा है तो डॉक्टर से संपर्क कर पेनकिलर ले सकते हैं, लेकिन इससे फौरी तौर पर आराम मिलेगा। अगर आपका लंबी सिटिंग वाला काम है तो आपको काम के दौरान बीच-बीच में थोड़ी बहुत सर्वाइकल एक्सरसाइज करते रहना चाहिए।

**मेरी उम्र 41 वर्ष है। कुछ दिनों से मुझे किसी भी खाने में स्वाद महसूस नहीं हो रहा है। इसीलिए डाइट बहुत कम हो गई है। इसकी क्या वजह हो सकती है और मुझे क्या करना चाहिए?**

**-संजय, कोरबा**

आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क कर अपनी जांच करा लेनी चाहिए, कई बार हल्का फीवर होता है जो महसूस नहीं होता, पर उसके लक्षण दिखते हैं। जैसा आप बता रहे हैं कि खाने का स्वाद नहीं आ रहा है, इसलिए आप किसी जनरल फिजिशियन से संपर्क कर जांच कराएं और जरूरत होने पर ट्रीटमेंट शुरू कराएं। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**



# ऑस्ट्रेलियन ओपन : दो सेट हारने के बाद भी सेमीफाइनल में जोकोविच, मुसेट्टी की इंजरी बनी वरदान

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी और पिछले दो बार के चैंपियन यानिक सिनर ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जबकि रिकॉर्ड 10 बार के विजेता नोवाक जोकोविच भाग्य के सहारे अंतिम चार में जगह बनाने में सफल रहे।

जोकोविच पहले दो सेट हार गए थे और वह घर वापस लौट के बारे में सोचने लग गए थे लेकिन तभी भाग्य ने पलटी खाई क्योंकि पांचवीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेटी चोट के कारण टूर्नामेंट से हट गए। सिनर ने एक अन्य मैच में अमेरिका के आठवीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन को दो घंटे 23 मिनट तक चले मैच में 6-3, 6-4, 6-4 से पराजित किया। वह लगातार तीसरी बार खिताब जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल होने से केवल दो जीत दूर हैं। जोकोविच दो बार यह कारनामा कर चुके हैं। सिनर को सेमीफाइनल में अधिक तरोताजा जोकोविच का सामना करना है, जिन्हें चौथे दौर में वाकओवर मिला था। पुरुष वर्ग का अन्य सेमीफाइनल विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और तीसरे वरीय अलेक्जेंडर ज्वेरेव के बीच खेला जाएगा।



### रयबाकिना और पेगुला का सेमीफाइनल में प्रवेश



महिला वर्ग में पांचवीं वरीयता प्राप्त एलिना रयबाकिना और छठी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका आमना सामना होगा। रयबाकिना ने विश्व में दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक को 7-5, 6-1 से जबकि छठी वरीय पेगुला ने हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी और यहां चौथी वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा को 6-1, 7-6 (6-1) से हराया।

### पहली बार सेमीफाइनल में स्वितोलिना



महिला वर्ग में अन्य सेमीफाइनल एरिना सबालेंका ओर एलिना स्वितोलिना के बीच खेला जाएगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका पिछले चार साल में अपना तीसरा ऑस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीतने की कवायद में हैं जबकि स्वितोलिना पहली बार इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची है। पेगुला ने पिछले दौर में 2025 की चैंपियन मैडिसन कीज को हराया और फिर अनिसिमोवा के लगातार तीसरे ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने की उम्मीद पर पानी फेर दिया। पेगुला को उम्मीद है कि वह पिछले साल यहां कीज के प्रदर्शन को दोहराते हुए ऑस्ट्रेलिया में अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीतेगी।

## खबर संक्षेप



### अर्शदीप और हार्दिक होंगे सफलता की कुंजीः रोहित

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप विजेता कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि आगामी टूर्नामेंट में हरफनमौला हार्दिक पंड्या और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह भारत की सफलता की कुंजी होंगे। गत चैंपियन भारत प्रबल दावेदार के रूप में टूर्नामेंट में उतरेगा। रोहित ने कहा, 'जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह दोनों का साथ में होना हमारे लिए बहुत सकारात्मक है क्योंकि दोनों विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। अर्शदीप नई गेंद से स्विंग कराने में माहिर है और शुरुआती विकेट लेता है। वह नई गेंद से और डैथ ओवरों में गेंदबाजी करता है। शुरुआत और अंत बहुत महत्वपूर्ण है और वह दोनों में मजबूत है।' रोहित ने कहा, 'अर्शदीप नई गेंद को स्विंग कराके बाएं हाथ के बल्लेबाजों को स्लिप में कैच आउट करा सकता है और दाहिने हाथ के बल्लेबाजों के पैड को निशाना बना सकता है। उन्होंने कहा,' वह टी20 विश्व कप 2026 में भी भारत के लिए अहम साबित होगा।'

### चेन्नइयिन एफसी ने किया नोगुएरा से करार

**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी ने स्पेन के मिडफील्डर अल्बर्टो नोगुएरा के साथ इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) सत्र के अंत तक का अनुबंध करने की घोषणा की। वह इस सत्र में टीम के साथ जुड़ने वाले दूसरे नये खिलाड़ी है। नोगुएरा को करीब 400 पेशेवर फुटबॉल मैचों का अनुभव है।



उन्होंने स्पेन, इंग्लैंड, अजरबैजान और भारत में लंबे समय तक खेलने का अनुभव है। वह इससे पहले आईएसएल में एफसी गोवा, मुंबई सिटी एफसी और बेंगलुरु एफसी का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इस मिडफील्डर ने 2020 से आईएसएल के पांच सत्रों में तीन क्लबों के लिए 90 से अधिक मुकाबले खेले हैं। उन्होंने इस दौरान 14 गोल किए और 15 गोल में मददगार की भूमिका निभाई। चेन्नईयिन एफसी से जुड़ने पर नोगुएरा ने कहा, जो कुछ भी हुआ है उसके बाद नए सत्र को लेकर मैं वास्तव में खुश और उत्साहित हूं।

### मुंबई के खिलाफ रणजी ट्रॉफी नहीं खेलेंगे बडोनी और आर्य

**नई दिल्ली।** आयुष बडोनी और प्रियांश आर्य गुरुवार को मुंबई के खिलाफ दिल्ली के आखिरी रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मैच में नहीं खेलेंगे। यह मुकाबला बीकेसी ग्राउंड पर आयोजित होगा। टेबल-टॉपर मुंबई पहले ही नॉकआउट के लिए क्वालीफाई कर चुकी है।



ऐसे में छठे स्थान पर मौजूद दिल्ली अच्छे नोट पर घरेलू सीजन का अंत करना चाहती है। आयुष बडोनी और प्रियांश आर्य को मेंस टी20 वर्ल्ड कप के दो वार्म-अप मुकाबलों के लिए इंडिया ए टीम में शामिल किया गया है। बडोनी इंडिया ए के लिए चार-दिवसीय और लिस्ट-ए मैच खेल चुके हैं। वह प्रियांश आर्य के साथ इंडिया ए टीम में वापसी करेंगे।

## टी20 रैंकिंग : टीम इंडिया सीरीज पर पहले ही अपना कब्जा कर चुकी


# न्यूजीलैंड ने भारत को 50 रन से हराया, शिवम दुबे ने खेली विस्फोटक पारी, सीरीज 3-1 पर

दुबई

न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए चौथे टी20 मैच को अपने नाम किया. बुधवार को कीवी टीम ने भारत के खिलाफ मैच 50 रन से अपने नाम करते हुए सीरीज में आखिरकार जीत का खाता खोला. हालांकि, टीम इंडिया सीरीज पर पहले ही अपना कब्जा कर चुकी है. टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी कीवी टीम ने सलामी जोड़ी के बीच शतकीय साझेदारी के दम पर 7 विकेट खोकर 215 रन बनाए. डेवोन कॉन्वे ने टिम सीफर्ट के साथ 8.2 ओवरों में 100 रन की साझेदारी की. दोनों बल्लेबाजों ने महज 8.1 ओवरों में टीम को शतक तक पहुंचाया. यह भारतीय सरजमीं पर टी20 फॉर्मेट में टीम इंडिया के खिलाफ किसी टीम का सबसे तेज शतक भी रहा. कॉन्वे 23 गेंदों में 3 छक्कों और 4 चौकों के साथ 44 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद सीफर्ट ने मोर्चा संभालने की कोशिश की. उन्होंने 36 गेंदों में 62 रन जुटाए. सीफर्ट की इस पारी में 3 छक्के और 7 चौके शामिल रहे.



### ईशान ने रैंकिंग में फिर से किया प्रवेश




रायपुर में खेले गए दूसरे मैच में 32 गेंदों पर 76 रन बनाने वाले ईशान किशन ने 64वें स्थान पर रैंकिंग में फिर से प्रवेश किया है। शिवम दुबे (नौ स्थान ऊपर 58वें स्थान पर) और रिंकू सिंह (13 स्थान ऊपर 68वें स्थान पर) को भी अपने अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला है। दुबई में वेस्टइंडीज के खिलाफ 2-1 से श्रृंखला जीतने के दौरान शानदार प्रदर्शन करने वाले अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान दो पायदान ऊपर चढ़कर 13वें और रहमानुल्लाह तीन पायदान ऊपर चढ़कर 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे दरवेश रसूली 29 पायदान ऊपर चढ़कर 87वें स्थान पर पहुंच गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडन मार्क्रम वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले मैच में 47 गेंदों पर खेली गई 86 रन की नाबाद पारी के दम पर शीर्ष 20 में पहुंच गए हैं। वेस्टइंडीज के ब्रैंडन किंग (15 स्थान ऊपर 35वें स्थान पर) और न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स (18 स्थान ऊपर 44वें स्थान पर) को भी फायदा हुआ है।

### बुमराह चढ़े चार पायदान ऊपर, पहुंचे 13वें स्थान पर

टी20 में गेंदबाजों की रैंकिंग में अफगानिस्तान के स्पिनर मुजीब उर रहमान पांच पायदान ऊपर नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत के जसप्रीत बुमराह (चार पायदान ऊपर 13वें स्थान पर) और रवि बिश्नोई (13 पायदान ऊपर 19वें स्थान पर) की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। दक्षिण अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश आठ पायदान ऊपर चढ़कर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 32वीं रैंकिंग पर पहुंच गए हैं।



### पंड्या ने लगाई 18 पायदान की छलांग



भारत के हार्दिक पंड्या ने तीन मैचों में चार विकेट लेकर गेंदबाजी रैंकिंग में 18 पायदान की छलांग लगाई है और वह 59वें स्थान पर पहुंच गए हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में भी वह दो पायदान ऊपर चढ़कर 53वें स्थान पर काबिज हो गए हैं। पंड्या ऑलराउंडरों की रैंकिंग में एक पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर आ गए हैं। वनडे रैंकिंग में इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक 17 पायदान ऊपर 11वें और जो रुट 23वें से 17वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## टाटा स्टील शतरंज मास्टर्स

# आर प्रज्ञानानंदा की पहली जीत एरिगैसी ने खेला ड्रा, गुकेश हारे



एजेंसी ▶▶| विज्क आन ली

विश्व चैंपियन डी. गुकेश को टाटा स्टील मास्टर्स में के नौवें दौर में जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम के खिलाफ पराजय झेलनी पड़ी, जबकि अर्जुन एरिगैसी को अमेरिका के हैंस मोक नीमैन के साथ ड्रॉ से संतोष करना पड़ा।

कैंडिडेट्स टूर्नामेंट का टिकट पक्का करने वाले इकलौते भारतीय आर प्रज्ञानानंदा ने टूर्नामेंट में पहली बार सफलता का स्वाद चखा। विश्व कप विजेता जावोखिर सिंदारोव उज्बेकिस्तान के हमवतन नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के साथ बराबरी की बाजी खेली। अब्दुसत्तोरोव छह अंकों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं।

सिंदारोव नीदरलैंड्स के जोर्डन वान फोरेस्ट और तुर्किये के यागिज कान एरदोग्मुस के साथ 5.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। टूर्नामेंट में अब चार दौर शेष है और नीमैन पांच अंक के साथ इनके ठीक पीछे हैं। गुकेश, प्रज्ञानानंदा और अर्जुन के खाते में चार-चार अंक हैं।

### भारतीय खिलाड़ियों के लिए खिताब जीतना मुश्किल

भारतीय खिलाड़ियों के लिए अब खिताब जीतना काफी मुश्किल हो गया है। गुकेश की हार परेशान करने वाली रही क्योंकि वह सफेद मोहरों से खेल रहे थे। उन्होंने 37 चाल के बाद हार मान ली। प्रज्ञानानंदा ने हमवतन अरविंद चिदंबरम को हराकर टूर्नामेंट की पहली जीत दर्ज की। उनके लिए बड़ा सवाल यही है कि क्या यह जीत बहुत देर से आई। दिन का सबसे प्रभावशाली मुकाबला पूर्व चैंपियन फोरेस्ट ने खेला। उन्होंने जर्मनी के विंसेंट कीमर को महज 26 चालों में शिकस्त दी। तुर्किये की 14 साल के एरदोग्मुस तेजी से दुनिया के सबसे युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ी की तरह उभर रहे हैं। उन्होंने चेक गणराज्य के थाई दाई वान गुयेन को हराकर एक और प्रभावशाली सफलता हासिल की। एरिगैसी ने सफेद मोहरों से खेलते हुए अच्छी शुरुआत लेकिन वह लय को बरकरार नहीं रख सके और नीमैन ने कुछ अच्छी चालों के बाद उन्हें इस बाजी को बराबरी पर खत्म करने के मजबूर किया।

## डब्ल्यूपीएल

# दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान जेमिमा पर लगा जुर्माना



एजेंसी ▶▶| वडोदरा

दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स पर महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में गुजरात जायंट्स के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली कैपिटल्स की टीम मंगलवार को बड़ौदा क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) स्टेडियम में खेले गए मैच में तीन रन से मैच हार गई थी, जिससे वह अंक तालिका में चौथे स्थान पर खिसक गई। डब्ल्यूपीएल ने बयान में कहा, 'दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स पर मंगलवार को वडोदरा के बीसीए स्टेडियम में गुजरात जायंट्स के खिलाफ मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है।' इसमें आगे कहा गया है, 'इस सत्र में यह पहला अवसर है जबकि उनकी टीम ने निर्धारित समय में ओवर पूरे नहीं किए, इसलिए जेमिमा पर डब्ल्यूपीएल की आचार संहिता के तहत 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।'

### यूपी वॉरियर्स की लिचफील्ड इंजर्ड, एमी जोन्स टीम में

यूपी वॉरियर्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के बाकी बचे मैचों के लिए चोटिल फीबी लिचफील्ड की जगह इंग्लैंड की विकेटकीपर बल्लेबाज एमी जोन्स को अपनी टीम में शामिल किया है। टीम की तरफ से सर्वाधिक रन बनाने वाली लिचफील्ड चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गई है, जिससे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ गुरुवार को होने वाले महत्वपूर्ण मुकाबले से पहले वॉरियर्स की प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज लिचफील्ड इस सत्र में छह मैचों में 243 रन बनाकर सर्वाधिक रन बनाने वाले शीर्ष तीन बल्लेबाजों में शामिल हैं। जोन्स ने 125 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और 1,666 रन बनाए हैं। डब्ल्यूपीएल ने बताया कि वह 50 लाख रुपए में वॉरियर्स की टीम में शामिल होंगी। वॉरियर्स ने अभी तक छह मैचों में दो जीत से चार अंक हासिल किए हैं। उसे प्लेऑफ में जगह बनाने की अपनी उम्मीद को बरकरार रखने के लिए बड़ी जीत की जरूरत है।



# टी20 सीरीज : ऑस्ट्रेलियाई टीम पहुंची पाकिस्तान

**लाहौर।** मिचेल मार्श की अगुवाई में ऑस्ट्रेलिया की टीम लाहौर पहुंच गई, जहां वह पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगी। यह श्रृंखला ऐसे समय में आयोजित की जाएगी जब अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। इस श्रृंखला को पाकिस्तान के टी20 विश्व कप की तैयारी के अंतिम चरण के रूप में देखा जा रहा है, लेकिन यह देखना बाकी है कि क्या राष्ट्रीय टीम को भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में सात फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए सरकार की मंजूरी मिलेगी या नहीं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ के साथ बैठक के बाद कहा था कि सभी विकल्प खुले हैं और फैसला शुक्रवार या अगले सोमवार तक लिया जाएगा।




# रायपुर में सजेगा अंतरराष्ट्रीय गोल्फ का मंच, 1.5 करोड़ की इनामी राशि के लिए भिड़ेंगे 126 खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर एक बार फिर भारतीय खेल मानचित्र पर अपनी चमक बिखेरने के लिए तैयार है। प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया ने 'छत्तीसगढ़ ओपन 2026' के दूसरे संस्करण की घोषणा कर दी है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारत सहित विदेशों के कुल 126 पेशेवर गोल्फर हिस्सा लेंगे, जो 1.5 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड इनामी राशि के लिए अपनी चुनौती पेश करेंगे। पिछले साल की शानदार सफलता के बाद, इस दूसरे संस्करण ने छत्तीसगढ़ को वैश्विक गोल्फ पर्यटन और विश्व स्तरीय खेल आयोजनों के उभरते हुए केंद्र के रूप में स्थापित कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की मौजूदगी और बड़ी इनामी राशि इस टूर्नामेंट को और अधिक रोमांचक बनाएगी, जिससे भारतीय खिलाड़ियों को विदेशी दिग्गजों के खिलाफ अपना कौशल परखने का बेहतरीन अवसर मिलेगा।

पिछले साल की शानदार सफलता के बाद दूसरे संस्करण ने छत्तीसगढ़ को वैश्विक गोल्फ केंद्र के रूप में होगा स्थापित



### मैदान में उतरेंगे दिग्गज खिलाड़ी

इस टूर्नामेंट में भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी जैसे वीर अहलावत, अर्जुन प्रसाद, मनु गंडास, अंगद चीमा और खालिन जोशी अपनी दावेदारी पेश करेंगे। वहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रीलंका केएन थंगराजा विदेशी चुनौती की अगुवाई करेंगे।

### चार दिनों तक दिखेगा रोमांच

छत्तीसगढ़ ओपन 2026 के दौरान चार दिनों तक उच्च स्तरीय चैंपियनशिप गोल्फ देखने को मिलेगा। इस आयोजन से न केवल खेल प्रेमियों को रोमांच मिलेगा, बल्कि डिजिटल और मीडिया कवरेज के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मध्य भारत के बढ़ते कद को भी पहचान मिलेगी।

### गोल्फ को देश के नए क्षेत्रों तक ले जाना हमारा मुख्य लक्ष्य


भारतीय क्रिकेट के दिग्गज और पीजीटीआई के अध्यक्ष कपिल देव ने इस अवसर पर कहा की प्रोफेशनल गोल्फ को देश के नए क्षेत्रों तक ले जाना हमारा मुख्य लक्ष्य है। रायपुर ने गोल्फ के प्रति जबरदस्त उत्साह दिखाया है। मेरा सपना है कि देश के हर कोने से प्रतिभाशाली युवा गोल्फर निकलें और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का मान बढ़ाएं।

## इगा ने कहा- थोड़ी निजता मिल जाए तो अच्छा होगा

# हम टेनिस खिलाड़ी, चिड़ियाघर के जानवर नहीं : स्वियातेक

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

इगा स्वियातेक ने उसी विषय को आगे बढ़ाया जिसे कोको गॉफ ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में मंगलवार को उठाया था। अमेरिका की 21 वर्षीय खिलाड़ी गॉफ का क्वार्टर फाइनल में हारने के बाद कोर्ट के बाहर निराशा में रैकेट तोड़ने का वीडियो वायरल हो गया था जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई थी। गॉफ ने कहा था कि उन असीमित पहुंच वाले कैमरों के बारे में विचार करने की जरूरत है, जो खिलाड़ियों को लॉकर रूम से लेकर कोर्ट तक और बीच में लगभग हर जगह ट्रैक करते हैं। स्वियातेक से बुधवार को पांचवीं वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना से क्वार्टरफाइनल में 7-5, 6-1 से हारने के बाद पूछा गया कि खिलाड़ियों के लिए ऐसे क्षेत्रों की कमी के बारे में वह कैसा महसूस करती हैं, जहां कैमरों की नजर ना हो। स्वियातेक ने कहा, 'सवाल यह है कि हम टेनिस खिलाड़ी हैं या हम चिड़ियाघर के जानवरों की तरह हैं, जहां उनकी शौच करते समय भी निगरानी की जाती है, आप जानते हैं ना?' उन्होंने अपने आखिरी संदर्भ के लिए माफी मांगते हुए कहा, 'ठीक है, यह स्पष्ट रूप से अतिशयोक्ति थी, लेकिन थोड़ी निजता मिल जाए तो अच्छा होगा। यह भी अच्छा होगा कि आपकी अपनी प्रक्रिया हो और आपको हमेशा किसी की निगरानी में नहीं रहना पड़े।'



### स्वियातेक का हुआ वीडियो वायरल

स्वियातेक के पहचान पत्र भूल जाने के बाद सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोक दिया था, जिसका वीडियो वायरल हो गया था। यह सब तब हुआ जबकि वह महिला टेनिस की दिग्गज खिलाड़ी हैं और उन्होंने चार फ्रेंच ओपन के साथ-साथ विंबलडन और यूएस ओपन भी जीते हैं। लेकिन सुरक्षा तो सुरक्षा ही होती है। अन्य प्रतियोगिताओं में भी खिलाड़ियों की गतिविधियों पर कैमरे की नजर होती है और ऑस्ट्रेलियाई ओपन इस मामले में अपवाद नहीं है। स्टेडियम के गैर सार्वजनिक क्षेत्रों के कुछ दृश्य हमेशा प्रसारित नहीं होते हैं, लेकिन खिलाड़ियों को यह याद दिलाने की जरूरत नहीं है कि कैमरे में कैद होने वाले कुछ पल प्यारे, जानकारीपूर्ण या फिर बेहद नाटकीय होने के कारण वायरल हो जाते हैं।




**हाईकोर्ट ने कहा**

**आयुष्मान भारत योजना में एनएबीएच सर्टिफिकेट अनिवार्य करने को चुनौती निरस्त**

# मप्र शासन ने लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने लिया फैसला, नहीं कर सकते हस्तक्षेप

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत निजी अस्पतालों के एम्पैनलमेंट से जुड़ी नीति को चुनौती देने वाली जनहित याचिका निरस्त कर दी। प्रशासनिक न्यायाधीश विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने अपने आदेश में साफ किया कि राज्य शासन ने यह कदम जनता को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उठाया है। लिहाजा, हाईकोर्ट हस्तक्षेप नहीं करेगा। जिन अस्पतालों को एम्पैनलमेंट या नवीनीकरण से आपत्ति है, वे खुद कोर्ट आ सकते हैं। जिन अस्पतालों को 10 अक्टूबर 2025 के आदेश से तीन साल का सशर्त विस्तार मिला है, उन्हें याचिकाकर्ता ने पक्षकार ही नहीं बनाया। इसलिए जनहित याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। हालांकि कोर्ट ने जनहित याचिका को निरस्त करते हुए स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार के इस आदेश से प्रभावित निजी अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के अधिकार प्रभावित नहीं होंगे। वे चाहें तो अलग से हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते हैं।

जनहित याचिकाकर्ता बिलहरी, जबलपुर निवासी देवेंद्र दत्त शर्मा ने 23 सितंबर, 2025 और 10 अक्टूबर, 2025 को मप्र सरकार द्वारा जारी आदेशों को चुनौती दी थी। इन आदेशों के तहत भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर जैसे बड़े शहरों में केवल उन्हीं निजी अस्पतालों को आयुष्मान भारत योजना के तहत सूचीबद्ध करने का प्रविधान किया गया



था, जिनके पास एनएबीएच फाइनल लेवल क्वालिटी सर्टिफिकेट है। जनहित याचिका में दावा किया गया था कि यह शर्त छोटे और मध्यम स्तर के अस्पतालों के लिए नुकसानदेह है और इससे गरीब मरीजों को बड़े कार्पोरेट अस्पतालों पर निर्भर होना पड़ेगा। इस नियम के अमल में आने से प्रदेश के बड़ी संख्या में छोटे और माध्यम अस्पताल बंद हो जाएंगे। इससे प्रदेश भर में स्वास्थ्य सेवाओं पर बुरा असर पड़ेगा।

राज्य शासन की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत सिंह रूपराह व पैनल अधिवक्ता आकाश मालपानी ने जनहित याचिका का विरोध किया। उन्होंने दलील दी कि इस मामले से जनहित याचिकाकर्ता का कोई प्रत्यक्ष सरोकार नहीं है। कायदे से इस मुद्दे पर अस्पतालों को आगे आना था, लेकिन वो नहीं आए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने प्रतिबद्ध है। ऐसे में एम्पेनलमेंट के लिए बनाए गए नियमों को गलत नहीं ठहराया जा सकता।

**दोषमुक्ति को चुनौती देने वाली अपील निरस्त**

## दहेज हत्या प्रकरण में क्रूरता साबित करना आवश्यक : हाईकोर्ट

**जबलपुर ।** मप्र हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में साफ किया कि दहेज हत्या प्रकरण में क्रूरता साबित करना आवश्यक है। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस बीपी शर्मा की डिवीजन बेंच ने कहा कि यदि अभियोजन पक्ष के गवाह क्रूरता साबित नहीं कर पाते हैं , तो आरोपी को सजा से दंडित नहीं किया जा सकता है। लिहाजा, दोषमुक्ति के आदेश को चुनौती देने वाली अपील निरस्त की जाती है।

दरअसल, जिला अदालत, डिंडौरी ने अनावेदक को दोषमुक्त करार दे दिया था। जिसके विरुद्ध राज्य शासन की ओर से अपील दायर की गई थी। प्रकरण के अनुसार सुनीता से रणजीत सिंह से जून, 2020 में प्रेम विवाह किया था। शादी के एक साल के अंदर ही पति के साथ हुए कथित झगड़े के बाद उसने 29 अप्रैल, 2021 को आत्महत्या करने खुद को आग लगा ली थी और अगले दिन उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी पति के दहेज हत्या का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया था। डिंडौरी न्यायालय ने प्रकरण की सुनवाई करते हुए आरोपी पति को दोषमुक्त कर दिया था। हाई कोर्ट ने पाया कि अभियोजन की गवाह तथा मृतिका की बहन ने स्वीकार किया कि दोनों में प्रेम विवाह किया था। आरोपी की ओर से दहेज की मांग नहीं की गई थी। ससुराल पक्ष द्वारा आरोपित को आटो सुधरवाने के लिए 16 हजार रुपये दिए गए थे। मृतिका की मां ने भी इसी प्रकार के बयान दिए थे। उन्होंने अपने बयान में कहा था कि सुनीता विवाह से पूर्व लगभग नौ माह तक आरोपित के साथ लव रिलेशनशिप में थी। वह दोनों के विवाह से खुश नहीं थी। उसके भाई ने भी अपने बयान में कहा था कि नौकरी के कारण वह भोपाल में था और वह बहन की शादी में शामिल नहीं हुआ था। उन्होंने स्वीकार किया कि उनके समाज में पारिवारिक विवाद के लिए पंचायत बुलाई जाती थी। शादी के बाद से विवाद के संबंध में कोई पंचायत नहीं बुलाई गई थीं और पुलिस में भी शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी। मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार मौत का कारण हार्ट फेलियर था। पीठ ने अपने आदेश में कहा है कि एक बार जब अभियोजन के गवाहों ने दहेज या दहेज की मांग से जुड़ी क्रूरता साबित नहीं की तो आरोपी को सजा नहीं हो पाती। जिला न्यायालय ने अपने फैसले में कोई गलती नहीं की है।

# हाईकोर्ट ने सहायक आयुक्त को जारी किया अवमानना नोटिस

**आदेश के बाद भी निर्धारित समयावधि में अभ्यावेदन का निराकरण न करने का मामला**

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने पूर्व आदेश के बाद भी सहायक आयुक्त आदिवासी विकास अनूपपुर द्वारा निर्धारित समयावधि में अभ्यावेदन का निराकरण न किए जाने के रवैये को आड़े हाथों लिया। जस्टिस द्वारिकाधीश बंसल की सिंगल बेंच ने इसी के साथ सहायक आयुक्त को अवमानना नोटिस जारी करते हुए जवाब-तलब कर लिया। अवमानना याचिकाकर्ता अनूपपुर निवासी सुल्तान सिंह की ओर से दायर याचिका में कहा गया था कि उनके पिता आदिवासी विभाग में सहायक अध्यापक के पद पर पदस्थ थे। सेवाकाल के दौरान उसके पिता की अक्टूबर, 2017 में मौत हो गई थी। पिता की मौत के बाद याचिकाकर्ता ने शासन के नियमानुसार अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया था। विभाग के द्वारा आवेदन निरस्त किए जाने पर के विरुद्ध हाई कोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन पर तीन माह में निर्णय लेने के लिए सहायक आयुक्त को निर्देशित किया गया था। आदेश के बावजूद सरिता नायक सहायक आयुक्त ने निर्धारित समय-सीमा में अभ्यावेदन का निराकरण नही किया। जिसके कारण अवमानना याचिका दायर की गई।

# भारतीय सेना को मजबूती: व्हीएफजे में ओवरहाल हुए T-72 टैंक ले. जनरल औजेला ने दिखाई हरी झंडी

**जबलपुर।** आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड (AVNL) की इकाई व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर (VFJ) में पायलट प्रोजेक्ट के तहत ओवरहाल किए गए पहले दो T-72 टैंकों को लेफ्टिनेंट जनरल अमरदीप सिंह औजेला, मास्टर जनरल सस्टिनेंस (एमजीएस) ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर एवीएनएल के सीएमडी संजय द्विवेदी, डायरेक्टर ऑपरेशंस एवं एचआर सत्यब्रत मुखर्जी, सीजीएम वीएफजे प्रवीण कुमार, मेजर जनरल प्रभजोत सिंह भाटी, मेजर जनरल आर.एस. सुंदरम, सीक्यूए नियंत्रक एस.पी. डेकेट एवं सीजीएम जीसीएफ राजीव गुप्ता सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। भारतीय सेना की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए AVNL द्वारा HVF की ओवरहॉल क्षमता के विस्तार हेतु VFJ को चयनित किया गया था, जिसके अंतर्गत वर्ष 2025 में पायलट ओवरहॉल की स्वीकृति मिली। VFJ ने सेना द्वारा निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप समयबद्ध रूप से ओवरहॉल पूरा कर अपनी क्षमता सिद्ध की। समारोह में ले. जनरल औजेला ने VFJ टीम की सराहना करते हुए भविष्य में बड़े पैमाने पर टैंकों की ओवरहॉलिंग का विश्वास जताया।



# जबलपुर से होकर चलेगी सूबेदारगंज-एलटीटी स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर।** रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 04115/04116 सूबेदारगंज-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-सूबेदारगंज के मध्य स्पेशल फेयर पर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। इस स्पेशल ट्रेन का पश्चिम मध्य रेल के सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया एवं इटारसी के स्टेशनों के यात्रियों को भी लाभ मिलेगा।



ट्रेन संख्या 04115/04116 सूबेदारगंज-एलटीटी-सूबेदारगंज साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

गाड़ी संख्या 04115 सूबेदारगंज-एलटीटी स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरुवार दिनाँक 05 मार्च 2026 से 26 दिसम्बर 2030 तक सूबेदारगंज स्टेशन से दोपहर 12:10 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सतना मध्यरात्रि 00:15 बजे, मैहर 00:48 बजे, कटनी 01:55 बजे, जबलपुर 03:20 बजे, नरसिंहपुर 04:33 बजे, पिपरिया 05:38 बजे, इटारसी 07:40 बजे पहुँचकर और शुक्रवार रात 20:50 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुँचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04116 एलटीटी-सूबेदारगंज स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार दिनाँक 06 मार्च 2026 से 27 दिसम्बर 2030 तक लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से रात 22:50 बजे प्रस्थान कर, दूसरे दिन इटारसी सुबह 11:15 बजे, पिपरिया 12:24 बजे, नरसिंहपुर 13:30 बजे, जबलपुर दोपहर 15:30 बजे, कटनी 16:50 बजे, मैहर 17:43 बजे, सतना 18:50 बजे, पहुँचकर और तीसरे दिन रविवार सुबह 07:30 बजे सूबेदारगंज स्टेशन पहुँचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 06 एसी-3 टियर, 04 एसी-3 टियर इकॉनमी, 06 स्लीपर क्लास, 04 जनरल सेकेंड और 01 जनरेटरकार, 01 एसएलआरडी सहित 22 कोच रहेंगे। यह गाड़ी दोनों दिशाओं में फतेहपुर, गोविन्दपुरी, भरुआसुमेरपुर, रागौल, बाँदा, चित्रकूटधाम कर्वी, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी, खण्डवा, भुसावल, नासिक रोड,कल्याण एवं ठाणे स्टेशनों पर रुकेगी।

# आइकॉनिक ब्रिज हादसे की दिल्ली भेजी गई रिपोर्ट

***लापरवाही किसकी उच्चस्तरीय जांच होगी***

**जबलपुर।** न्यू भेड़ाघाट के ललपुर क्षेत्र में नर्मदा नदी पर बन रहे आइकॉनिक ब्रिज में गत 25 जनवरी की देर रात हुए हादसे ने शासन-प्रशासन को सतर्क कर दिया है। रिंग रोड फेज-2 परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन इस पुल के पिलर की सेंटिंग गिरने से हुई घटना को गंभीर मानते हुए उच्च स्तरीय जांच के निर्देश दिए गए हैं। मामले की पूरी रिपोर्ट तैयार कर दिल्ली स्थित केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय को भेज दी गई है। घटना रविवार रात 25 जनवरी को उस समय हुई, जब पिलर क्रमांक-22 पर कंक्रीट ढलाई का कार्य चल रहा था। लगभग 100 फीट की ऊंचाई पर लगी लोहे की सेंटिंग अचानक असंतुलित होकर नीचे गिर



गई। मलबे की चपेट में आने से पश्चिम बंगाल के रहने वाले 35 वर्षीय मजदूर मुरसलीम की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि दो अन्य श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को तुरंत मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

हादसे की सूचना मिलते ही एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अमृतलाल साहू सहित अन्य अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और प्रारंभिक निरीक्षण किया। शुरुआती जांच में नट-बोल्ट ढीले होने अथवा किसी तकनीकी त्रुटि की संभावना जताई जा रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने पूरे मामले की फाइल केंद्रीय मंत्रालय को भेज दी है।

### विशेषज्ञों की टीम करेगी जांच

सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय स्तर पर विशेषज्ञों की एक टीम गठित की जाएगी, जो मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता, तकनीकी पहलुओं और सुरक्षा मानकों की विस्तार से जांच करेगी। इधर स्थानीय पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि ऊंचाई पर कार्य के दौरान मजदूरों की सुरक्षा के लिए तय मानकों और इंतजामों का पालन किया गया था या नहीं। गौरतलब है कि यह आइकॉनिक ब्रिज जबलपुर रिंग रोड परियोजना का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसे नर्मदा नदी पर एक विशिष्ट और आधुनिक संरचना के रूप में विकसित किया जा रहा है। हादसे के बाद निर्माण स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं, जिनका जवाब अब जांच के बाद ही सामने आएगा।

**भुगतान नहीं मिलने पर फसल वापस लेने पहुंचे हजारों किसान**

# मजीठा के किसानों ने वेयर हाउस को घेरा

हरिभूमि जबलपुर।

भेड़ाघाट क्षेत्र अतंर्गत मजीठा में पिछले 6 माह से मूंग और उड़द की फसल का भुगतान न होने से नाराज हजारों .किसानों ने वेयरहाउस को घेर लिया। लगभग 1 सैकड़ा ट्रेक्टर ट्रालियों पर पहुंचे किसानों की मांग थी कि या तो उन्हें उनकी फसल का तत्काल ही भुगतान प्राप्त हो, अन्यथा वे वेयरहाउस में रखी अपनी फसल वापस ले जायेंगे। भारत कृषक समाज और भारत किसान संघ सहित अन्य संगठनों ने वेयरहाउस के समक्ष धरना प्रदर्शन कर रहे किसानों को अपना पूरा समर्थन दिया है। दोपहर बाद तक किसान एमएलटी वेयर हाउस मजीठा के समक्ष जमा थे और फसल वापसी की मांग पर अड़े थे। इस दौरान सूचना पाकर एसडीएम शहपुरा भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने किसानों को समझाईश देने का प्रयास किया, परंतु किसान आलाअधिकारियों से बातचीत को अड़े रहे।

उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा एमएसपी दर पर किसानों से ग्रीष्मकालीन



मूंग, उड़द का उपार्जन एमएलटी वेयर हाउस मजीठा में सेवा सहकारी समिति बसेड़ी द्वारा किया गया। 6 माह बीत चुके हैं लेकिन अभी तक किसानों को इसका भुगतान नहीं हुआ। इस संदर्भ में किसानों ने एसडीएम शहपुरा को ज्ञापन सौंपकर अपनी पीड़ा भी व्यक्त की। यहीं नहीं उन्होंने खून से लिखा पत्र भी सौंपा। पीड़ित किसानों ने बताया कि भुगतान नहीं होने से उनकी आर्थिक स्थिति दिनों दिन खराब होती जा रही है, वे अधिकारियों के चक्कर काटकर परेशान हो चुके हैं। लेकिन कोई सुनने तैयार नहीं हैं। इस स्थिति में यदि प्रशासन भुगतान नहीं कर पा रहा तो उन्हें उनकी उपज ही वापिस दे दी जाए। इसी मुद्दे को लेकर बुधवार को हजारों पीड़ित किसान उपार्जन प्राप्त करने के लिए भेड़ाघाट स्थित एम एलटी मजीठा वेयर हाउस पहुंचे। जहां उन्होंने अपनी उपार्जन वापिस पाने की मांग मजबूती के साथ रखी।

### क्या है मामला

म.प्र. सरकार द्वारा ग्राष्मकालीन फसल मूंग उड़द का उपार्जन सहकारी समिति बसेड़ी के माध्यम से एम एल टी वेयर हाउस मजीठा में किया गया था। किसानों का करोड़ों रुपए का भुगतान प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अटकाया गया। किसानों ने आरोप लगाया कि उन्हें फर्जी बताने की चाल चली गई। मूंग उड़द की खरीदी बंद होने उपरांत वेयर हाउस की जांच में अनियमितता एवं कम माल पाए जाने के बाद कार्रवाई भी की गई। प्रशासन द्वारा समिति प्रभारी वेयर हाउस संचालक एवं सम्मिलित अन्य कर्मचारियों पर किसानों के साथ धोखाधड़ी एवं खरीदी में घोटाले पर एफआईआर भी दर्ज कराई गई। किसानों का आरोप है कि जिन अधिकारियों को जांच सौंपी गई, उन्होंने ही आरोपियों के साथ मिलकर किसानों के खिलाफ षडयंत्र रचा, जिसका खामियाजा अब उन्हें भुगतना पड़ रहा है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240